हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11



खेल

रियान पर 'वेपिंग' के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया, डिमेरिट पॉइंट भी...

देश

एमपी के आर्काइव में मिला तात्या टोपे का 1857 का पत्र, विद्रोह से जुड़े अनसुलझे...



Page 09



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 01 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 149 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,38,100 | ₹ 2,50,000 |

## आज का इतिहास

**1923** : 1 मई, 1923 से श्रमिक दिवस, जिसे श्रमिक दिवस के रूप में भी जाना जाता है, भारत में मनाया जाता है। लेबर किसान पार्टी ऑफ़ हिंदुस्तान ने चेन्नई में पहली बार मद्रास हाई कोर्ट के सामने और ट्रिप्लिकेन बीच पर इस दिन मजदूर दिवस समारोह का आयोजन किया। श्रमिक वर्गों के महत्व को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर के अधिकांश देश 1 मई को श्रमिक दिवस के रूप में आधिकारिक अवकाश मनाते हैं।

**1960** : बंबई पुनर्गठन अधिनियम के तहत् महाराष्ट्र को आधिकारिक रूप से भारत सरकार का अलग राज्य घोषित किया गया।

मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ की बैठक, कहा

# अपराध की किसी भी घटना में दोषियों की शीघ्र हो गिरफ्तारी

### महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर सख्ती बरतने का निर्देश

निज संवाददाता | पटना

बिहार में सुशासन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला एवं समीक्षात्मक बैठक में कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं और जनसेवा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की। अधिवेशन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें प्रशासन और पुलिस के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अपने 27 वर्षों के राजनीतिक अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी जिले में यदि जिलाधिकारी और एसपी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ काम करें, तो अधिकांश समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय में बैठकर आम जनता की समस्याएं सुनें और उनका त्वरित समाधान करें।



### कानून का राज कायम रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में साफ कहा कि राज्य में क्राइम, करप्शन और कम्युनिलिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सुशासन का वास्तविक प्रभाव तभी दिखेगा, जब आम लोगों को समय पर न्याय और सुविधाएं मिलें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कानून का राज कायम रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### औद्योगिक विकास पर जोर

औद्योगिक विकास पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 20 नवंबर 2026 तक 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किए जाएं और निवेशकों को हर स्तर पर सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उद्योगपतियों को भरोसेमंद माहौल मिलेगा, तो वे बिहार में निवेश बढ़ाएंगे और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर भी मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि "पुलिस दीदी" जैसे कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्राएं सुरक्षित रूप से स्कूल आ-जा सकें। अपराध की किसी भी घटना में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और 48 घंटे के भीतर चार्जशीट दाखिल करने पर जोर दिया गया।

बैठक में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रशासनिक सुधारों का भी उल्लेख किया गया, साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए विकास कार्यों की सराहना की गई। मुख्यमंत्री ने शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, नारकोटिक्स के खिलाफ सख्त अभियान और अवैध कारोबार पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार पर जोर देते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि जिला अस्पतालों को 1 जुलाई तक और अनुमंडल अस्पतालों को 15 अगस्त तक बेहतर सुविधाओं से लैस किया जाए, ताकि मरीजों को अनावश्यक रूप से बाहर रेफर न करना पड़े। साथ ही सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल और डिग्री कॉलेजों की गुणवत्ता सुधारने पर भी बल दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है। इसके लिए प्रशासन को योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर नियमित शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का 30 दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, डीजी (ऑपरेशन) कुंदन कृष्णन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार में 55 दिनों बाद खत्म हुई राजस्व अधिकारियों की हड़ताल, चार मई से काम पर लौटेंगे सीओ-आरओ

- आम लोगों को अब राहत, लंबित मामलों के निपटान में तेजी की उम्मीद

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व सेवा से जुड़े अधिकारियों की लंबी चली हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई है। करीब 55 दिनों तक चले गतिरोध के बाद सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार और अधिकारियों के बीच गुरुवार को हुई वार्ता में सहमति बन गई। इसके बाद बिहार संयुक्त राजस्व सेवा महासंघ ने सामूहिक अवकाश खत्म करने का ऐलान करते हुए 4 मई से काम पर लौटने की घोषणा की है।

हड़ताल खत्म होने के साथ ही राज्य के अंचल कार्यालयों में लंबित जमीन से जुड़े कार्य—जैसे दाखिल-खारिज, निबंधन, भूमि विवाद निपटान—फिर से सुचारु रूप से शुरू होने की उम्मीद है। इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि लंबे समय से ये सेवाएं प्रभावित थीं। बताया जाता है कि अंचलाधिकारी (सीओ), राजस्व अधिकारी (आरओ) और अन्य राजस्व कर्मी 9 मार्च से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चले गए थे। इस दौरान सरकार की ओर से कई बार काम पर लौटने की अपील की गई। तत्कालीन विभागीय मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने हड़ताली अधिकारियों को वेतन रोकने, निलंबन और अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में अधिकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। हड़ताल के चलते अंचल स्तर पर कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। जमीन से जुड़े मामलों के साथ-साथ निबंधन और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी ठप पड़ गई थीं। स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा, जिससे कार्यरत कर्मचारियों पर दबाव बढ़ गया।



### जनगणना 2027 पर भी पड़ा असर

राजस्व अधिकारियों की हड़ताल का असर भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों पर भी देखने को मिला। राज्य में जनगणना के प्रथम चरण—हाउस लिस्टिंग और स्व-गणना—का कार्य जारी है, जिसमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अहम भूमिका है। 2 मई से घर-घर गणना शुरू होनी है, ऐसे में हड़ताल प्रशासन के लिए चुनौती बन गई थी।

### सरकार ने निकाला समाधान, तबादलों से भी मिला संकेत

सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने अधिकारियों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद गतिरोध खत्म हुआ। इससे पहले सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए प्रधान सचिव सीके अनिल को पद से हटा दिया था और उनकी जगह जय सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस तबादले को भी हड़ताल से जोड़कर देखा जा रहा है। अब 4 मई से सीओ-आरओ के काम पर लौटने के साथ ही राज्य में राजस्व प्रशासन की रफ्तार फिर पटरी पर आने की उम्मीद है।

### सरकार पर भरोसा जता कर लौटे अधिकारी

अब अधिकारियों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए काम पर लौटने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन फिर से शुरू करेंगे। हड़ताल खत्म होने से आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। खासकर जमीन और राजस्व से जुड़े लंबित मामलों के जल्द निपटारे की संभावना बढ़ गई है। प्रशासन भी अब लंबित फाइलों को तेजी से निपटाने की तैयारी में जुटेगा।

## कई जिलों में जजों का स्थानांतरण

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आधार पर राज्य में न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाओं को लेकर अधिसूचना जारी की है। जारी आदेश के अनुसार कई जिलों में जजों की नई तैनाती की गई है। मनीलाल पांडेय को प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, सीतामढ़ी के पद पर पदस्थापित किया गया है। अविनाश कुमार-II को प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, अररिया बनाया गया है। प्रमोद कुमार यादव को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अररिया के पद पर तैनात किया गया है। प्रमोद कुमार दिवाकर को विशेष न्यायालय (निगरानी), मुजफ्फरपुर में पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया है। रंजीत रंजन सहाय को विशेष न्यायालय (निगरानी), पटना में पदस्थापित किया गया है।

## भूमि खरीद-बिक्री को लेकर 15 मई से लागू होगा नया नियम

**पटना (नि.सं)।** बिहार में जमीन की खरीद-बिक्री को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और विवादमुक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार 15 मई से नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। इस नई प्रणाली के तहत अब किसी भी भूखंड की रजिस्ट्री से पहले खरीदार को उस जमीन की सरकारी जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। इससे फर्जीवाड़े, गलत दस्तावेजों और विवादित जमीन के सौदों पर रोक लगाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। नई व्यवस्था के अनुसार, जमीन खरीदने के इच्छुक व्यक्ति को पहले ई-निबंधन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान खाता संख्या, खेसरा संख्या, रकबा, चौहद्दी, जमाबंदी संख्या और विक्रेता का नाम जैसी जरूरी जानकारियां देनी अनिवार्य होंगी। इन सूचनाओं के आधार पर संबंधित अंचल कार्यालय द्वारा जमीन की विस्तृत जांच की जाएगी, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि जमीन निजी है या सरकारी, उस पर किसी प्रकार का विवाद तो नहीं है, दस्तावेज वैध हैं या नहीं, और विक्रेता का दावा सही है या नहीं। सरकार ने इस प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने के लिए अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि आवेदन प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट जारी कर दी जाए। इस रिपोर्ट के आधार पर खरीदार को रजिस्ट्री से पहले ही जमीन की वास्तविक स्थिति की पूरी जानकारी मिल सकेगी, जिससे भविष्य में कानूनी विवादों की संभावना कम होगी और लेन-देन अधिक सुरक्षित बनेगा।

## चीनी मिलों को आर्थिक संकट से उबारने की पहल, जेडीसी कमीशन में 90% कटौती



निज संवाददाता | पटना

बिहार में गन्ना उद्योग को मजबूती देने और आर्थिक संकट से जूझ रही चीनी मिलों को राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार के निर्देश पर गन्ना उद्योग विभाग ने क्षेत्रीय विकास परिषद (जेडीसी) के कमीशन में 90 प्रतिशत तक की बड़ी कटौती कर दी है। इस निर्णय का उद्देश्य एक ओर जहां चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति को सुधारना है, वहीं दूसरी ओर गन्ना किसानों के हितों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लंबे समय से बढ़ती लागत और भुगतान से जुड़ी समस्याओं के कारण राज्य की कई चीनी मिलें आर्थिक दबाव में थीं, जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

अधिकारियों का मानना है कि जेडीसी कमीशन में कटौती से मिलों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ कम होगा, जिससे वे किसानों का बकाया भुगतान समय पर कर सकेंगी और उत्पादन गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित कर पाएंगी। साथ ही, इस कदम से गन्ना उद्योग में संतुलन स्थापित करने और निवेश को बढ़ावा देने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार की इस पहल को गन्ना आधारित अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिससे आने वाले समय में किसानों और उद्योग दोनों को लाभ मिल सकता है।

## बिहार में आंधी-तूफान का कहर, सात की मौत तीन मई तक मौसम से राहत के आसार नहीं

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बुधवार शाम से गुरुवार की सुबह तक आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। राज्य के अलग-अलग जिलों से कुल 7 लोगों की मौत की खबर है, हालांकि आधिकारिक तौर पर बिहार आपदा प्रबंधन विभाग ने फिलहाल 5 मौतों की पुष्टि की है। मौसम विभाग ने 3 मई तक खराब मौसम बने रहने की चेतावनी दी है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। सबसे ज्यादा असर पश्चिम चंपारण जिले में देखने को मिला, जहां बैरिया क्षेत्र में तेज आंधी के कारण दो युवकों की मौत हो गई। मलाही बलुआ के सिरिसिया गांव में पेड़ गिरने से 25 वर्षीय वीरेंद्र कुमार की मौके पर ही जान चली गई। वह अपने दो वर्षीय बच्चे के साथ बाजार से लौट रहे थे, इसी दौरान तेज आंधी की चपेट में आ गए। हादसे में उनका बच्चा भी घायल हो गया। वहीं एक अन्य घटना में ई-रिक्शा पलटने से एक युवक की मौत हो गई।



सारण जिले में भी मौसम ने अचानक रौद्र रूप धारण कर लिया। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के साथ बिजली कड़कने से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली आपूर्ति ठप हो गई और कई इलाकों में अंधेरा छा गया। छपरा शहर समेत गड़खा, जलालपुर, मांझी, बनियापुर और अमनौर जैसे क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति बन गई, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

राजधानी पटना में भी आंधी-तूफान का व्यापक असर देखने को मिला। दानापुर के रूपसपुर थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे यातायात और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

## इंटर-मैट्रिक विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा दो मई से, सख्त नियम लागू

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट और मैट्रिक की विशेष एवं कंपार्टमेंटल परीक्षा 2026 का आयोजन 2 मई से शुरू किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी और इसके लिए राज्यभर में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष इंटर में कुल 70,293 और मैट्रिक में 68,615 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 120 केंद्र बनाए गए हैं, जहां विशेष परीक्षा में 6,500 और कंपार्टमेंटल परीक्षा में 63,793 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं मैट्रिक परीक्षा के लिए 159 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 6,034 परीक्षार्थी विशेष परीक्षा और 62,581 परीक्षार्थी कंपार्टमेंटल परीक्षा देंगे। पटना जिले में इंटर के लिए 3,769 परीक्षार्थियों हेतु 8 केंद्र और मैट्रिक के लिए 3,726 परीक्षार्थियों हेतु 7 केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा के पहले दिन 2 मई को इंटर की प्रथम पाली में हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित होगी, जबकि द्वितीय पाली में विज्ञान वर्ग के लिए जीव विज्ञान, कला वर्ग के लिए इतिहास और व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए अंग्रेजी की परीक्षा ली जाएगी। वहीं मैट्रिक में पहली पाली में मातृभाषा (हिंदी, उर्दू, बंगला, मैथिली) और दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा होगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।




सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

## संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

भगवान बुद्ध का जीवन और उनका संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा और शांति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके द्वारा प्रतिपादित अष्टांगिक मार्ग मानव जीवन को संतुलित, सार्थक और उद्देश्यपूर्ण दिशा प्रदान करता है।

आज जब विश्व अनेक चुनौतियों और जटिल समस्याओं का सामना कर रहा है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध के उपदेश और दर्शन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनके विचार मानवता को सहअस्तित्व, सहिष्णुता और समरसता का मार्ग दिखाते हैं।

आइए, इस अवसर पर हम सब भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लें और एक शांतिपूर्ण, समतामूलक एवं समावेशी समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 001493 (Governor Secretariat)D. 2026-27



श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनएं

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




**DIPLOMA COURSE**
DAT — Acupressure Therapy; DY — Yoga; DAYS — Acupressure Yoga; DHMS — Herbal Medicine (अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th)
DEMS — Electrohomeopathy Medicine; DNYS — Naturopathy Yoga (अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th)

**BACHELOR DEGREE COURSE**
MBBA — Acupressure & Magnet; BTMS — Traditional Medicine; BAYS — Acupressure Yoga; BAcu. — Acupuncture (अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2)
BEMS — Electrohomeopathy Medicine; MBAS — Medicine in ALT Science (अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2)

**MASTER DEGREE COURSE**
MD (Acu Yoga), MD (TM) (अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट)
MD (EH) (अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS)

**PROFESSIONAL COURSE**
BLIS | MLIS | BBA | MBA

**TRADITIONAL COURSE**
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में गुरुवार को बीडीओ सोनिया ढनढननिया की अध्यक्षता में भीएलईएस की बैठक हुई। बीडीओ ने कहा 30 अप्रैल से 30 मई 2026 तक प्रखंड के सभी पेंशनधारी भौतिक सत्यापन अवश्य करा लें। उन्होंने कहा पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में सभी भीएलईएस रहेंगे। यह कार्य संपादित करने के लिए मुखिया को व्यवस्था करना है। विकास मित्र,ग्राम कचहरी सचिव सहयोग करेंगे। प्रचार प्रसार भी करेंगे। समाजिक सुरक्षा योजना के तहत छह प्रकार का पेंशनधारी है। सभी पेंशनधारियों अपना आधार कार्ड,बैंक पासबुक लेकर आएंगे,और भौतिक सत्यापन अवश्य करा लें, निर्धारित अवधि तक भौतिक सत्यापन नहीं कराने वाले पेंशनधारियों का पेंशन बंद हो जाएगा। मौके पर कार्यपालक सहायक किशोर कुमार, भीएलइएस टुनी कुमार,लवकुश, पप्पू कुमार,रवि शंकर, सियाराम कुमार,नीरज कुमार, शंकर कुमार समेत अन्य रहे।

### 11 वर्षीय किशोरी कि छत से गिरकर हुई

**बेतिया**। जोगापट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत मच्छरगांव नगर पंचायत के मच्छरगावाँ बाजार गांव से एक दुखद घटना सामने आई है, जिसमें 11 वर्षीय किशोरी की छत से गिरकर मौत हो गई। किशोरी की पहचान जग शाह की पुत्री रोशनी कुमारी के रूप में हुई है संवाददाता को मिली जानकारी के अनुसार रोशनी घर के छत पर कपड़े उतारने गई थी अचानक उसका पैर फिसल गया,वह नीचे टीन के करकट पर मुंह के बाल गिर गई। इस घटना से पूरे ग्रामीण क्षेत्र में मातमी सन्नाटा छा गया,परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया,पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई साथ ही साथ शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कैंप लगाकर लिया जा रहा नेपाली महिलाओं का फार्म

**वाल्मीकिनगर**। वाल्मीकिनगर पंचायत के पंचायत भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास कार्यालय बगहा 2 के विभागीय आदेश के आलोक में वैसी महिलाएं जिनकी शादी भारतीय क्षेत्र में हुई है।परंतु वे मूल निवासी नेपाल की हैं। उनकी भारतीय नागरिकता प्रदान करने के उद्देश्य से शिविर लगा कर सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म जमा किया जा रहा है।वाल्मीकिनगर पंचायत के कार्यपालक सहायक विजय कुमार सहनी ने बताया कि सरकार द्वारा निर्देशित दस्तावेज जिसमें पासपोर्ट,जन्मप्रमाण पत्र,मैरेज सर्टिफिकेट,मैट्रिक सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज के साथ उन्हें फॉर्म जमा करना है।परंतु ये सभी दस्तावेज लगभग किसी भी महिला के पास उपलब्ध नहीं है।जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अभी तक लगभग 20 फार्म महिलाओं द्वारा जमा किया गया है,परन्तु अभी ये सब फॉर्म अधूरे है।वहीं टोला सेवक लोकनाथ राम ने बताया कि वैसे सभी महिलाएं जो नेपाली मूल के निवासी है,उन्हें ससमय फार्म जमा करने का निर्देश दिया गया है।

### आंधी-बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

**बगहा**। बुधवार शाम करीब पांच बजे अचानक आई आंधी-बारिश ने बगहा शहर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया।एक ओर बारिश से आम और लीची को फायदा हुआ।वहीं दूसरी ओर गेहूं, साग-सब्जियों समेत रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ और डालियां गिर गईं, जिससे बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। बगहा शहर और आसपास के क्षेत्रों में करीब सात घंटे तक बिजली गुल रही।वहीं गंडक पार के चार प्रखंड मधुबनी, पिपरासी, भितहां और ठकराहा में बुधवार शाम से गुरुवार दोपहर तक बिजली आपूर्ति बाधित रही. पूरी रात लोगों को अंधेरे में गुजारनी पड़ी, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हुआ. विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि आंधी के कारण 33 केवी लाइन सहित लो टेंशन के करीब पांच दर्जन से अधिक पोल, तार और इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हुए हैं।रात में ही टीम को मरम्मत में लगाया गया और देर रात शहर में आपूर्ति बहाल कर दी गई। गंडक पार क्षेत्रों में भी लगातार कार्य जारी है.

### शादी के 6 दिन बाद ही विवाहित का संदिग्ध स्थिति में हुई मौत,शव को जलाया

**बेतिया**। शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरेडीटेढ़ा गांव में एक नवविवाहत युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान,22 वर्षीय बबलू सिंह के रूप में हुई है। युवक के गले पर निशान पाए गए हैं जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि उसने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। यह हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम के साथ-साथ तरह-तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही हैं,जितनी मुंह उतनी बात की कहावत चरितार्थ हो रही है। संवाददाता को पता चला है कि परिजन आनंन फाइनन में युवक को अनुमंडलीय अस्पताल ले गए,जहां डॉक्टर अबरार ने उसे मृत् घोषित कर दिया।अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद परिजन बिना किसी पुलिसया प्रक्रिया के ही शव लेकर घर चले आए। मिली जानकारी के अनुसार,बबलू सिंह की शादी बीते 20 अप्रैल को हुई थी।अभी शादी की रस्में पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुई थी कि घर की खुशियां मातम में बदल गई। चर्चा है कि शादी के बाद से ही परिवार में किसी बात को लेकरअनबन चल रही थी और विवाद भी हुआ था।सूचना मिलने पर जब तक पुलिस पहुंचती तब तक परिजन द्वारा शव का अंतिम संस्कार किए जाने की खबर भी मिली है।पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है कि बिना पोस्टमार्टम और सूचना दिए शव को क्यों जलाया गया।थाना अध्यक्ष,ज्वाला कुमार सिंह ने संवाददाता को बताया कि मामला संध्याहास्पद है। प्रथम दृष्टिया पारिवारिक कलह की बात सामनेआ रही है।पुलिस हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### बिजली का झटका लगने से युवक घायल, बेहतर इलाज को ले रेफर

**बगहा**। बगहा प्रखंड बगहा दो स्थित मंगलपुर औसानी पंचायत के सबेयां मुसई गांव में गुरुवार को एक युवक बिजली के करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, फागु मुसहर का 30 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार अपने घर में बिजली के बोर्ड की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे करंट लग गया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा .घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई ।आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगहा दो ले गए। वहां मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केबीएन सिंह ने युवक का प्राथमिक उपचार किया .हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए उसे अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा रेफर कर दिया गया .स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की व्यवस्था कर घायल को सुरक्षित अनुमंडलीय अस्पताल भेजा . इस दौरान परिजन काफी चिंतित नजर आए .प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केवीएम सिंह ने बताया कि करंट से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर किया गया है . फिलहाल उसका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में जारी है .

### बाइक की ठोकर से महिला जख्मी, प्राथमिक उपचार के बाद रेफर

**वाल्मिकीनगर**। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में टंकी बाजार मुख्य मार्ग पर गैस एजेंसी के समीप बुधवार की शाम बाजार से लौट रही आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 286 की सहायिका सीता देवी पति स्वर्गीय रामनाथ प्रसाद निवासी तीन आर डी पुल के समीप को सड़क की बांयी तरफ पीछे से तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने ठोकर मार दी, जिससे महिला सीता देवी बुरी तरह जख्मी हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से महिला को एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सीमा गिरी के द्वारा बेहतर उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया।प्राप्त सूचना के अनुसार अनुमंडल अस्पताल से महिला को बेहतर उपचार के लिए बेतियां जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।इस बाबत थानाध्यक्ष मनोज कुमार से पूछे जाने पर बताया कि अभी तक इस मामले में आवेदन अप्राप्त है।आवेदन मिलने पर अग्रेत्तर करवाई की जाएगी।

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने छीनी शादियों की रौनक, किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## प्रकृति का बदला मिजाज और खुशियों पर ग्रहण


शहनाई बजने से पहले धराशाई पंडाल

**रजौली**। पिछले कुछ दिनों से मौसम के बदले मिजाज ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। जहां एक ओर शादियों के इस व्यस्त सीजन में लोग गाजे-बाजे और धूमधाम की तैयारियों में जुटे थे, वहीं अचानक आई तेज आंधी और बर्फीली बारिश ने खुशियों के रंग में भंग डाल दिया है। आसमान से बरसती बूंदों और ओलों ने न केवल तापमान में गिरावट ला दी, बल्कि उन परिवारों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं जिनके घरों में शहनाइयां गूंजने वाली थीं। सजे-धजे विवाह मंडप और भव्य पंडाल जो कल तक अपनी चमक बिखेर रहे थे, वे आज तेज हवाओं और बारिश के थपेड़ों के कारण मलबे के ढेर में तब्दील नजर आ रहे हैं। इस बेमौसम आफत ने टेंट व्यवसायियों से लेकर मेजबान परिवारों तक को भारी आर्थिक और मानसिक चोट पहुंचाई है।

**खेतों में बिछी बर्बादी की चादर और कराहता किसान :-** मौसम की इस मार का सबसे दर्दनाक मंजर ग्रामीण अंचलों और खेतों में देखने को मिल रहा है। हाड़-तोड़ मेहनत कर अपनी फसलों को सींचने वाले अन्नदाता के लिए यह बारिश किसी अभिशाप से कम साबित नहीं हुई। खेतों में तैयार खड़ी दलहन की फसलें, जो कटाई के इंतजार में थीं, अब ओलावृष्टि के कारण मिट्टी में मिल गई हैं। विशेष रूप से मूंग और मकई की फसलों पर इस बेमौसम बरसात का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव पड़ा है। मकई के पौधे जो कल तक लहलहा रहे थे, वे तेज आंधी के कारण जमीन पर बिछ गए हैं, जिससे किसानों की साल भर की कमाई और उम्मीदें दोनों धूमिल होती दिखाई दे रही हैं।

**सब्जियों की खेती पर संकट और बढ़ती महंगाई की आहट :-** किसानों की आय का मुख्य जरिया मानी जाने वाली गरमा फसलों और हरी सब्जियों की खेती को भी इस कुदरती मार ने बुरी तरह प्रभावित किया है। बेमौसम बारिश और ओलों ने कोमल सब्जियों की लताओं और फलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। ककड़ी-खीरा, लॉकी, नेनुआ, भिंडी करैला बैंगन और अन्य मौसमी सब्जियों के पौधों में जलजमाव और ओलों की चोट के कारण सड़न की समस्या पैदा होने लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बर्बादी का सीधा असर आने वाले दिनों में बाजार पर पड़ेगा, जिससे आम आदमी की थाली से सब्जियां महंगी हो सकती हैं। किसान अब टकटकी लगाए सरकार की ओर देख रहे हैं कि शायद मुआवजे के रूप में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

**पंडालों की उजड़ी रौनक और अरमानों पर ओलों की मार :-** शादी-विवाह के इस पावन सीजन में जहां शहनाइयों की गूंज और उल्लास का माहौल होना चाहिए था, वहां बेमौसम आंधी और बर्फबारी ने तबाही का मंजर बिछा दिया है। महीनों की तैयारी और लाखों के खर्च से सजे भव्य पंडाल ताश के पत्तों की तरह बिखर गए। कहीं शामियाने फटकर हवा में लहरा रहे हैं, तो कहीं मखमली कालीनों और फूलों की सजावट कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। दूल्हा-दुल्हन के स्वागत के लिए बनाए गए ऊंचे प्रवेश द्वार और लाइटों की जगमगाहट कुदरत के इस उग्र रूप के आगे बेबस नजर आई। मेहमानों की आवभगत के लिए तैयार पकवानों का स्वाद बारिश की बूंदों ने फीका कर दिया, जिससे न केवल आयोजकों को भारी आर्थिक चपत लगी है, बल्कि उन परिवारों के अरमानों पर भी पानी फिर गया है जिन्होंने इस दिन को यादगार बनाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था।

**बदलते पर्यावरण की चेतावनी और भविष्य की चिंता :-** शादी-विवाह के पंडालों की तबाही और फसलों का नुकसान केवल एक आर्थिक क्षति भर नहीं है, बल्कि यह बदलते पर्यावरण की एक गंभीर चेतावनी भी है। बेमौसम हो रही यह बर्फबारी और बरसात इस बात का संकेत है कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है।जहां एक तरफ शादी वाले घरों में लोग भीगते हुए रस्मों को निभाने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी तरफ किसान अपनी उजड़ी हुई फसलों को देखकर खून के आंसू रो रहा है। इस प्राकृतिक आपदा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि इंसान की तमाम तैयारियों पर कुदरत का एक झोंका भारी पड़ सकता है। फिलहाल, चारों ओर छाई इस वीरानी और नुकसान की भरपाई में वक्त लगेगा, लेकिन किसानों और आम जनमानस के माथे पर उभरी चिंता की लकीरें जल्द मिटती नहीं दिख रही हैं।

## सनकी पति ने धारधार हथियार से मारकर किया अपनी पत्नी की हत्या, आरोपी पति फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कौआकोल**। जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां गांव में बुधवार की रात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पत्नी के चरित्र पर शक के कारण सनकी पति ने अपनी ही पत्नी की गीज्जर (बरछी) से गोदकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मृतका की पहचान बबीता कुमारी के रूप में हुई है,जबकि आरोपी पति रवि मांझी बताया जा रहा है। दोनों की शादी करीब 25 वर्ष पहले हुई थी और उनके सात बच्चे हैं। स्वजनों के अनुसार,पति रवि मांझी अपनी पत्नी पर अक्सर बेवजह शक करता था,जिसे लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने आपा खो दिया और पत्नी पर गीज्जर (बरछी) से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने हुई। गंभीर रूप से घायल बबीता कुमारी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कौआकोल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और सातों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। कौआकोल पुलिस के अनुसार हत्यारा पति पूर्व से आपराधिक किस्म का व्यक्ति रहा है। उसके विरुद्ध कौआकोल थाना सहित कई अन्य थाना में पूर्व से कई मामले दर्ज है। घटना के बाद मृतक की माता ने कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षक में संतु कुमार का हुआ चयन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नवादा**। जिले में भारत स्काउट एंड गाइड को संयमित रूप से चलाने के लिए जिले के वरीय प्रशिक्षक व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संतु कुमार का चयन जिला संगठन आयुक्त नवादा के रूप में किया गया है यह चयन उनके मेहनत कार्य क्षमता एवं नवाचारी तरीके से संचालन करने के उपलक्ष में किया गया बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारीयों द्वारा इंटरव्यू लेकर उनके कार्य क्षमता को देखते इनका चयन किया गया जिला सचिव राम अकबाल शर्मा ने उन्हें बधाई दिए एवं नियुक्ति पत्र को स्वीकार किया साथ ही साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार के समझ अपना नियुक्ति पत्र प्रस्तुत किया और आज से और भी बेहतर काम करने का शपथ लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदय ने कहा कि संतु कुमार के नेतृत्व में नवादा जिला बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड एक मिसाल बनेगा और जिले के प्रत्येक विद्यालय में स्काउट एंड गाइड को संचालित किया जाएगा साथ ही साथ जिले के सभी मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय में एक शिक्षक को स्काउट एंड गाइड कैप्टन के रूप में नियुक्त के साथ बाल प्रशिक्षण व्यस्क प्रशिक्षण एवं दल पंजीयन पर जोर दिया जाएगा इनके चयन पर जिले में हर्ष है।

शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने कहा स्काउट एंड गाइड नवादा जिले मैं बहुत ही बेहतर तरीके से कार्य कर रहा है जिले के सामाजिक कार्य रैली गार्ड ऑफ ऑनर मेला सेवा आदि विभिन्न गतिविधियों को चलकर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है उनके इस चयन पर जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष परशुराम सिंह सचिव शिवकुमार प्रसाद रोह के शिक्षक मनोज कुमार राज्य कार्यकारीनी राजेश कुमार पोखरिया के शिक्षक मनोज कुमार प्रोफेसर कारू रजक शिक्षिका मीरा कुमारी उदय पासवान अभयानंद कन्हाई उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सीनियर प्रशिक्षक रंजीत कुमार विजय कुमार पार्थ स्काउट प्रशिक्षक राजीव कुमार गाइड कैप्टन ममता रानी सुमन कुमारी वर्मा सौरभ गिरी मुरलीधर हरियाली जिया अंजना लाडली रोशनी राजीव विकास मनीष अमरजीत कुमार रोहित पटेल आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

## भतीजी की शादी से पहले चाचा की मौत, ड्यूटी पर अचानक बिगड़ी तबीयत, हार्ट अटैक की आशंका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

### विदाई के बाद परिजनों को मिली खबर



**नालंदा**। नालंदा में बिजली विभाग के सर्किल ऑफिस में बुधवार देर रात स्टोरकीपर की अचानक तबीयत बिगड़ गी। मौके पर मौजूद स्टाफ ने आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भागन विगहा ओपी के बोकना गांव निवासी सुदिल पासवान के तौर पर हुई है। घटना बिहार थाना क्षेत्र की है।

**विदाई के बाद परिजनों को बताया:** मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घर में भाई उपेंद्र पासवान की बेटी की शादी थी। सकसोहरा के कैम गांव से बारात आई हुई थी। चारों ओर उत्सव का माहौल था। बारातियों के स्वागत की रस्में चल रही थी। इसी बीच सुदिल पासवान की मौत की खबर मिली। परिवार के बड़े-बुजुर्गों ने साहस ने किसी से कुछ नहीं बताया। भारी मन से शादी की रस्में पूरी करवाई। बेटी को विदा करने के बाद ही हादसे की जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दी।

**शादी से पहले मौत की खबर मिली:** मृतक के भाई मधुसूदन पासवान ने बताया कि सुदिल को पहले से कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। पूरी तरह स्वस्थ थे। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी, जिससे प्राथमिक तौर पर दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई जा रही है। अपने पीछे चार बेटे और एक बेटी का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रात 10 बजे ड्यूटी खत्म कर भतीजी की शादी में शामिल होने घर आने वाले थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं:** थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का प्रतीत होता है, हालांकि मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डी ईओ ने एन जी वाई हाई स्कूल का किया औचक निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वाल्मीकिनगर**। गुरुवार की सुबह रविन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प. चंपारण (बेतिया)ने पी०एम०श्री० +2 नदी घाटी योजना उच्च विद्यालय वाल्मिकीनगर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान सभी कक्षाएं सुचारू रूप से व्यवस्थित और शांतिपूर्ण माहौल में संचालित पायी गई। जिसकी सराहना डी ई ओ द्वारा की गई। डीईओ ने सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया, बच्चों से संवाद भी किया। बहुत ही सकारात्मक एवं कैरियर को लेकर बच्चों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया । इसी बीच इस सत्र की कक्षा दसवीं की विद्यालय टॉपर छात्रा कोमल कुमारी को बुलाया गया। साथ ही महोदय द्वारा छात्रा कोमल कुमारी,पिता साधु साहनी, ग्राम-बिसहा रोल कोड - 54070 रोल नंबर - 2600014 को मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन ( 500 अंकों में 475 अंक) के लिए उज्जवल भविष्य की ढेरों शुभकामनाओ के साथ बधाई और प्रोत्साहन स्वरूप मोमेंटो के साथ डायरी,कलम भी भेंट किया गया।एवं पूरे विद्यालय परिवार शिक्षक, शिक्षिका, बच्चों के परिश्रम को सराहा गया ।बताते चलें कि कोमल ने जिला में 9 वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया था।आगे भी विद्यालय के विकास हेतु सकारात्मक सांत्वना दिया गया। छात्रा कोमल कुमारी के वजह से डीईओ के द्वारा दिए संबोधन से पूरा विद्यालय गौरवान्वित हुआ । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के।प्रधानाध्यापक राकेश कुमार राव द्वारा पदाधिकारी के औचक निरीक्षण के रूप में सकारात्मक, प्रेरक और ऊर्जायुक्त व्यवहार के प्रति धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार व्यक्त किया गया ।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जिले के थाना प्रभारियों के साथ की गई बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के मार्गदर्शन में आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश के आलोक में दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु लाइब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में दिनांक 30.04.2026 को जिले के थाना अध्यक्षों/थाना प्रभारियों की एक बैठक की गई।

बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए तामिला प्रतिवेदन की अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिन थानों से कम नोटिसों का तामिला प्राप्त हुआ है, उन थानों के थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत देते हुए शत-प्रतिशत तामिला कराने का निर्देश दिया गया। विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपस्थित थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक नोटिसों का तामिला करवाएँ एवं पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए पंचायत एवं ग्राम स्तर पर पहल की जाए, क्योंकि निर्गत नोटिसों के तामिला के आधार पर ही लोक अदालत की सफलता निर्भर करती है। इसलिए निर्गत नोटिसों के शत-प्रतिशत तामिला पर बल दें। बैठक के क्रम में संबंधित थानों में तामिला हेतु भेजे गए नोटिसों का अधिक से अधिक तामिला करवाने एवं तामिला प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन सुलह-समझौते के आधार पर किया जा सके। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अरविन्द कुमार के अतिरिक्त नवादा जिले के विभिन्न थानों, यथा—नगर थाना, नवादा, नारदीगंज, हिसुआ, रजौली, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, पकरीबरावां, गोविन्दपुर, परनाडाबर, कादिरगंज, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, शाहपुर एवं बुंदेलखंड थाना के थाना अध्यक्ष/थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## हत्या मामले के फरार अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां पंचायत अंतर्गत डोमनबाग गांव में गुरुवार को नवादा नगर थाना की पुलिस ने हत्या मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस ने अभियुक्त के घर का दरवाजा, चौकी, बर्तन सहित अन्य सामान जब्त कर विधिवत जब्ती सूची तैयार करते हुए कानूनी प्रक्रिया पूरी की। नगर थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि नगर थाना कांड संख्या-813/25 में नवादा न्यायालय के आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि डोमनबाग गांव निवासी ब्रहमदेव महतो के 22 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार की 29 जुलाई 2025 को बिहार पुलिस परीक्षा देने सासाराम जाने के दौरान नवादा के मेहता गली,मिर्जापुर मुहल्ला में अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कौआकोल थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी विनोद यादव के पुत्र मोनू कुमार सहित तीन अपराधियों की संलिप्तता पाई थी। मामले के दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं,जबकि मोनू कुमार लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर फरार अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। मौके पर पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर,कौआकोल थाना के अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# 40 देशों के 90 भक्त पहुंचे गयाजी




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** बुद्ध की तपोभूमि बोधगया में वैश्विक कार्यक्रम 2 मई को होगा। 3 मई को श्री जगन्नाथ मंदिर में विष्णु-लक्ष्मी कृपा महायज्ञ, सनातन संत सम्मेलन और विशाल भंडारा आयोजित होगा। इस दिन देश-विदेश के संतों का जुटान बोधगया में होगा।

बुद्ध पूर्णिमा 2026 के अवसर पर 2,700 साल से अधिक पुरानी वैष्णव परंपरा की प्रथम महिला विष्णुस्वामी जगद्गुरु, जगद्गुरु श्री साईं मां लक्ष्मी देवी पहुंचेंगी। आज साईं माता ने प्रवचन दिया। साथ ही कई जानकारी दी।

इन्होंने बताया कि बोधगया की पावन धरती पर इस बार सिर्फ श्रद्धा नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का संगम दिखेगा। 40 से अधिक देशों के करीब 90 अंतरराष्ट्रीय साधक, 20 भारतीय साधक, संत-महात्मा, महामंडलेश्वर व आध्यात्मिक गुरु एक सप्ताह तक ध्यान, सत्संग, शांति और मानवता के संदेश के लिए यहां जुटेंगे।

**पूर्व-पश्चिम की आध्यात्मिक धाराओं के संगम का दावा :** आयोजकों का दावा



है कि यह सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूर्व और पश्चिम की आध्यात्मिक धाराओं का संगम है।

साईं मां ने मौन संदेश दिया। साथ ही लोगों से अपने अंदर झांकने के लिए कहा। उनका संदेश था कि भूमिकाएं, धन, संबंध, शरीर और अहंकार छोड़ो, जो बचा है, वही तुम हो।बोधगया को स्वयं की पहचान की भूमि बताते हुए कहा कि यही वह स्थल है, जहां प्रयास का अंत और चेतना का आरंभ होता है।

अंतरराष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद महाराज ने इसे कई पीढ़ियों में मिलने वाला दुर्लभ अवसर बताया। उन्होंने कहा कि बोधगया से विश्व शांति, सनातन चेतना और मानव एकता का संदेश पूरी दुनिया तक जाएगा। उनके अनुसार, बिहार ही नहीं, पूरे भारत के लिए यह आध्यात्मिक गौरव का क्षण है।

# हर गली में लगेंगी स्ट्रीट लाइट, हर वार्ड को मिलेंगे 25 लाख, बैठक में पार्षदों के नहीं आने पर भड़की मेयर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया नगर निगम बोर्ड की बैठक आज मेयर वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में निगम सभागार में हुई। बैठक का संचालन सशक्त स्थायी समिति सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया। इसमें शहर के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी गई। हालांकि, बैठक के दौरान कुछ पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया। मेयर ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए कई अहम योजनाएं सदन में पेश की गईं। इनमें नाले की सफाई, नगर निगम कार्यालय के मुख्य द्वार का जीर्णोद्धार, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निविदा जारी करना और शहर में पेयजल संकट दूर करने के लिए निविदा निकालना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से शहर का विकास होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

**25-25 लाख रुपये की राशि दी जाएगी:** विकास काम के लिए प्रत्येक वार्ड को 25-25 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। मेयर ने बैठक में कई पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी नाकामी को दर्शाता है। बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया, सदस्य मनोज कुमार, जय प्रकाश सिंह यादव और कार्यपालक अभियंता राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शहर को रोशन करने के उद्देश्य से प्रत्येक वार्ड में स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। मोहन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत 11 हजार स्ट्रीट लाइटों के साथ 75 बड़े हाईमास्ट लाइट और 75 छोटे हाईमास्ट लाइट लगाए जाएंगे। इससे रात में शहर की सुंदरता बढ़ेगी और नागरिकों को सड़कों पर चलने में सुविधा होगी। शहर में जल संकट को दूर करने के लिए सभी वार्डों में मिनी जलापूर्ति केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत या नए चापाकल लगाने के लिए जल्द ही





एक और ठेकेदार के लिए निविदा जारी की जाएगी। सदन में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि वार्ड 4, 17, 27, 11, 35, 36 और 42 सहित कई वार्डों में पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति संतोषजनक नहीं है। इसके कारण उक्त वार्डों में जलसंकट कई दिनों पर बना है। इसपर नगर आयुक्त ने बुडको के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया जल्द से जल्द समस्या को हल करे नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

**नाले की सफाई तीन-चार दिनों में शुरूः** शहर में स्थित नालियों एवं नाले की साफ-सफाई को लेकर सदस्यों ने सदन में जोरों से आवाज उठाई। सदस्यों ने कहा कि एक माह बाद मानसून जाएगी। बारिश होने पर शहर में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो सकता है। नाले की सफाई होली के बाद से शुरू हो जाए जाने चाहिए था। लेकिन अप्रैल माह समाप्त होने के बाद भी नालियों और नाले की सफाई का काम प्रारंभ तक नहीं हुआ है। इसपर नगर आयुक्त ने कहा कि कुछ वार्ड नाले की साफ-सफाई को लेकर निविदा निकाली गई है। तीन-चार दिनों में नाले की सफाई शुरू कर दी जाएगी।

**जल्द ही शहरवासियों को मिलेगा डस्टबिनः** कचरे का पूरी तरह से निष्पादन को लेकर नगर निगम ने जल्द ही सभी घरों को कचरे रखने के लिए डस्टबिन देने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम ही डस्टबिन का खरीदारी करने जा रहे है। साथ ही साफ-सफाई को एक और एजेंसी को जिम्मा देने के लिए तैयारी कर रहा है। इसके लिए जल्द ही निविदा निकाली जाएगा। जिससे शहर पूरी तरह से चकाचक दिखाई पड़े। बैठक में पार्षदों ने कहा कि नगर निकाय को चुनाव में मात्र एक साल शेष रहा है। ऐसे में काम नहीं पर जनता के बीच कैसे जाएगे। जनता की ओर से बार-बार कोसा जा रहा है। इधर काम को लेकर नगर निगम पदाधिकारियों के समक्ष बात रखते है तो वे सुनने नहीं है। चार साल में कई काम हुआ नहीं और कई काम अधूरा पड़ा है। जबकि चुनाव में मात्रा एक साल शेष रह गया।

**सदन में बैठक से बहिष्कार बाहर निकले पार्षदः** बैठक शुरू होते ही वार्ड संख्या 37 के वार्ष सारिका कुमारी ने बहिष्कार कर सदन निकल गई। उन्होंने कहा कि वार्ड के लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है। कचरा उठाने वाले ठेला खराब के साथ डोर टू डोर कचरे उठाने वाले उपकरण भी खराब है। एजेंसी के समय पर राशि भुगतान के बाद वार्ड में साफ-सफाई को पूर तरह से नहीं हो रहा है। इसके लिए कई बार निगम के अधिकारियों को शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। उक्त कारण को लेकर निगम बोर्ड की बैठक को बहिष्कार कर रही हूं।

# अज्ञात बुजुर्ग महिला की लाश मिली, बदबू फैलने पर शव तक पहुंचे लोग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में गुरुवार को पुलिया किनारे झाड़ियों में अज्ञात महिला की लाश मिली है। लाश सड़ी-गली स्थिति में थी। जिसकी बदबू फैल रही थी। तेज दुर्गंध से स्थानीय लोग झाड़ियों के पास पहुंचे। लाश को देखकर अंजादा लगाया जा रहा कि महिला की उम्र 50 से 60 साल के बीच होगी और मौत 3 से 4 दिन पहले की लग रही है। थोड़ी ही देर में लाश मिलने की खबर आसपास फैल गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर वजीरगंज थाना की पुलिस भी पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। घटना वजीरगंज-फतेहपुर मुख्य मार्ग पर महाविद्यालय के पास की है।

**महिला की पहचान में जुटी पुलिसः** पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से पुलिस ने कुछ सबूत जुटाए हैं। इसके अलावा आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। ताकि महिला की पहचान और मौत के कारण का पता चल सके।

सड़क किनारे शव मिलने से स्थानीय लोगों ने सुरक्षा को लेकर नारजगी भी जाहिर की है। लोगों का कहना है कि अगर क्षेत्र में नियमित गश्त होती तो शायद ऐसी घटना पहले सामने आ जाती। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और इलाके की निगरानी मजबूत करने की मांग है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा कि पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और शिनाख्त के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।



झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
Goverment Of India

भारत की जनगणना, 2027

अपील



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

झारखण्ड में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 01 मई 2026 से 14 जून 2026 के दौरान किया जाना है। वर्ष 1872 से लगातार दस वर्षों के अंतराल पर राष्ट्रीय महत्व के इस व्यापक कार्य को सम्पन्न कराया जाता रहा है। राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय विकास के निमित्त नीति-निर्धारण एवं योजना तैयार करने में जनगणना के महत्व की मान्यता पूरे विश्व में है। भारत की जनगणना विश्व की सबसे वृहद् और श्रेष्ठ जनगणनाओं में से एक है। जनगणना के द्वारा हमें जनसंख्या, परिवार के आकार- प्रकार, मकानों की स्थिति एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक विषयों की विविध विशेषताओं से संबंधित बुनियादी आँकड़े प्राप्त होते हैं।

पूरे देश के साथ-साथ झारखण्ड राज्य में भी जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाना है, जिसमें मकानों की संख्या, मकानों की स्थिति एवं सामग्री, परिवारों की संख्या, वैवाहिक जोड़ों की संख्या, घर के मुखिया का नाम, लिंग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, परिवार में उपलब्ध सुविधाएं, परिवार द्वारा धारित परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किए जाने वाले मुख्य अनाज की जानकारी जैसी महत्वपूर्ण सूचना एकत्र की जानी है। यह सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों के लाभों और सेवाओं के बेहतर लक्ष्य निर्धारण और योजना बनाने में मदद करेगा।

इस बार की जनगणना डिजिटल माध्यम से संपन्न होनी है साथ ही आम जनता को स्व गणना की भी सुविधा प्राप्त होगी। 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व- गणना एवं दिनांक 16 मई से 14 जून 2026 के बीच प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य जनगणना कर्मचारियों द्वारा समर्पित भाव से गृह गणना कार्य संपादन करने एवं राज्य के सभी नगरिकों के हार्दिक समर्थन एवं सहयोग पर ही राष्ट्रीय महत्व के इस व्यापक कार्य की सफलता निर्भर करती है। भारतीय जनगणना अधिनियम वचन देता है कि प्रगणकों द्वारा जनगणना संबंधित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर में दी गई सूचनायें पूर्णतः गोपनीय रखी जायेंगी।

झारखण्ड राज्य के सभी निवासियों से मेरी अपील है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में भाग लें और जनगणना प्रगणकों को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। साथ ही दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ होने वाली स्व-गणना में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं।

मैं, राज्य में जनगणना 2027 के क्षेत्र कार्य की सफलता की कामना करता हूँ।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

राष्ट्र विकास के प्रयोजनार्थ नीति निर्धारण और योजना बनाने में जनगणना के महत्व को पूरे विश्व में मान्यता प्राप्त है। जनगणना के द्वारा हमें कुल जनसंख्या, परिवारों के आकार- प्रकार, मकानों की संख्या, उसमें प्रयुक्त सामग्री, उसकी स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाओं और परिसम्पत्तियों से संबंधित आंकड़े प्राप्त होने हैं। झारखण्ड राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अर्थात मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 01 मई 2026 से 14 जून 2026 के मध्य किया जाएगा, जिसके पहले के 15 दिनों अर्थात दिनांक 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक स्व-गणना में आम जन https://se.census.gov.in पर login कर अपनी गणना स्वयं कर सकते हैं।

जनसंख्या के सही आंकड़े राज्य के नीति निर्माण एवं विकास के लिए अत्यंत ही आवश्यक है। इस राष्ट्रीय कार्य में लगने वाले प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य जनगणना कर्मचारियों द्वारा समर्पित भाव से कार्य सम्पादन करने एवं राज्य के सभी नागरिकों के हार्दिक समर्थन एवं सहयोग पर ही जनगणना के इस महत्वपूर्ण वैधानिक कार्य की सफलता निर्भर करती है।

राज्य के नागरिकों से मेरी अपील है कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में अपने तथा परिवार की सूचनाएँ, जो कि गोपनीय रखी जाएगी, को जनगणना प्रगणकों को सही प्रकार से भरवाने के अपने दायित्व को निभाते हुये जनगणना कार्य 2027 के प्रथम चरण को राज्य में पूरी तरह से सफल बनायें। साथ ही दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ होने वाले स्व-गणना अभियान का हिस्सा बनें।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड
PR. No.- 378850/IPRD/2025-26

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रोहतास में महिला प्रेमी संग फरार, पति ने थाने में लगाई गुहार

**अकोढ़ीगोला,** रोहतास थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी चन्द्रमा राज, उम्र 37 वर्ष, ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी पत्नी नीलु देवी, उम्र 34 वर्ष, 18/04/26 को सुबह 8 बजे से लापता है। आवेदन के मुताबिक चन्द्रमा राज काम के सिलसिले में पत्नी और 7 वर्षीय बेटी नंदनी को लेकर लुधियाना गए थे, जहां पत्नी का संपर्क गोपाल नाम के व्यक्ति से हुआ और अवैध संबंध बन गए। इसका पता चलने पर फरवरी 2026 में वे परिवार समेत गांव लौट आए, लेकिन 01/03/26 को नीलु ने गोपाल को शेरपुर बुलाकर तीन दिन तक घर में रखा। विरोध परिजनों ने गोपाल को भगाया तो नीलु ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। इसके बाद उसे मायके अर्जुन बिगहा भेजा गया, जहां से वह मोबाइल नं0 6352769726 से संपर्क कर कर्मनाशा भाग गई। पति ने नीलु के मोबाइल नं0 7250748075 पर बात कर बच्ची का वास्ता देकर रात 11 बजे वापस बुलाया। चन्द्रमा राज का आरोप है कि साले अरुण कुमार, 28 वर्ष, और ननद सोनामती देवी ने पत्नी को भगाने में मदद की और नीलु देवी को गोपाल कुमार, उम्र 40 वर्ष, ग्राम चुरा मखरा, जय गोविन्द नगर, थाना जमहोर के साथ भगा दिया गया। पीड़ित पति ने थानाध्यक्ष से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कच्छवाँ में होटल संचालकों की बैठक, मनमानी दरों पर सख्त चेतावनी

**काराकाट (रोहतास)** जिले के कच्छवाँ थाना परिसर में होटल एवं दुकानदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बाजार में बढ़ती महंगाई और खाद्य पदार्थों की मनमानी कीमतों पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की मनमानी अब नहीं चलेगी। सभी संचालकों को निर्देश दिया गया कि समोसा, छोला-भटूरा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के निर्धारित रेट ही लागू करें और ग्राहकों से उचित मूल्य लिया जाए। थानाध्यक्ष ने यह भी चेतावनी दी कि बिना रजिस्ट्रेशन के दुकान संचालन किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होगा। सभी व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान का पंजीकरण कर जीएसटी नंबर प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। शुद्ध तेल एवं अच्छी गुणवत्ता वाले आटा/गेहूं का उपयोग कर स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ तैयार किए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर और स्वास्थ्यकर सामग्री मिल सके।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन नहीं करने पर भविष्य में कार्रवाई के दौरान आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इससे न केवल व्यवसाय प्रभावित होगा, बल्कि सरकार के राजस्व को भी क्षति पहुंचती है।बैठक के माध्यम से दुकानदारों को जागरूक करते हुए प्रशासन ने साफ कर दिया कि नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई तय है।

### डेहरी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार बोस का निधन, शोक की लहर



**डेहरी (रोहतास)।** नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक और बोस क्लिनिक के संस्थापक डॉ. सुनील कुमार बोस का बुधवार, 30 अप्रैल 2026 को निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। डॉ. बोस ने लगभग 60 वर्षों तक निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की। सरल स्वभाव और उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के लिए वे क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय थे। उनके निधन की खबर फैलते ही डेहरी व आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और उनके मरीजों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। लोगों ने कहा कि डॉ. बोस ने अपने स्नेह और देखभाल से हजारों जीवन को छुआ। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बोस परिवार ने जारी शोक संदेश में कहा, "गहरे दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय डॉ. सुनील कुमार बोस अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने सेवा और समर्पण से भरा जीवन जिया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।"

### जब स्तंभ से फूटा विश्वास : नरसिंह अवतार की गूंज में डूबा काशी घाट



**बिक्रमगंज /रोहतास** : नगर के काशी घाट स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण- प्रतिष्ठा महामहोत्सव के दौरान गुरुवार का दिन विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा । इस अवसर पर श्री मुक्तिनाथ महाराज जी ने अपने प्रभावशाली प्रवचन में भगवान नरसिंह अवतार की दिव्य कथा का ऐसा सजीव चित्रण किया कि पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा ।महाराज जी ने कहा कि भगवान का नरसिंह रूप केवल एक अवतार नहीं, बल्कि अन्याय और अहंकार के विरुद्ध धर्म की विजय का प्रतीक है । उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा ने भगवान को स्तंभ से प्रकट होने पर विवश कर दिया और हिरण्यकश्यप के अत्याचार का अंत हुआ । यह प्रसंग मानव जीवन को यह सिखाता है कि सच्ची आस्था के सामने असंभव भी संभव हो जाता है ।उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न हों, यदि मन में भगवान के प्रति अडिग विश्वास हो,तो हर संकट का समाधान स्वयं ईश्वर कर देते हैं । उनके प्रवचन के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा का रसपान करते रहे और "नरसिंह भगवान की जय" के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा ।मौके पर प्रवचन पंडाल में हजारों श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

### प्रमुख मार्गों से हटाया गया अतिक्रमण, दोबारा कब्जा करने वालों का सामान जब्त




**बेतिया।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से बेतिया नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को व्यापक अभियान चलाकर प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान दोबारा कब्जा जमाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका सामान जब्त कर लिया गया। नगर निगम की टीम ने अभियान की शुरुआत जीएमसीएच गेट से की। यहां से मित्रा चौक, कोतवाली चौक, डॉ. दिलीप कुमार क्लिनिक, इलाराम चौक होते हुए नाज़नीन चौक तक सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से लगाई गई गुमटियां, ठेले, दुकान के आगे बढ़ाए गए शेड और अन्य अस्थायी निर्माणों को हटाया गया। अभियान के दौरान जांच दल ने कई स्थानों पर पाया कि पूर्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बावजूद कुछ लोगों ने पुनः सड़क किनारे कब्जा जमा लिया था। इसे गंभीरता से लेते हुए नगर प्रशासन ने ऐसे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया और मौके पर मौजूद सामान को जब्त कर लिया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने और आमजन को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है कि सार्वजनिक स्थानों पर दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से शहरवासियों में उम्मीद जगी है कि प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को जाम से राहत मिल सकेगी।

# तेज आंधी-पानी से 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन क्षतिग्रस्त

**कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास।** 29 अप्रैल (बुधवार) की संध्या आई तेज आंधी एवं बारिश ने जिले में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। आंधी की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर बड़े पेड़ एवं टहनियां टूटकर गिर गईं, जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर भी व्यापक असर पड़ा। विशेष रूप से बिजली विभाग की 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन को क्षति पहुंचने के कारण कोचस ग्रीड से जुड़े कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोचस के समीप नौवां गांव के पास 132 केवी डिहरी-कोचस संचरण लाइन के तीन टावर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन टावरों के नंबर 97, 98 एवं 99 बताए जा रहे हैं। टावरों के क्षतिग्रस्त होने के कारण संबंधित क्षेत्रों में अचानक बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे आम उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग हरकत में आ गया। सहायक कार्यपालक अभियंता संजय कुमार रवि के नेतृत्व में लाइन अनुरक्षण (मेंटेनेंस) टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। टीम द्वारा क्षतिग्रस्त टावरों एवं लाइनों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि क्षति काफी गंभीर है, फिर भी विभाग द्वारा तेजी से कार्य करते हुए जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त संसाधन एवं तकनीकी कर्मियों को भी लगाया गया है, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अस्थायी असुविधा को समझें और सहयोग करें।

साथ ही, किसी भी प्रकार की विद्युत संबंधी समस्या या खतरे की स्थिति में तुरंत नजदीकी विद्युत कार्यालय या हेल्पलाइन पर सूचना दें। वर्तमान में पुसौली के माध्यम से आंशिक रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। विभाग ने आश्वासन दिया है कि मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही प्रभावित क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## कटिहार में प्रेरणादायक सम्मान समारोह आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** शहर के यज्ञशाला रोड जी शॉप फैक्ट्री के निकट शैक्षणिक संस्थान में एक भव्य एवं प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का अध्यक्षता आशुतोष कुमार ने किया।

इस अवसर पर निदेशक आशुतोष कुमार ने इंग्लिश विषय में 90 से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित करने वाली मेधावी छात्रा माही झा,नीतू कुमारी एवं खुशी सोनी को टॉप 3 में स्थान प्राप्त करने पर 5G मोबाइल उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके अथक परिश्रम,अनुशासन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए दिया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक आशुतोष सर ने अपने संबोधन में कहा कि ये तीनों छात्राएं न केवल अत्यंत प्रतिभाशाली हैं।बल्कि निरंतर मेहनत, लगन और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने बताया कि इनकी सफलता सही मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेने एवं अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर नीरज सर एवं निर्मल सर भी उपस्थित रहे और सभी ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## महिला ने गले में फंदा डाल कर आत्महत्या की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** जिले के रोशना थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 8 काबिलपुर गांव में 22 वर्षीय आरती देवी पति मोनू मंडल साकिन काबिलपुर ने गले में फंदा लगाकर पंखे में लटककर जान गंवा दी। मृतका की बड़ी भाभी रूबी देवी ने सर्वप्रथम पंखे से लटकते देख हो हल्ला कर ग्रामीणों को इकट्ठा की। ग्रामीणों ने पंखे से रस्सी काटकर शव को जमीन पर लेटाया तथा रोशना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही रोशना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए परिजनों से पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। रोशना प्रभारी थाना अध्यक्ष ऋषिराज ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।पीड़ित परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देकर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने की गुहार लगाई है।

मृतिका के बड़े पापा मोहन विश्वास, नाना रामस्वरूप मंडल, महेशपुर पंचायत के मुखिया राजू मिस्त्री सहित दर्जनों ने मृतिका के सास गीता देवी एवं ससुर दामोदर मंडल से घटना के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी ली। दोनों पक्षों के दर्जनों लोगों ने बैठक कर घटना के संबंध में बताया कि मृतिका आरती देवी वार्ड संख्या 3 पंचायत महेशपुर की शादी हिंदू रिवाज के तहत रोशना थाना क्षेत्र अंतर्गत काबिलपुर गांव में पांच महा पूर्व मोनू मंडल से हुई थी। बैठक में दोनों पक्षों ने स्वीकार किया कि मानसिक रूप से महिला विक्षिप्त थी। मृतिका के पति शादी के 10 दिन बाद मजदूरी करने दिल्ली चला गया। घटना की जानकारी परिजनों ने दूरभाष से दिया है। मृतिका तीन बहनों में सबसे छोटी थी। पिता का साया बचपन में ही उठ गया था। मां कर्ज के बोझ के कारण मजदूरी करने दिल्ली गई हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद ट्रेन पकड़ के कटिहार के लिए चल पड़ी है। इधर मां की सहमति पर दोनों पक्षों ने आपसी सहमति कर रोशना थाना में लिखित आवेदन देकर किसी तरह का मामला दर्ज नहीं करने का आवेदन दिया। आवेदन में जिक्र किया है कि बचपन से ही मृतिका विक्षिप्त मानसिक थी।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामरु में छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक मिलते ही चेहरे पर नई मुस्कान देखने को मिला

**विद्यालय में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है : संजीव कुमार पौद्दार**





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत कामरु पंचायत स्थित में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामरु में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तक वितरण से पूर्व पिछले दिनों विद्यालय में हुए वार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। वर्ग 8 में पठन-पाठन करने वाले

छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। वर्ग एक,वर्ग दो,वर्ग तीन, वर्ग आठ में नामांकन लिया गया है। बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावक विद्यालय आते हैं और अपने-अपने बच्चों का नामांकन करवा रहे हैं। इस क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामरु में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। विद्यालय में अच्छे-अच्छे शिक्षक-शिक्षिकाएं है,जो बच्चों के हित में लगे रहते हैं।प्रधानाध्यापक कुशल व्यवहार के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी हैं। प्रधानाध्यापक संजीव कुमार पौद्दार शिक्षक-शिक्षिकाओं के अच्छा तालमेल रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। सभी बच्चों को एक समान देखते हैं।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामरु के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार पौद्दार ने बताया कि वर्ग एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं का पिछले दिनों रिजल्ट जारी कर प्रगति पत्रक वितरण किया गया। वर्ग 8 में पठन-पाठन करने वाले 40 छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया।

प्रधानाध्यापक संजीव कुमार पौद्दार ने बताया कि विद्यालय में एक समारोह का आयोजन कर छात्रों के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। वर्ग एक में 30, वर्ग 2 में 35, वर्ग 3 में 45, वर्ग 4 में 30, वर्ग 5 में 35, वर्ग 6 में 40,वर्ग सात में 20,वर्ग 8 में 25 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका तूहीना शौर्य, सुनिता देवी, कुमारी मुंद्रिका, सुनीति साहा, मनीष कुमार पंडित, राधेश्याम महतो उपस्थित होकर पुस्तक वितरण में काफी सहयोग किया।

छात्र-छात्राएं पाठ्य पुस्तक लेते ही काफी खुश नजर आये। पाठ्य पुस्तक मिलते ही बच्चों के चेहरे पर एक नई मुस्कान देखने को मिला। बाल कल्याण समिति के निःवर्तमान सदस्य सह शिक्षा प्रेमी सह वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने विद्यालय पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना दिया।साथ ही पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में भी भाग लिया।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला पदाधिकारी ने किया हेल्प डेस्क का उद्घाटन, कारा परिसर में किया पौधारोपण





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेतिया।** मंडलकारा बेतिया में बंदियों से मुलाकात के लिए परिजनों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ई-प्रिज्म सिस्टम लागू कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से अब बंदियों के परिजनों को मुलाकात संबंधी प्रक्रिया में काफी सहूलियत मिलेगी और व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित होगी।

इसी क्रम में जिला पदाधिकारी एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मंडलकारा बेतिया का विस्तृत समन्वयक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों से परिजनों की मुलाकात को सुगम बनाने के उद्देश्य से ई-प्रिज्म सिस्टम के तहत स्थापित हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रणाली के माध्यम से मुलाकात प्रक्रिया सरल, सुचारू और समयबद्ध हो सकेगी। इस अवसर पर कारा परिसर में जिला पदाधिकारी एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पौधारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कारा की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जांच के दौरान मंडलकारा की व्यवस्था संतोषप्रद पाई गई।

मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड, कारा अधीक्षक संजय कुमार, प्रभारी उपाधीक्षक प्रेमजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन की इस पहल को बंदियों के परिजनों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है, जिससे मुलाकात की प्रक्रिया में आने वाली परेशानियां काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।

## दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की हुई मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेतिया।** शादी समारोह से लौटकर आ रहे नवीन पटेल,उम्र 22 वर्ष,पिता,प्रकाश पटेल,जो साठी थाना क्षेत्र के बहुवरवा पंचायत निवासी बताए गए हैं। दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के चाचा रामबाबू पटेल ने संवाददाता को बताया कि नवीन अपने मामा के घर मानपुरमकरी स्थित,मुख्तार पटेल के यहां शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था,इसी दौरान सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर इतनी भीषण थी कि नवीन ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। पिता ने बताया कि मेरा बेटा रामलखन सिंह यादव कॉलेज से बी ए पास किया था,पढ़ने में बहुत तेज था,पिता से बोला था कि जब तक हमारी नौकरी नहीं लग जाती है तब तक मैं शादी नहीं करूंगा, परिवार का बड़ा पुत्र था। घटना की सूचना मिलते है पूरे परिवार में मातम छा गया, परिवारजनों का रो रो कर पूरा हाल है,ग्रामीणों में कोहराम मचा हुआ है। चाचा ने बताया कि मैं साठी थाने में चौकीदार हूं,भतीजे की पढ़ाई में मदद कर रहा था।

घटना की सूचना मिलते ही लौरिया थाना अध्यक्ष, रमेश कुमार शर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया सरकारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया। मामले की जांच पड़ताल कि जा रही है। अज्ञात वाहन की तलाश और वाहन चालक की तलाश की जा रही है।वाहन चालक वाहन लेकर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार के टाउन हॉल में उत्कृष्टता सम्मान समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर निदेशक डॉ.एस.के.सुमन की पूजनीय माता जयमाला देवी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। जदयू विधायक डॉ. दुलाल चंद्र गोस्वामी,महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल,निदेशक डॉ.एस.के. सुमन,जेडीयू के प्रदेश महासचिव शिवप्रकाश गरोडिया,समाजसेवी नरोत्तम जोशी एवं नरेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह के दौरान सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में जयमाला शिक्षा निकेतन के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से प्रियंशु राज (97%), हर्ष आर्यन (96%), कल्पना (94%), गौरव कुमार (94%), अफीफा तबस्सुम (94%), हर्ष कुमार (93%), दीक्षा रानी (92%) एवं बबीता कुमारी (92%) को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र,मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 11वीं तक के उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। जिन्होंने सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

यह भव्य आयोजन संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता,अनुशासन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत निदेशक डॉ.एस.के.सुमन ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनके छात्र जीवन में यह जानकारी समय पर नहीं मिल पाई कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी इंटर स्तर से ही प्रारंभ हो जाती है।जिसके कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही सही मार्गदर्शन प्रदान करना संस्थान का उद्देश्य है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसी सोच के साथ जयमाला शिक्षा निकेतन के छात्र आज देशभर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जो पूरे JMSN परिवार के लिए गौरव का विषय है।

उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे विद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले चार वर्षों में जिन अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था के अनुसार सहयोग किया है। उनके बच्चे आज सफलता के शिखर पर पहुँच रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल ए. के. निराला,वरिष्ठ शिक्षक बी.के.वर्मा, मिथिलेश सिंह,मिथिलेश झा,त्रिलोकी मंडल,अमित कुमार,जयंत चटर्जी, लोकनाथ लोकप्रिय, कुमार योगेश झा, अनुरंजन कुमार,गोपाल सिंह,जयंत मुखर्जी, नूर अख्तर, कामरूप हक, खुशबू, सीमा कायस्कर,निशा, सिम्मी,मनीषा, नेहा,रुचि गामी, पिंटू गामी, खुशबू अविलाशा,शेर्या, अन्नू कौर, ऐन झा,सौरव कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं अत्यंत प्रतिभाशाली हैं और आने वाले समय में विद्यालय के साथ-साथ जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी बोलीं-अब बच्चों को अपने हाथों से कौन खिलाएगा?

**भागलपुर**। सदर अस्पताल में मंगलवार की रात 2:11 बजे चीत्कारों से दहल उठा। अस्पताल परिसर में एकाएक चीखें गूंजने लगीं। सबसे तेज आवाज सुनाई दे रही थी-बीच मझधार में छोड़ मुझे कहां चले गए तुम... अब बच्चों को अपने हाथों से कौन खिलाएगा... मैं किसके सहारे रहूंगी? परिवार के लोग उन्हें चुप करा रहे थे। कोई उन्हें बोतल से पानी पिला रहा था। कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की पत्नी शालू देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। उनके साथ दो साल का बेटा कृष्णव व एक साल की बेटी कृषिका की आंखें ये सब देख भाव-सुन हो गई थीं। उन्हें यह नहीं पता था कि पिता अब इस दुनियां में नहीं हैं। उनके भाई-बहन, भाभी सभी रोते हुए एक दूसरे को सांत्वना दे रहे थे। छोटे भाई चंद्रभूषण ने रुंधे गले से बताया कि कृष्ण भूषण बचपन से ही असाधारण थे। अपनी काबिलियत के दम पर यूजीसी नेट की परीक्षा पास की थी। फिर बीपीएससी की परीक्षा पास कर वे इस नौकरी में आए थे। उनकी बहादुरी की गाथा अब आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बनेगी।

### छात्रवृत्ति और शैक्षणिक सामग्री बांटी

**भागलपुर**। सी.एम.एस. उच्च विद्यालय के गौरवशाली अतीत को पुनर्स्थापित करने में जुटी सीएमएस एलुमनी एसोसिएशन ने बुधवार को विद्यालय परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। अपनी विशिष्ट कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले इस संगठन ने न केवल स्कूल की बुनियादी संरचना, बल्कि छात्रों के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं कीं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की घोषणा की गई।

### भागलपुर-हंसडीहा फोरलेन टेंडर की तारीख 1 माह बढ़ी

**भागलपुर**। भागलपुर-हंसडीहा फोरलेन सड़क निर्माण एक बार फिर अड़चन में फंस गया है। इस बार प्राक्कलन में तकनीकी पेच फंसने से पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो गई है। अधिकारी ने प्राक्कलन में जरूरी बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिसके वजह से टेंडर खोलने की तारीख अब एक माह आगे बढ़ा दी गई है। बता दें कि सड़क निर्माण दो चरणों में होना है। पहले चरण में अलीगंज बाइपास थाना से ढाका मोड़ तक और दूसरे चरण में ढाका मोड़ से हंसडीहा तक फोरलेन बनाना है। खास बात यह है कि इस प्रोजेक्ट के लिए भू-अर्जन की समस्या पहले ही सुलझ चुकी है। 28 अप्रैल को टेंडर खुलना था, लेकिन नए पेच के कारण देरी हुई।

### कर्मियों से लिखित बयान मांगा

**भागलपुर**। 21 अप्रैल को बड़ी पोस्ट ऑफिस में जीडीएस (ग्रामीण डाक सेवक) पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों और डाक विभाग के कर्मचारियों के बीच डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान हुई हाथापाई के मामले में एक सप्ताह बाद विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है।घटना के दिन हुए हंगामे का वायरल वीडियो जांच के दायरे में लिया गया है, जिसमें एक कर्मचारी और अभ्यर्थी के बीच हाथापाई होती दिख रही है।

### छात्र परिषद का गठन, दीक्षा स्कूल के बच्चों ने ली कर्तव्य की शपथ

**भागलपुर**। सबौर स्थित दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागलपुर के मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) एस.एन. मिश्रा रहे, जिनका स्वागत निदेशक संजय कुमार पासवान द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। प्राचार्य संजय सिंह ने समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को उनके पद और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एस.एन. मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्यालय की इस अनूठी परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर ही छात्र भविष्य में राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभा सकते हैं। विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन और विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्षों को पद के बैज से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन निधि झा,शालू शिवानी एवं विशाल कुमार ने किया।

# बाल मजदूरी खत्म करने की पहल कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। अररिया में बाल श्रम उन्मूलन दिवस 2026 के अवसर पर गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। संयुक्त श्रम भवन, अररिया के सभागार में श्रम अधीक्षक अमित कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य अररिया जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना था। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई अररिया, शंभू कुमार रजक ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए सरकार के कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों को आगे आना होगा। उन्होंने इस दिशा में सभी को जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

**छुड़ाए गए बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा**: श्रम अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बाल श्रम मुक्त करने हेतु लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। मुक्त कराए गए बच्चों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को अररिया जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प दिलाया और सक्रिय भूमिका




निभाने का आह्वान किया। इस दौरान बाल श्रम उन्मूलन की शपथ भी दिलाई गई। बैठक के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बाल श्रम के उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है। इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन, समाज और विभिन्न संगठनों के बीच समन्वय आवश्यक है।

**श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमित कश्यप उपस्थित रहे**: कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति अररिया के अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा, बाल संरक्षण पदाधिकारी बबलू पाल, जिला समन्वयक दीपक कुमार पासवान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी (अररिया सदर) सौरव प्रभाकर, नरपतगंज की श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ममता कुमारी और फारबिसगंज के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमित कश्यप उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त, जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज के कोषाध्यक्ष मो. मुख्तार आलम, स्वयंसेवी संस्था प्रथम के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# महिला की गला रेतकर हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र अंतर्गत कदवा गांव के वार्ड नंबर 12 में एक 25 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। महिला का शव मकई के खेत में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गांव के ही असलम की पत्नी हेना परवीन के रूप में हुई है। यह घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, हेना परवीन सुबह करीब 11 बजे मकई के खेत में घास काटने गई थीं। कुछ देर बाद अपने 2 वर्षीय बेटे के रोने की सूचना पर वह घर लौटीं। बच्चे को दूध पिलाने के बाद वह दोबारा खेत चली गईं। लगभग एक घंटे बाद जब हेना घर नहीं लौटीं, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की और खेत में उनका गला रेता हुआ शव पाया।

**बच्चे को दूध पिलाकर दोबारा खेत गई, वापस नहीं लौटी**: घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने अररिया आरएस थाना पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी अंकुर कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों तथा स्थानीय लोगों से



पूछताछ की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। मृतका के पिता अब्दुल ने बताया, "मेरी बेटी सुबह घास काटने गई थी। बच्चे के रोने पर वह घर आई, दूध पिलाया और वापस चली गई। कुछ देर बाद उसका शव खेत में मिला। हम न्याय चाहते हैं।"

**हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका**: पुलिस इस पूरे मामले की गहन छानबीन कर रही है। मृतका की सौतन समेत आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना सं॰ – टीआरएस–जी–आरटी–ओपीएन–06–आरएसपी–25–26, दिनांक : 28.04.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, अनुभवी ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों जो इस प्रकार के कार्य का अनुभव रखते हो, से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य का विवरण स्थान सहित : रिपेयरिंग/ओवरहौलिंग ऑफ शंटिग कॉन्टैक्टर & लाइन कॉन्टैक्टर 1500 Amp कैपेसिटी ऑफ कांवेंसनल लोकोमोटिव्स क्वांटिटी लाइन कॉन्टैक्टर 1500 नोस & शंटिंग कॉन्टैक्टर 1500 नोस। फर्म की कार्यशाला, अनुमानित लागत : ₹2,65,65,750/–, धरोहर राशि : ₹5,31,300/–, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक : 25.05.2026 समय 13:00 बजे तक, दिनांक : 25.05.2026 समय 15.00 बजे। वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण का जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वारिष्ठ मंडल बिजली इंजी॰/कचस्टा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0147/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/26–27/36


# तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर से टकराई



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर गए। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तिलक समारोह से वापस घर लौट रहे थे। हादसे की बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में एडमिट कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मायागंज रेफर कर दिया। घायलों में अकबरनगर के हरियो निवासी त्रिपुरारी कुमार, मंगल कुमार और रविशंकर शामिल है। घटना नाथनगर के दोगच्छी के पास की है।

**चौथे की पहचान नहीं हुई है**: प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय तीनों युवक शराब के नशे में थे। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद ट्रैक्टर से टकाई गई। हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। एक अन्य युवक की भी घायल होने की सूचना है। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है।

**जांच में जुटी पुलिस**: नाथनगर इंस्पेक्टर राजीव रंजन सिंह ने बताया कि 2 बाइक सवार युवकों ने ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मारी। तीन युवकों को इलाज के लिए मायागंज भेजा गया है। पुलिस की टीम मामले की छानबीन कर रही है।

# वाहन की टक्कर से 2 शख्स की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका**। बांका में गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रजौन थाना क्षेत्र अंतर्गत राजावर चौक के पास हुई। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बारात से लौट रहे थे। मृतकों की पहचान रजौन थाना क्षेत्र के मड़नी गांव निवासी मिथिलेश तांती और अमरपुर थाना क्षेत्र के बेरमा गांव निवासी विकास तांती के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान ज्योतिष तांती के रूप में हुई है। उसका इलाज जारी है।

बारात में शामिल होने गए थे तीनों: मिथिलेश तांती, विकास तांती और ज्योतिष तांती रजौन थाना क्षेत्र के चिलकावर गांव में एक बारात में शामिल होने गए थे। बारात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे।मिथिलेश अपनी बाइक से दोनों साथियों को उनके गांव बेरमा छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान राजावर चौक और खिड्डी मोड़ के बीच पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मिथिलेश और विकास की मौके पर ही कुचलकर मौत हो गई, जबकि ज्योतिष गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा।

घायल को इलाज के लिए लाया गया अस्पताल: घटना की सूचना किसी राहगीर ने डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों को रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल ज्योतिष को परिजनों द्वारा अमरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनके रोने-पीटने से माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है। बताया जाता है कि दोनों मृतक पेशे से ट्रक चालक थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। प्रभारी थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

### टीम साईं की रसोई ने बेटी की शादी में की मदद

**बेगूसराय**। कैलाशपुर की एक जरूरतमंद महिला के लिए बेटी की शादी बड़ी चुनौती बन गई थी। ऐसे समय में टीम साईं की रसोई ने आगे बढ़कर न सिर्फ सहयोग किया, बल्कि पूरे समाज को साथ जोड़कर बेटी की शादी सम्मानजनक तरीके से संपन्न कराई। टीम के खाद्य मंत्री पंकज कुमार, रौनक अग्रवाल और सुमित कुमार ने बताया कि जैसे ही परिवार की स्थिति की जानकारी मिली, लोगों ने एकजुट होकर मदद का निर्णय लिया। जनसहयोग से जुटाई गई राशि और सामग्री से शादी की सभी जरूरी तैयारियां पूरी की गईं। डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि टीम लगातार ऐसे मानवीय कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है और समाज को भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।इस नेक कार्य में अरविंद कुमार, बबली मसकरा, रवि कुमार, मुन्ना मुख्तार सहित कई समाजसेवियों ने योगदान दिया। वहीं टीम के सदस्य संतोष सोनी, आदित्य सोनी, प्रशांत, सुमित, रौनक अग्रवाल, अंकित और शैलेन्द्र समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस पहल ने यह संदेश दिया कि समाज की छोटी-छोटी मदद भी किसी परिवार के लिए बड़ी राहत बन सकती है।

### 89 अधिकारियों ने पंचायतों में योजनाओं का निरीक्षण कर जमीनी हकीकत परखी

**बेगूसराय**। बेगूसराय में बिहार सरकार के निर्देश पर 29 अप्रैल को जिला प्रशासन ने पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं का व्यापक औचक निरीक्षण कराया। इसके लिए 89 पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई, जिन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में पहुंचकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। बलिया अनुमंडल क्षेत्र में भी अधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में स्थल निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, 'हर घर नल का जल' योजना की स्थिति, पंचायत सरकार भवनों की भौतिक अवस्था और सोलर लाइट की कार्यशीलता की जांच की गई।


## कुछ स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों की संशोधित समयसूची

निम्नलिखित ट्रेनों की समयसूची में, संबंधित स्टेशनों पर निम्नानुसार संशोधन किया जाएगा:

● (1) 20508 **आनंद विहार टर्मिनल – सायरंग राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 03.05.2026) : संशोधित समयसूची: बदरपुर जं. :** आगमन 11:20 बजे, प्रस्थान 11:30 बजे। **हैलाकंडी :** आगमन 12:25 बजे, प्रस्थान 12:27 बजे। **भैरबी :** आगमन 13:35 बजे, प्रस्थान 13:37 बजे। **सायरंग :** आगमन 15:25 बजे।

● (2) 20507 **सायरंग – आनंद विहार टर्मिनल राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 08.05.2026) : संशोधित समयसूची: सायरंग :** प्रस्थान 16:10 बजे। **भैरबी :** आगमन 16:54 बजे, प्रस्थान 16:56 बजे। **हैलाकंडी :** आगमन 18:08 बजे, प्रस्थान 18:10 बजे। **बदरपुर जं. :** आगमन 19:15 बजे, प्रस्थान 19:25 बजे। **न्यू हाफलोंग :** आगमन 21:15 बजे, प्रस्थान 21:17 बजे। **होजाई :** आगमन 00:35 बजे, प्रस्थान 00:37 बजे। **गुवाहाटी :** आगमन 03:50 बजे, प्रस्थान 04:05 बजे।

● (3) 13181 **कोलकाता – सिलघाट टाउन काजीरंगा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 04.05.2026) : संशोधित समयसूची: सिलघाट टाउन :** आगमन 08:10 बजे।

● (4) 13182 **सिलघाट टाउन – कोलकाता काजीरंगा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 05.05.2026) : संशोधित समयसूची: सिलघाट टाउन :** प्रस्थान 13:45 बजे। **जाखलाबंधा :** आगमन 13:56 बजे। प्रस्थान: 13.58 बजे **नगांव:** आगमन: 14.43 बजे, प्रस्थान: 14.45 बजे। **सेनचोवा जंक्शन:** आगमन: 14.52 बजे, प्रस्थान: 14.54 बजे। **चापरमुख जंक्शन:** आगमन: 15.24 बजे, प्रस्थान: 15.26 बजे। **जागी रोड:** आगमन: 15.51 बजे, प्रस्थान: 15.53 बजे।

● (5) 13175 **सियालदह – सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 04.05.2026) : संशोधित समयसूची: लंका:** आगमन: 04.55 बजे, प्रस्थान: 04.57 बजे। **सिलचर:** आगमन: 14.40 बजे।

● (6) 13173 **सियालदह – सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 01.05.2026) : संशोधित समयसूची: सबरूम:** आगमन: 21.10 बजे।

● (7) 22502 **न्यू तिनसुकिया – एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 08.05.2026) : संशोधित समयसूची: न्यू तिनसुकिया:** प्रस्थान: 17.30 बजे। **डिब्रूगढ़:** आगमन: 18.20 बजे, प्रस्थान: 18.30 बजे। **मोरनहाट:** आगमन: 19.05 बजे, प्रस्थान: 19.07 बजे। **शिवसागर टाउन:** आगमन: 19.40 बजे, प्रस्थान: 19.42 बजे। **सिमालुगुड़ी जंक्शन:** आगमन: 19.58 बजे, प्रस्थान: 20.00 बजे। **मरियानी जंक्शन:** आगमन: 20.50 बजे, प्रस्थान: 21.00 बजे।

● (8) 22504 **डिब्रूगढ़ – कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 05.05.2026) : संशोधित समयसूची: डिब्रूगढ़ :** प्रस्थान 19.00 बजे। **न्यू तिनसुकिया :** आगमन 19.50 बजे। प्रस्थान 20.00 बजे। **नहरकटिया :** आगमन 20.28 बजे। प्रस्थान 20.30 बजे। **सिमालुगुड़ी जं. :** आगमन 21.30 बजे। प्रस्थान 21.32 बजे। **मरियानी जं. :** आगमन 22.20 बजे। प्रस्थान 22.30 बजे। **फुरकटिंग जं. :** आगमन 23.48 बजे। प्रस्थान 23.50 बजे।

● (9) 15629 **तांबरम – सिलघाट टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 04.05.2026) : संशोधित समयसूची: सिलघाट टाउन :** आगमन 03.15 बजे।

● (10) 20502 **आनंद विहार टर्मिनल – अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.05.2026) : संशोधित समयसूची:अगरतला :** आगमन 16.25 बजे।

● (11) 20501 **अगरतला – आनंद विहार टर्मिनल तेजस राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 11.05.2026) : संशोधित समयसूची:अगरतला :** प्रस्थान 15.00 बजे। **अंबासा :** आगमन 16.08 बजे। प्रस्थान 16.10 बजे। **धर्मनगर :** आगमन 17.38 बजे। प्रस्थान 17.40 बजे। **न्यू करीमगंज :** आगमन 18.50 बजे। प्रस्थान 18.52 बजे। **बदरपुर जं. :** आगमन 19.15 बजे। प्रस्थान 19.25 बजे। **न्यू हाफलोंग :** आगमन 21.15 बजे। प्रस्थान 21.17 बजे। **मैबंग :** आगमन 22.28 बजे प्रस्थान। 22.30 बजे। **होजाई:** आगमन 00.35 बजे। प्रस्थान 00.37 बजे। **गुवाहाटी:** आगमन 03.50 बजे। प्रस्थान 04.05 बजे।

● (12) 15959 **हावड़ा – डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.04.2026) : संशोधित समयसूची: डिब्रूगढ़ :** आगमन 04.25 बजे।

● (13) 15960 **डिब्रूगढ़ – हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 05.05.2026) : संशोधित समयसूची: डिब्रूगढ़ :** प्रस्थान 19.45 बजे। **चबुआ :** आगमन 20.13 बजे, प्रस्थान 20.15 बजे। **न्यू तिनसुकिया :** आगमन 20.35 बजे, प्रस्थान 20.45 बजे। **दुलियाजान :** आगमन 21.07 बजे, प्रस्थान 21.09 बजे। **नहरकटिया :** आगमन 21.21 बजे, प्रस्थान 21.23 बजे। **नामरूप** : आगमन 21.35 बजे, प्रस्थान 21.37 बजे। **भोजो :** आगमन 22.03 बजे, प्रस्थान 22.05 बजे। **सिमालुगुड़ी जं. :** आगमन 22.35 बजे, प्रस्थान 22.37 बजे। **अमगुड़ी :** आगमन 23.00 बजे, प्रस्थान 23.02 बजे। **मरियानी जं. :** आगमन 00.05 बजे, प्रस्थान 00.15 बजे। **फुरकटिंग जं. :** आगमन 01.40 बजे, प्रस्थान 01.42 बजे।

● (14) 13125 **कोलकाता – सायरंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 02.05.2026) : संशोधित समयसूची: सायरंग:** आगमन 18:30 बजे।

● (15) 13126 **सायरंग – कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.05.2026) : संशोधित समयसूची: सायरंग:** प्रस्थान 06:40 बजे, **भैरबी:** आगमन 07:26 बजे, प्रस्थान 07:28 बजे, **जमीरा:** आगमन 07:50 बजे, प्रस्थान 07:52 बजे, **लालाबाजार:** आगमन 08:22 बजे, प्रस्थान 08:24 बजे, **हैलाकंडी:** आगमन 08:42 बजे, प्रस्थान 08:44 बजे, **कटखल जंक्शन:** आगमन 09:15 बजे, प्रस्थान 09:17 बजे, **बदरपुर जंक्शन:** आगमन 10:10 बजे, प्रस्थान 10:20 बजे, **न्यू हाफलोंग:** आगमन 12:28 बजे, प्रस्थान 12:30 बजे, **होजाई:** आगमन 15:55 बजे, प्रस्थान 15:57 बजे, **गुवाहाटी:** आगमन 19:30 बजे, प्रस्थान 19:40 बजे।

● (16) 15961 **हावड़ा – डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 01.05.2026) : संशोधित समयसूची: डिब्रूगढ़:** आगमन 23:00 बजे।

● (17) 15962 **डिब्रूगढ़ – हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 04.05.2026) : संशोधित समयसूची: डिब्रूगढ़:** प्रस्थान 01:15 बजे, **न्यू सिसिबोरगांव:** आगमन 01:47 बजे, प्रस्थान 01:49 बजे, **धेमाजी:** आगमन 02:02 बजे, प्रस्थान 02:04 बजे।

● (18) 15657 **दिल्ली – कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.04.2026) : संशोधित समयसूची: कामाख्या:** आगमन 13:25 बजे।

● (19) 15626 **अगरतला – देवघर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.05.2026) : संशोधित समयसूची: अगरतला:** प्रस्थान 18:40 बजे, **तेलियामुरा:** आगमन 19:16 बजे, प्रस्थान 19:18 बजे, **अंबासा:** आगमन 19:54 बजे, प्रस्थान 19:56 बजे, **धर्मनगर:** आगमन 21:24 बजे, प्रस्थान 21:26 बजे, **बदरपुर जं.:** आगमन 23:00 बजे, प्रस्थान 23:10 बजे, **न्यू हाफलोंग:** आगमन 01:20 बजे, प्रस्थान 01:22 बजे, **लामडिंग जं.:** आगमन 04:55 बजे, प्रस्थान 05:10 बजे, **होजाई:** आगमन 06:00 बजे, प्रस्थान 06:02 बजे।

● (20) 12501 **कोलकाता – अगरतला गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 03.05.2026) : संशोधित समयसूची: अगरतला:** आगमन 06:55 बजे।

● (21) 12502 **अगरतला – कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.05.2026) : संशोधित समयसूची: अगरतला:** प्रस्थान 07:00 बजे, **धर्मनगर:** आगमन 09:32 बजे, प्रस्थान 09:34 बजे, **न्यू करीमगंज:** आगमन 10:45 बजे, प्रस्थान 10:47 बजे, **बदरपुर जं.:** आगमन 11:30 बजे, प्रस्थान 11:40 बजे, **न्यू हाफलोंग:** आगमन 13:38 बजे, प्रस्थान 13:40 बजे, **मंदरडिसा:** आगमन 16:16 बजे, प्रस्थान 16:18 बजे, **होजाई:** आगमन 16:56 बजे, प्रस्थान 16:58 बजे, **गुवाहाटी:** आगमन 20:50 बजे, प्रस्थान 21:00 बजे।

● (22) 13145 **कोलकाता – राधिकापुर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.04.2026) : संशोधित समयसूची: राधिकापुर:** आगमन 07:40 बजे।

**टिप्पणी:** अन्य सभी स्टेशनों पर ट्रेनों की समयसूची अपरिवर्तित रहेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**संशोधनी संख्या-1**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई/संकेत एवं दूरसंचार, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डिप्टी सीपीएम / एसएनटी / एमएलडीटी / 01, दिनांक 24.04.2026** के अधीन **निविदा संख्या: डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एमएलडीटी-01-26-27** के सम्बन्ध में **संशोधनी संख्या-1**। कार्य का नाम —पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में गंगवारा (जीजीडब्ल्यूए), पंजवारा (पीजेएलई), गोनुधाम (जीआईएफ) तथा कुरमाहाट (केयूएमटी) पर नए क्रॉसिंग स्टेशनों के विकास के सम्बन्ध में हंसडीहा-पोड़ेयाहाट खंड में गंगवारा (जीजीडब्ल्यूए) स्टेशन, बाराहाट-मंदारहिल खंड में पंजवारा (पीजेएलई) स्टेशन, भागलपुर-टिकनी खंड में गोनुधाम (जीआईएफ) स्टेशन तथा हंसडीहा-नोनीहाट खंड में कुरमाहाट (केयूएमटी) स्टेशन पर नवीनतम संशोधनी सहित आरडीएसओ/एसपीएन/192/2019 के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिस्टम के प्रावधान सम्मिलित संकेत एवं दूरसंचार कार्य के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य। निम्नलिखित संशोधन इस प्रकार हैं: **(i) निविदा बंद होने की तारीख का विस्तार:** निविदा बंद होने की तारीख मौजूदा 18.05.2026 से बढ़ाकर **22.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक** कर दी गई है (4 दिनों का विस्तार)। (ii) **कार्य पूरा करने की अवधि: 12 महीने;** पहले यह 24 महीने थी। (iii) ऊपर उल्लिखित विवरण (i) और (ii) **निविदा दस्तावेजों की पृष्ठ संख्या 4 में** भी शामिल किए गए हैं। (iv) **पूर्व-बोली बैठक की शुरुआत और आयोजन : पूर्व-बोली बैठक 05.05.2026 को सीएसटीई/निर्माण का कार्यालय, 10वीं मंजिल, एनकेजी बिल्डिंग, कोलकाता** में आयोजित की जाएगी। निविदा के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। संशोधनी संख्या 1 के साथ ई-निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-23/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता/मुख्यालय/ हावड़ा के अधीन: क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 21_2026-27, दिनांक 28.04.2026। कार्य का विवरण:** टिकियापाड़ा कोचिंग यार्ड में नए स्टोर डिपो का निर्माण। **अनुमानित लागत:** रु. 1,46,91,484.71। **बयाना राशि:** रु. 2,93,800। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 08 (आठ) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 22_2026-27, दिनांक 28.04.2026। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन टिकियापाड़ा कोचिंग कॉम्प्लेक्स, हावड़ा में कोच में पानी देने के लिए निकासी पाइपलाइन की बदली। **अनुमानित लागत:** रु. 92,50,427.79। **बयाना राशि:** रु. 1,85,000। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छह) महीना। **क्रम संख्या:** 3। **ई-निविदा संख्या: 23_2026-27, दिनांक 28.04.2026। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/मुख्यालय/ हावड़ा के अधीन 02 (दो) वर्षों के लिए ईटीपी में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, सेंट्रल पम्पिंग स्टेशन, हावड़ा स्टेशन के लिफ्टिंग स्टेशन का परिचालन एवं रखरखाव तथा अन्य सम्बन्धित कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 1,74,58,276.88। **बयाना राशि:** रु. 3,49,200। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 24 (चौबीस) महीना। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 26.05.2026 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-41/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच निर्माण के लिए आधुनिक डिजाइन तैयार

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा अंतर्गत एनएच-84 लेफ्टआउट और एसएच-102 पथ के जंक्शन (बिहिया चौरास्ता पथ) पर जंक्शन सुधार के लिए निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह कार्य यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और बढ़ते ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान आधुनिक डिजाइन व सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ताकि आवागमन सुचारु व सुरक्षित रह सके। संबंधित पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने व गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद यातायात व्यवस्था अधिक सुगम व सुरक्षित हो जाएगी। साथ ही जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आम लोगों का समय की बचत होगी।

### डीएम ने किया रजिस्ट्री कार्यालय के पार्किंग स्थल का निरीक्षण

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को रजिस्ट्री कार्यालय के नवनिर्मित पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्किंग व्यवस्था प्रारंभ की जाए। ताकि आम लोगों को तुरंत लाभ मिल सके।जिलाधिकारी ने कहा कि इस पार्किंग सुविधा के शुरू होने से रजिस्ट्री कार्यालय के आसपास लगने वाले जाम की समस्या में काफी हद तक कमी आएगी और लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग स्थल को व्यवस्थित, सुरक्षित व सुगम बनाने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, अवर निबंधक आरा सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भोजपुर में दूसरे केंद्रीय विद्यालय निर्माण का रास्ता साफ

**आरा**। जिले के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत केंद्रीय विद्यालय निर्माण का मार्ग अब पूरी तरह साफ हो गया है। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, आरा सदर अंचल के धनुपरा मौजा में स्थित 5 एकड़ गैरमजरुआ मालिक भूमि केंद्रीय विद्यालय संगठन (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) को लीज पर देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त भूमि थाना संख्या-164, खाता संख्या-210, खेसरा संख्या-1300, रकवा 2.56 एकड़ एवं खेसरा संख्या- 1301, रकवा 2.44 में एकड़ यानि कुल रकबा लगभग 5 एकड़ है। इस भूमि को प्रतीकात्मक रूप से एक रुपये के टोकन मूल्य पर 30 वर्षों के लिए लीज पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें आगे नवीकरण का भी प्रावधान रखा गया है। इस निर्णय से भोजपुर जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का रास्ता प्रशस्त हो गया है। लंबे समय से जिले में दूसरे केंद्रीय विद्यालय की मांग की जा रही थी, जो अब साकार होने की दिशा में आगे बढ़ चुकी है। विद्यालय के निर्माण से स्थानीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक माहौल का लाभ मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराने के बाद राज्य सरकार की स्वीकृति मिलना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों में इस फैसले को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी और जिले में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। केंद्रीय विद्यालय का दूसरा भवन होगा हाईटेक केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक एमएस अहमद ने बताया कि डीएवी स्कूल धनुपरा के समीप जो जमीन है उसे केंद्रीय विद्यालय के नाम ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। केंद्रीय विद्यालय का दूसरा भवन कॉफी हाईटेक बनेगा। पांच एकड़ जमीन पर मल्टी पर्पस हॉल, खेल का मैदान, क्लासरूम, लैब, लाइब्रेरी, टीचर क्वार्टर और प्रिंसिपल क्वार्टर सहित अन्य भवन बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जब तक केंद्रीय विद्यालय का दूसरा भवन बनकर तैयार नहीं होता है तब तक अस्थाई तौर पर मानव बैजनाथ कुल्हाड़ियां प्लस टू हाई स्कूल में पढ़ाई होगी।

### जलजमाव से रफ्तार थमी, बिजली व रेल सेवा बाधित

**आरा**| यह तस्वीर पूर्वी रमना रोड, महिला कॉलेज के समीप की है, जहां बुधवार शाम करीब 5:45 बजे अचानक बदले मौसम ने शहर की रफ्तार थाम दी। तेज आंधी के बाद झमाझम बारिश शुरू होते ही कुछ ही देर में शहर की प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। हालात ऐसे बन गए कि कई जगहों पर घुटनों तक पानी भर गया और लोग व वाहन मुश्किल से गुजरते नजर आए। आंधी के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूटकर गिर गए, जिससे घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं आरा-पटना रेल मार्ग पर भी तार क्षतिग्रस्त होने से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ । और कई घंटे तक आवागमन ठप रहा। शहर के प्रमुख मार्गों पर जलजमाव ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया।

### खेतों में पराली नहीं जलाने को ले किसानों को जागरूक करेगा कृषि विभाग के कर्मी

**बक्सर**। जिले में रबी फसलों का कटनी का कार्य लगभग समाप्त हो चुका है। फसल कंपनी के बाद किसान खेतों में फसल अवशेष (पराली) जला देते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर हो जाती है। वहीं इसका असर पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जिला कृषि विभाग ने किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान, कानून अपराध तथा पराली प्रबंधन से होने वाले लाभ एवं कृषि विभाग द्वारा पराली प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र पर मिलने वाले अनुदान के विषय में किसानों के मध्य जनजागरूकता अभियान चला रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी ग्यारह प्रखंडों के 136 पंचायत में जागरूकता अभियान 2 मई तक चलेगा। किसानों को जागरूक करने के वास्ते हर पंचायत के लिए टीम बनाई गई है, जिसमें कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक और किसान सलाहकारों को शामिल किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि आवंटित पंचायतों में पराली जलाने से होने वाले नुकसान, कानूनन अपराध तथा पराली प्रबंधन से होने वाले लाभ एवं कृषि विभाग द्वारा पराली प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान के विषय में सुबह या संध्या काल में किसान गोष्ठी या चौपाल के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करेंगे। जनजागरूकता अभियान से संबंधित किसान गोष्ठी या चौपाल में सभी संबंधित प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी भी भाग लेंगे। जागरूकता कार्यक्रम के सम्पूर्ण प्रभार में नोडल पदाधिकारी, फसल अवशेष प्रबंधक-सह-उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) जिला कृषि अभियंत्रण कार्यालय, बक्सर रहेंगी।

### इटाढ़ी आरओबी का नाम डॉ. मनमोहन सिंह रखने की मांग

**बक्सर**। बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि इटाढ़ी गुमटी आरओबी एवं चौसा गुमटी आरओबी का निर्माण कार्य पूरा होने के कगार पर है और जल्द ही दोनों आरओबी का उद्घाटन होने वाला है। इस आरओबी निर्माण को लेकर जनहित में इटाढ़ी गुमटी पर रेल चक्का जाम व धरना-प्रदर्शन मेरे नेतृत्व में किया गया था। उस वक्त मुझ पर मुकदमा भी किया गया। आज भी मैं उच्च न्यायालय से जमानत पर हूं। यूपीए कि सरकार ने 2013 में इन दोनों आरओबी के निर्माण कि स्वीकृति दी, लेकिन इतने लंबे इंतजार के बाद दोनों आरओबी चालू होने जा रहा है। जनहित के इस आंदोलन में मेरे त्याग व तपस्या के बदौलत इस आरओबी का निर्माण चालू हुआ, जो कांग्रेस कि देन है। जिस वक्त आरओबी निर्माण कि स्वीकृति मिली उस वक्त डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इसलिए इटाढ़ी आरओबी का नामकरण स्व डॉ मनमोहन सिंह के स्मृति में उनके नाम पर किया जाए।

# मामूली विवाद में छात्र को गोली मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के मनैनी बाजार में क्रिकेट खेलने के दौरान हुए मामूली विवाद में छात्र को गोली मारने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। घायल रौशन कुमार के बयान पर सन्नी यादव समेत पांच लोगों को नामजद किया गया है। सभी आरोपी फिलहाल फरार है, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र की है। पीड़ित सिकरहटा के बीरबल टोला, वार्ड संख्या-दो निवासी छट्ठू सिंह के पुत्र हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। बिहार पुलिस में चालक सिपाही पद के लिए रिजल्ट भी आ चुका है। जिससे परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन इस घटना ने सब कुछ बदल दिया।



**बीच-बचाव के दौरान मारी गोली**: जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी दौरान रौशन कुमार झगड़ा शांत कराने के उद्देश्य से मौके पर पहुंचे थे। लेकिन बीच-बचाव करना उन्हें भारी पड़ गया। दूसरे पक्ष के हथियारबंद लोगों ने निशाना बनाते हुए गोली चला दी, जो उनके पेट में जा लगी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत आरा शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

**झगड़ा शांत कराने गया था युवक**: चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घायल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घायल रौशन कुमार ने पुलिस को दिए बयान में स्पष्ट कहा है कि वह सिर्फ झगड़ा शांत कराने गए थे, लेकिन उन्हें जानबूझकर गोली मार दी गई।

## कृषि भवन में एकदिवसीय जॉब कैंप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला नियोजनालय की ओर से गुरुवार(30 अप्रैल) को कृषि भवन कैंपस में जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। तीन निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी मदरसन पीवीटी.लिमिटेड, इनोवसर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एवं यूनो मिंडा में ऑन-द-स्पॉट चयन किया जाएगा। जॉब कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने दी। कैंप में भोजपुर जिले के बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलेगा। मदरसन पीवीटी. लिमिटेड कंपनी क्वालिटी प्रोटेक्शन स्टोर में कुल 40, इनोवसर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एसी मैन्युफैक्चरिंग में 50 एवं यूनो मिंडा कंपनी के ऑपरेटर में 30 पदों पर भर्ती करेगी। चयनित अभ्यर्थियों को 12,000 से16000 रुपए तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। इस जॉब कैंप में पुरुष-महिला अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। आवेदन के लिए आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता 8 वीं,10 वीं पास,




इंटर, स्नातक और ITI मांगी गई है। चयन प्रक्रिया के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा और सभी जरूरी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है।

**NCS पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जरूरी**: नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि इस जॉब कैंप में भाग लेने वाले सभी आवेदकों का NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है। जो उम्मीदवार अभी तक निबंधित नहीं हुए हैं, वे ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला नियोजनालय, भोजपुर में भी ऑनलाइन निबंधन की सुविधा उपलब्ध है। जॉब कैंप में प्रवेश निशुल्क रहेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजनालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में केवल सुविधा प्रदाता के रूप में होगी।

## साइकिल-बुलेट की टक्कर, एक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर में गुरुवार को बुलेट बाइक और साइकिल सवार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में वृद्ध व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बुलेट पर सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रामपुर क्षेत्र की है। बुलेट सवार की पहचान मांगराव निवासी अविनाश कुमार (40) के रूप में हुई है। अविनाश किसी शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी रामपुर के पास ये हादसा हुआ। गंभीर रूप से घायल अविनाश कुमार और उनके दीदी-जीजा को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां से तीनों को वाराणसी रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अविनाश कुमार के जीजा विक्की कुमार और दीदी खुशी की चार दिन पहले ही शादी हुई थी।



**वृद्ध व्यक्ति की पहचान में जुटी पुलिस**: वहीं मृतक साइकिल सवार की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि वह नुआंव की ओर जा रहे थे और उनकी साइकिल पर सब्जियां लदी हुई थीं। पुलिस आसपास के इलाकों में उनकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बुलेट और साइकिल को जब्त कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की मांग**: राजपुर थाना प्रभारी निवास कुमार ने बताया कि मृतक वृद्ध की पहचान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हादसा बुलेट सवार की तेज रफ्तार के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## तेज आंधी-बारिश जनजीवन प्रभावित, पेड़ गिरने से सड़कें जाम, बिजली आपूर्ति बाधित, सिर में चोट लगने से बुजुर्ग घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर जिले में बुधवार शाम तेज आंधी और मूसलाधार बारिश हुई। इसके कारण पूरा जिला प्रभावित हुआ। दिन में ही अंधेरा छा गया और धूल भरी आंधी के कारण लोगों को घरों में रहना पड़ा। सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़कर मुख्य सड़कों पर गिर गए, जिससे बक्सर–कोचस मार्ग समेत कई प्रमुख रास्ते रात 12 बजे तक जाम रहे। आंधी-बारिश का असर शादी-विवाह समारोहों पर भी पड़ा। कई बारातें रास्ते में फंस गईं और दूल्हों की गाड़ियां घंटों जाम में खड़ी रहीं। जिन घरों में बारातें पहुंचीं, वहां आंधी से तैयारियां बाधित हुईं। भारी टेंट और शामियाने हवा में उड़ गए, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। सैकड़ों मेहमानों के लिए बने पकवान धूल और बारिश से खराब हो गए।



**ई-रिक्शा पर गिरा पेड़**: बक्सर कलेक्ट्रेट रोड पर आंधी के दौरान एक पेड़ ई-रिक्शा पर गिर गया। ई-रिक्शा में महिला-पुरुष समेत छह लोग सवार थे। इस घटना में सभी को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पेड़ हटाकर सभी सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीण इलाकों में भी स्थिति गंभीर रही। पिठारी गांव के आनंद सिंह और उप मुखिया जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से कई घरों को नुकसान पहुंचा। लोगों को किसी तरह अपनी रस्में पूरी करनी पड़ीं।

**बिजली व्यवस्था भी हुई प्रभावित**: आंधी-बारिश से बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई। जिलेभर में बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से पूरी रात बिजली आपूर्ति बाधित रही। बक्सर और चौसा में सुबह करीब 3 बजे बिजली बहाल हुई, जबकि कई अन्य इलाकों में गुरुवार सुबह तक बिजली नहीं आ पाई। बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार मरम्मत में जुटे हैं, लेकिन हालात अभी भी सामान्य नहीं हो सके हैं।

**सिर पर पेड़ गिरने से शख्स घायल**: डुमरांव में सौ साल पुराना एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे घंटों जाम की स्थिति बनी रही। वहीं राजपुर के पत्रकार शंकर पांडेय के 75 वर्षीय पिता राधेश्याम पांडेय पर पेड़ गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गहरी चोट आई है और उनका इलाज जारी है। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। रेलवे क्षेत्र भी इस आपदा से अछूता नहीं रहा। बक्सर–रघुनाथपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पेड़ की बड़ी टहनी गिर गई, जो एक खड़ी मालगाड़ी पर आ गिरी। हालांकि, राहत की बात यह रही कि रेल परिचालन बाधित नहीं हुआ। आरपीएफ प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि पेड़ को हटाने का काम तुरंत शुरू कर दिया गया। गुरुवार सुबह भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और बारिश की संभावना बनी हुई है। लोग डरे-सहमे हैं और प्रशासन स्थिति सामान्य करने में जुटा है।

## आंधी-बारिश से पेड़ उखड़े, रेलवे परिचालन भी ठप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। जिले में बुधवार की शाम अचानक मौसम ने ऐसा करवट लिया कि पूरा इलाका प्रभावित हो गया। दिनभर छिटपुट बादलों के बीच सामान्य स्थिति बनी हुई थी, लेकिन शाम करीब 5 बजे के बाद तेज धूल भरी आंधी शुरू हो गई और कुछ ही देर में आसमान में अंधेरा छा गया। लगभग 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने जिले के विभिन्न हिस्सों में पेड़ों और बिजली व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया। कई जगहों पर पेड़ उखड़कर गिर गए, जिससे बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए और एहतियात के तौर पर पूरे जिले की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इसके बाद शुरू हुई बारिश रात करीब 8:00 बजे तक लगातार जारी रही, जिससे पूरे जिले में ब्लैकआउट जैसी स्थिति बन गई। शहर के प्रमुख इलाकों में आंधी का व्यापक असर देखने को मिला। बक्सर नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित कमलदह पोखर के सामने दो बड़े पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए, जिससे बिजली का खंभा टेढ़ा हो गया और आपूर्ति तत्काल बंद कर दी गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



अंबेडकर चौक पर नगर परिषद द्वारा लगाया गया यूनिक पोल, जिस पर विज्ञापन बैनर लगाए जाते थे, तेज हवा के चलते टूटकर गिर गया। यह चौराहा शहर का सबसे व्यस्त इलाका माना जाता है, लेकिन संयोगवश यहां भी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में भी तेज आंधी का असर स्पष्ट दिखा। स्टेशन के बाहरी हिस्से में लगे बैनर और पोस्टर हवा में उड़कर उखड़ गए। वहीं रजिस्ट्री ऑफिस के समीप एक पेड़ गिरने से बिजली का पोल टूट गया, जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कुछ अलग नहीं रहे। रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास पेड़ टूटकर गिर गया, हालांकि वहां किसी बड़ी क्षति की सूचना नहीं है। डुमरांव और राजपुर क्षेत्रों में भी कई स्थानों पर पेड़ उखड़ने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ध्वस्त हो गई है, जिससे लोगों को अंधेरे में रात बिताने की नौबत आ गई। मौसम के इस अचानक बदलाव का असर रेलवे परिचालन पर भी पड़ा। दानापुर रेल मंडल के भदौरा और गहमर के बीच ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन) पर पेड़ गिर जाने से डाउन लाइन का परिचालन घंटों तक बाधित रहा। तेज हवाओं और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के कारण ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर पेड़ हटाने और ओएचई को दुरुस्त करने में जुटी हुई है, ताकि जल्द से जल्द परिचालन सामान्य किया जा सके। इसी बीच मौसम विभाग ने ठनका गिरने को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार अगले तीन घंटों के दौरान जिले के कुछ स्थानों पर तेज आंधी, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के पास जाने से बचें तथा सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

## दोनों पक्षों की सहमति से विवाद निपटाने के लिए मिला अवसर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन पूरे देश के साथ-साथ बक्सर जिले में भी किया जाएगा। लोक अदालत केवल एक न्यायिक मंच नहीं, बल्कि न्याय को सरल, सुलभ और त्वरित बनाने का प्रभावी माध्यम है। बुधवार को उक्त बातें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर, काजल झांव ने कहीं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति के आधार पर विवादों का समाधान करना है। यहां न तो अधिक खर्च होता है और न ही वर्षों तक मामलों के लंबित रहने की समस्या रहती है। कई बार वर्षों से लंबित मामलों का निपटारा एक ही दिन में संभव हो जाता है। इस प्रक्रिया में न किसी की हार होती है और न ही जीत, बल्कि दोनों पक्षों के संतोष को प्राथमिकता दी जाती है। राष्ट्रीय लोक अदालत



में बैंकिंग, बिजली, मोटर वाहन दुर्घटना, न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन (पूर्व वाद) से जुड़े विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां लिए गए निर्णय आपसी सहमति पर आधारित होते हैं, जो अंतिम और बाध्यकारी होते हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झांव ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने विवादों का शीघ्र समाधान कर नई शुरुआत करें। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## कर्नाटक के दंपती ने बच्ची को लिया गोद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बुधवार को बक्सर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब कर्नाटक से आए एक निःसंतान दंपति को साढ़े तीन वर्ष की अनाथ बच्ची विधिवत गोद सौंपी गई। जिला पदाधिकारी साहिला की उपस्थिति में कार्यालय कक्ष में आयोजित इस प्रक्रिया के दौरान बच्ची को पाकर दंपति की आंखें खुशी से नम हो गईं। बताया गया कि परित्यक्त एवं लावारिस बच्चों को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में रखकर उनका पालन-पोषण किया जाता है। इसके बाद इच्छुक और पात्र दंपतियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत बच्चों को गोद दिया जाता है। भारत सरकार की केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से इच्छुक दंपति आवेदन कर सकते हैं। दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक



दस्तावेजों का पंजीकरण करना होता है। साथ ही 30 दिनों के भीतर केयरिंग पोर्टल पर सभी दस्तावेज अपलोड किए जाते हैं। इसके बाद गृह अध्ययन रिपोर्ट, प्रतीक्षा सूची, मिलान प्रक्रिया और न्यायालय में याचिका दाखिल करने जैसी औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं। प्रक्रिया के तहत दंपति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन भी किया जाता है। साथ ही दंपती का कम से कम दो वर्षों का स्थिर वैवाहिक संबंध होना आवश्यक है। इस अवसर पर डीडीसी निहारिका छवि, सहायक समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी सहित बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## भाकपा-माले ने मनाया 58वां स्थापना दिवस, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। शहर के क्रांति पार्क, पूर्वी नवादा ब्रांच में भाकपा-माले का 58वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का संचालन नगर कमिटी सदस्य रणधीर राणा ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगामी 12वें राज्य सम्मेलन को सफल बनाने, सदस्यता अभियान चलाने, नवीनीकरण तथा बूथ स्तर पर ब्रांच कमेटियों के गठन के बारे में बताया। जिला सचिव अभ्युदय ने पार्टी को गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्गों की आवाज बताते हुए संगठन को मजबूत करने को कहा। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए परिसीमन को महिला आरक्षण से जोड़ने के



मुद्दे पर दक्षिण भारत के राज्यों की चिंताओं को जायज बताया। उनका कहना था कि इससे संघीय ढांचे पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वक्ताओं ने मजदूरों और कर्मचारियों के आंदोलनों का समर्थन करते हुए सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया और संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। बैठक में नगर सचिव सुधीर सिंह, ऐपवा नेत्री संगीता सिंह, सुमित कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मध्य रेल के केंद्रीय विद्यालयों में मिल रही उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, 11,500 छात्र हो रहे लाभान्वित

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में संचालित केंद्रीय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन विद्यालयों में छात्रों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे न सिर्फ रेलकर्मियों के बच्चों बल्कि आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी लाभ मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत वर्तमान में 11 केंद्रीय विद्यालय संगठन के विद्यालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 11,500 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन विद्यालयों में आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, अनुशासित वातावरण और बेहतर शैक्षणिक संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बरवाडीह में एक नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में भी पहल की गई है। इसके लिए रेलवे द्वारा भूमि उपलब्ध कराई जा रही है, जिसे धनबाद रेल मंडल की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है। यह कदम दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी थी, जिसमें बरवाडीह भी शामिल है। इस निर्णय के बाद पूर्व मध्य रेल ने तेजी से पहल करते हुए बुनियादी ढांचे की व्यवस्था सुनिश्चित की है। रेलवे प्रशासन द्वारा इन विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया गया है, जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। विशेष रूप से दूरस्थ रेलवे क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास के भी बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

### वैशाली में बाइक चोर रंगे हाथ पकड़ा, मंडी में लॉक तोड़ते दबोचा, पहले भी कर चुका था चोरी, साथी फरार

**हाजीपुर**। वैशाली के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित लगड़ीपाकड़ सब्जी मंडी में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं के बाद गुरुवार को एक शातिर चोर को रंगे हाथ पकड़ा गया। इस गिरफ्तारी से मंडी के दुकानदारों और ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है, जो लगातार चोरी की वारदातों से परेशान थे। चोरी की घटनाओं से त्रस्त होकर मंडी के दुकानदार और ग्राहक पहले से ही सतर्क थे और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। गुरुवार को चोर अपने गिरोह के साथ फिर मंडी पहुंचा और एक बाइक का लॉक तोड़ने की कोशिश करने लगा। तभी मंडी मालिक की नजर उस पर पड़ी और शोर मचाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। स्थानीय लोगों द्वारा चोर की हल्की पिटाई की भी सूचना है, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पकड़े गए चोर की पहचान सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत विक्रमपुर निवासी शत्रुघ्न सिंह के पुत्र दीपू कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह पहले भी इस मंडी से बाइक चोरी कर चुका है। उसने यह भी बताया कि वह चोरी की गई गाड़ियों को मुजफ्फरपुर में बेचता था। बताया जा रहा है कि मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों में पहले की चोरी की घटनाओं में भी यही चोर कैद हुआ था। इसी आधार पर मंडी के लोग पहले से ही उस पर नजर रखे हुए थे। गुरुवार को जैसे ही वह फिर मंडी में दिखाई दिया, लोग सतर्क हो गए और अंततः उसे चोरी करते हुए पकड़ लिया। चोर दीपू कुमार सिंह ने यह भी खुलासा किया कि वह अपने एक साथी सुभाष सिंह के बेटे सुमित सिंह के साथ हरियाणा नंबर की वैगनआर चारपहिया वाहन से मंडी आता था। इस बार भी वे साथ आए थे, हालांकि उसका साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी दीपू कुमार सिंह को गिरफ्तार कर थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।इस घटना के बाद मंडी के व्यवसायियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

### नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, बगीचे में छापेमारी, भारी मात्रा में स्प्रिट-बोतल बरामद

**हाजीपुर**। वैशाली के बेलसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े अवैध शराब सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। चकगुलामुद्दीन गांव के एक बगीचे में चल रही अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब, स्प्रिट, खाली बोतलें और ब्रांडेड रैपर बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई के दौरान एक शराब माफिया को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर, गुप्त सूचना के आधार पर बेलसर थाना पुलिस ने चकगुलामुद्दीन गांव के बगीचे में छापेमारी की। पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां मौजूद शराब तस्करों में अफरा-तफरी मच गई। मौके से भागने की कोशिश कर रहे अपराधियों का पुलिस ने पीछा किया, जिसमें एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य फरार होने में सफल रहे। बगीचे की तलाशी लेने पर पुलिस को पता चला कि पूरे क्षेत्र को एक अवैध शराब फैक्ट्री में बदल दिया गया था। मौके से स्प्रिट से भरे कंटेनर, बड़ी संख्या में खाली बोतलें, ढक्कन और तैयार नकली शराब जब्त की गई। छापेमारी के दौरान हरियाणा, उत्तर प्रदेश और झारखंड के नामी ब्रांड्स जैसे ब्लेंडर्स प्राइड, रॉयल स्टैग और इम्पीरियल ब्लू के रैपर भी बरामद हुए। इन रैपर का उपयोग कर नकली शराब को असली बताकर बाजार में बेचने की तैयारी थी। पुलिस के अनुसार, बरामद की गई शराब अत्यधिक जहरीली हो सकती थी, जिससे बड़े पैमाने पर जनहानि की आशंका थी। समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक बड़ी त्रासदी टल गई है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है और फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह के तार किन-किन राज्यों से जुड़े हैं।

### बॉयफ्रेंड के साथ पकड़ी गई 2 बच्चों की मां, ग्रामीणों ने मारपीट कर मंदिर में कराई शादी

**हाजीपुर**। वैशाली में 2 बच्चों की मां को प्रेमी के साथ बगीचे में पकड़ा गया। ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों को पकड़कर छपकी पोखर स्थित एक मंदिर में उनकी शादी करवा दी। घटना पातेपुर थाना क्षेत्र की है। महिला की पहचान खुशी कुमारी और प्रेमी की पहचान परदेशी कुमार के रूप में हुई है। घायल प्रेमी को इलाज के लिए पातेपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। खुशी कुमारी की शादी 2022 में राजीव पासवान से हुई थी। उनके दो छोटे बच्चे भी हैं। वहीं, खुशी कुमारी और परदेशी कुमार की एक साल पहले इंस्टाग्राम पर बातचीत शुरू हुई। दोस्ती होने के बाद दोनों फोन पर लगातार बातचीत करते रहते थे। इसी बीच दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। राजीव पासवान ने बताया कि मेरी पत्नी का दूसरे लड़के के साथ अफेयर चल रहा था। दोनों को जब पकड़ा गया, तो दोनों ने कहां उन्हें एक-दूसरे के साथ रहना है। उन्होंने बताया कि तीन बार लड़के से विवाद भी हुआ था। उसे मैंने बोला था हमारे दो बच्चे हैं। मेरी भी इज्जत-प्रतिष्ठा है, मेरी पत्नी से दूरी बना लो। मैंने दोनों को समझाने की बहुत कोशिश की थी। लेकिन दोनों ने मेरी बात नहीं मानी। राजीव पासवान ने कहा कि मेरी पत्नी को जब प्रेमी से मिलने का मन करता था, तो वो मुझसे झगड़ा करके घर से भाग जाती थी। मेरी पत्नी दीपावली के दिन भी प्रेमी के घर चली गईं थी। एक रात वहीं रही थी, फिर उसके मां-बाप उसको पकड़कर लाए थे। राजीव पासवान ने यह भी स्पष्ट किया कि वह अब अपनी पत्नी को अपने साथ नहीं रखना चाहते। मेरे 2 बेटे है, वो मेरे साथ रहेंगे। प्रेमी की पहचान पातेपुर के मण्डईडीह गांव निवासी मेघा पासवान के बेटे परदेशी कुमार के रूप में हुई है। परदेशी ने बताया कि कल मैं रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इसी बीच खुशी ने फोन कर मिलने के लिए बुलाया तो मैं चला आया। इसी बीच गांव वालों ने हमें साथ में देख लिया। उन्होंने मारपीट करने के बाद हमारी शादी करवा दी।

### जिओ टावर के कंट्रोल रूम में लगी आग

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में गुरुवार सुबह घर की छत पर लगे जिओ टावर के कंट्रोल सेंटर रूम में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। एक घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रज्जु साह लेन की है। मकान मालिक रंजन सिंह ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। जब छत पर पहुंचा तो देखा कि कंट्रोल रूम में आग लगी हुई है। शॉर्ट सर्किट या बैटरी ब्लास्ट होने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बालू और पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के पदाधिकारी रामनिवास पांडे ने बताया कि इलाके की गली काफी संकरी और तारों से घिरी होने के कारण बड़ी गाड़ी को पहुंचने में दिक्कत हुई, इसलिए छोटी गाड़ियों की मदद से आग बुझाई गई।

## वैशाली में बड़ी कार्रवाई: 12 किलो से अधिक गांजा के साथ अंतरजिला तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**वैशाली**। वैशाली जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सराय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सराय टोल प्लाजा के पास से एक अंतरजिला तस्कर को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

सदर-2 एसडीपीओ गोपाल मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मननपुर निवासी प्रिंस मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से कुल 12.362 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। तलाशी के दौरान एक मोबाइल फोन भी मिला, जिसे साक्ष्य के तौर पर जब्त कर लिया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ सराय थाना कांड संख्या 139/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बैग में मादक पदार्थ लेकर बस के जरिए मुजफ्फरपुर जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर सराय थाना की टीम ने टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

इस मामले में पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद गांजा कहां से लाया गया था और इसे किस नेटवर्क के जरिए सप्लाई किया जाना था। साथ ही आरोपी के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वह पहले भी इस तरह की तस्करी में शामिल रहा है या नहीं।

एसडीपीओ गोपाल मंडल ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के सेवन, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## पटना-नाबालिग रेंटर ने 17 वर्षीय लड़की का किया रेप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना के राजीव नगर थाना क्षेत्र में 17 साल की नाबालिग से रेप की वारदात हुई है। घटना मंगलवार सुबह की है। आरोपी लड़का (13) भी नाबालिग है। दोनों रेंट पर एक ही बिल्डिंग में रहते हैं। ऊपर की फ्लोर पर लड़का रहता है और नीचे की फ्लोर पर लड़की की रहती है। लड़की का आरोप है कि उसके घर के परिजन काम के सिलसिले में बाहर चले गए थे। लड़के के भी परिजन नहीं थे। इसी बीच लड़का सीढ़ी से नीचे उतर कर आया और लड़की के गेट को खटखटाना शुरू कर दिया। लड़की को लगा कि उसके परिजन आए हैं। उसने दरवाजा खोला दिया। इसी बीच लड़का कमरे में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। लड़की का आरोप है कि इस दौरान लड़के ने जबरन उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। फिर वहां से फरार हो गया। काम पर से परिजनों के लौटने के बाद घटना के बारे में लड़की बताई। इसके बाद परिजन दोपहर में राजीव नगर थाने लेकर पहुंचे। लिखित शिकायत की। लड़की का मेडिकल कराया गया। फिलहाल कोर्ट के सामने लड़की ने अपना स्टेटमेंट रिकॉर्ड कराया है। SDPO 2 लॉ एंड ऑर्डर दिव्यांजलि जायसवाल ने बताया कि घटना में शामिल आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है। 28 अप्रैल 11 बजे सुबह पुलिस को सूचना मिली घुड़दौड़ रोड में रेप की वारदात हुई है इस आधार पर पुलिस वहां पहुंची। एफएसएल की टीम से जांच कराई गई। जो भी वहां एविडेंस थे, सभी को सुरक्षित करके जप्त कर लिया गया।

## आईआईटी अमहारा थाना में समीक्षा बैठक, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटनाः** पटना जिले के आईआईटी अमहारा थाना परिसर में गुरुवार को दैनिक कार्यों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने की, जिसमें थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में थाना क्षेत्र में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, वारंटियों की गिरफ्तारी और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को त्वरित न्याय मिल सके।

इसके साथ ही अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने, गश्ती व्यवस्था को सुदृढ़ करने और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने पर भी जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

रौशन कुमार राज ने बताया कि बैठक में जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध पर नियंत्रण रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए लगातार निगरानी और समीक्षा आवश्यक है।

## केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में "टीबी मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल के ओपीडी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तपेदिक (टीबी) के प्रति जागरूक करना और इसके समय पर उपचार के महत्व को बताना था। यह कार्यक्रम अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मरीजों, उनके परिजनों, चिकित्सकों और अस्पताल कर्मियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद डॉ. कौशल कुमार और डॉ. संजय कुमार गुप्ता ने टीबी के लक्षण, इसके कारण, समय पर जांच कराने की आवश्यकता तथा पूर्ण उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते इसका समय रहते पता चल जाए और उपचार को बीच में न छोड़ा जाए। वहीं, डॉ. संध्या किरण और अति मुस्वानी ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर टीबी के प्रभाव और इस संबंध में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं में टीबी के लक्षणों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा निदेशक ने टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर ओपीडी परिसर में उपस्थित करीब 110 लोगों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और टीबी से बचाव, पहचान एवं उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## पटना में बड़ा हादसा टला, तेज रफ्तार गाड़ी नहर में गिरी, पांचों सवार सुरक्षित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटनाः** पटना जिले के रानीतालाब थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब तेज रफ्तार चारपहिया गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराने के बाद नहर में जा गिरी। वाहन में सवार दो महिलाओं समेत पांच लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना कनपा-अरवल नहर रोड पर निसरपुरा मुशहरी के पास हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क किनारे लगा बिजली का खंभा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी के नहर में गिरते ही अंदर फंसे लोगों ने शोर मचाकर मदद मांगी, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने बिना देर किए गाड़ी के शीशे तोड़कर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि उस समय नहर में पानी नहीं था, जिससे किसी की जान नहीं गई और बड़ा हादसा टल गया।घटना की सूचना मिलते ही आपात सेवा और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर थाने लाया, जहां वे सामान्य स्थिति में पाए गए। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी विनय कुमार रंजन ने बताया कि सभी यात्री पश्चिम बंगाल से गोपालगंज जिले में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। बाद में पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से काफी मशक्कत के बाद गाड़ी को नहर से बाहर निकलवाया।

## बिहार में सीओ और राजस्व कर्मियों की हड़ताल खत्म

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। बिहार में करीब एक महीने से जारी राजस्व अधिकारियों और कर्मियों की हड़ताल अब समाप्त हो गई है। सामूहिक हड़ताल को खत्म करने का ऐलान संघ के प्रतिनिधियों ने किया है। यह निर्णय विभाग के सचिव जय सिंह के साथ हुई वार्ता के बाद लिया गया। दोनों कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने बताया कि सरकार के साथ सकारात्मक बातचीत हुई है, जिसके बाद उन्होंने काम पर लौटने का फैसला लिया है।

अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार करने का भरोसा दिया है, जिसके आधार पर यह कदम उठाया गया। संघ की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी अंचल और राजस्व कर्मी अगले 24 घंटे के अंदर अपने-अपने कार्यस्थलों पर वापस लौट जाएंगे। इससे लंबे समय से बाधित राजस्व कार्यों के फिर से पटरी पर आने की उम्मीद है।

**एक महीने से ठप था राजस्व कार्यः** गौरतलब है कि पिछले एक महीने से राज्य भर में CO और अन्य राजस्व कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। इस दौरान जमीन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य जैसे दाखिल-खारिज, म्यूटेशन, प्रमाण पत्र जारी करना पूरी तरह प्रभावित रहे। हड़ताल के चलते राजस्व कार्य बाधित होने पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया था।

## तेजप्रताप बोले- कंगना रनौत के चक्कर में पड़े हैं चिराग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**एक्ट्रेस बोलीं- अगर रोमांस होता तो हमारे बच्चे होते, वे सिर्फ मेरे दोस्त हैं**

**पटना**। बिहार की राजनीति में अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले तेजप्रताप यादव ने चिराग पासवान को लेकर बड़ा बयान दिया है। इस बार तेजप्रताप के निशाने पर चिराग का कोई नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि केंद्रीय मंत्री की निजी जिंदगी है। हाल ही में एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में तेजप्रताप ने बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत के साथ उनकी कथित नजदीकियों का जिक्र किया है। उन्हें कहा कि चिराग पासवान एक्ट्रेस के चक्कर में पड़े हैं। वहीं कंगना रनौत कह चुकी हैं कि दोनों सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। अगर चिराग से रोमांस होता तो दोनों के बच्चे हो चुके रहते। JJD नेता तेज प्रताप यादव ने चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा, 'चिराग पासवान इन दिनों किसी 'हिरोइन के चक्कर' में हैं। शुरुआत में उन्होंने नाम लेने से परहेज किया, लेकिन जब उनसे स्पष्ट तौर पर पूछा गया कि वह किस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं तो उन्होंने बंगाल चुनाव प्रचार का हवाला देते हुए सीधा कंगना रनौत का नाम लिया। तेज प्रताप ने अपने बयान को पुख्ता करने की कोशिश करते हुए कहा, 'चिराग और कंगना अक्सर साथ देखे जा रहे हैं। चाहे सदन हो या सड़क, चिराग पासवान अक्सर उन्हीं के साथ नजर आते हैं।'

## पीएमसीएच होगा पूरी तरह पेपरलेस, मरीजों को मिलेगी डिजिटल सुविधा, मई महीने से फ्री वाई-फाई सुविधा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। बिहार के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) अब पूरी तरह डिजिटल होने जा रहा है। मरीजों को बेहतर सुविधाएं देन के उद्देश्य से अस्पताल को हाईटेक बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मई के दूसरे सप्ताह से PMCH के नए भवन परिसर में वाई-फाई सुविधा शुरू की जाएगी। आगे अस्पताल की पूरे सिस्टम को पेपरलेस बनाने की दिशा में भी कदम उठाए जाएंगे।

**BSNL बिछा रही लीज लाइन, 40 लाख लागतः** अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, राज्य सरकार ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) द्वारा लीज लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है। इसमें करीब 40 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

**कनेक्टिविटी की समस्या से मिलेगा छुटकाराः** PMCH के नए भवन परिसर में इंटरनेट नेटवर्क की समस्या लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही है। मरीजों, डॉक्टरों और कर्मचारियों सभी को कनेक्टिविटी में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। वाई-फाई सुविधा शुरू होने से इस समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

**हर फ्लोर पर मिलेगा फास्ट इंटरनेटः** वाई-फाई सुविधा के बाद अस्पताल के हर फ्लोर पर फास्ट इंटरनेट नेटवर्क उपलब्ध होगा। इससे मरीजों के साथ-साथ डॉक्टरों और स्टाफ

**लंबी लाइनों से मिलेगी राहत**

के लिए भी कार्य प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। ऑनलाइन रिपोर्ट देखने, मरीजों का डेटा अपडेट करने और अन्य डिजिटल सेवाओं का उपयोग अब बिना किसी रुकावट के संभव होगा।

**पेपरलेस सिस्टम की ओर बढ़ेगा अस्पतालः** अस्पताल प्रशासन का लक्ष्य सिर्फ वाई-फाई सुविधा देना नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम को डिजिटल बनाना है। आने वाले समय में सभी विभागों को आपस में जोड़ा जाएगा, जिससे मरीजों का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा। मरीजों की फाइलें, जांच रिपोर्ट, दवाओं का विवरण और इलाज से जुड़ी सभी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी। इस पहल के बाद कागजी कार्यवाही पर निर्भरता कम होगी और PMCH पूरी तरह पेपरलेस सिस्टम की ओर अग्रसर होगा, जिससे इलाज की प्रक्रिया और भी सुगम होने की उम्मीद है।




## संपादकीय

### असमय गर्मी के तीखे तेवर, अप्रैल में ही छूटा पसीना, टूटा रिकॉर्ड

मौसम की अपनी गति होती है और उसमें उतार-चढ़ाव की वजहें भी प्रकृति के चक्र का हिस्सा होती हैं। मगर पिछले काफी समय से जिस तरह वैश्विक ताप में बढ़ोतरी की वजह से गर्मी के दिनों में जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, वह निश्चित रूप से दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। हर वर्ष अप्रैल में गर्मी की शुरुआत हो जाती है, लेकिन इस साल तापमान के जो तेवर दिख रहे हैं, उससे यह साफ है कि मौसम में यह उतार-चढ़ाव सामान्य नहीं है। समूचे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है और कई शहरों में तापमान चालीस से बयालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है।जिन दिनों लोग मई-जून की तेज गर्मी के लिए खुद को तैयार कर रहे होते हैं, उनका शरीर धीरे-धीरे अभ्यस्त हो रहा होता है, उसमें हालत यह है कि चिलचिलाती धूप की वजह से बहुत सारे लोगों के लिए सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है और मौसम विभाग की ओर से सतर्क रहने के लिए चेतावनी जारी करनी पड़ रही है।उसने जो पूर्वानुमान जारी किया, उसके मुताबिक आने वाले कुछ दिनों के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में मिला-जुला मौसम बना रहेगा, जिसमें कहीं भीषण गर्मी के कारण स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ेंगी, तो कहीं थोड़ी राहत मिल सकती है। दरअसल, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में लू, उमस भरी गर्मी और गर्म रातों में आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। वहीं कुछ इलाकों में आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।मौसम की अपनी गति होती है और उसमें उतार-चढ़ाव की वजहें भी प्रकृति के चक्र का हिस्सा होती हैं। मगर पिछले काफी समय से जिस तरह वैश्विक ताप में बढ़ोतरी की वजह से गर्मी के दिनों में जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, वह निश्चित रूप से दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दिल्ली में इस गर्मी में अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो आमतौर पर मई के उत्तरार्ध और जून में दर्ज किया जाता रहा है।इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभ और तूफानों में भी कमी देखी गई, वहीं पिछले अल-नीनो के प्रभाव की वजह से गर्मी में सामान्य से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। अगले दो-तीन दिनों में हल्की बारिश और मौसम में बदलाव का अनुमान है, लेकिन जाहिर है, तापमान में व्यापक उथल-पुथल और लू की आशंकाओं के बीच तेज धूप में निकलने से बचने, पानी पीते रहने और अन्य स्तर पर सावधानी ही बचाव का बेहतर उपाय है।


### पुस्तकें हैं जीवन का दीप, समाधान का सेतु

पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। हर वर्ष 23 अप्रैल को समूचा विश्व ज्ञान, सृजनशीलता और मानवीय सभ्यता की अमूल्य धरोहर पुस्तकों का उत्सव मनाता है। यूनेस्को द्वारा 1995 में प्रारंभ किया गया यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लेखकों के सम्मान, सृजनाधिकार की रक्षा और पठन संस्कृति के संवर्धन का वैश्विक संकल्प है। इस तिथि का चयन भी अत्यंत अर्थपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन विलियम शेक्सपियर और मिगुएल डी सर्वांटेस जैसे महान साहित्यकारों का अवसान हुआ, जिनकी रचनाओं ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी। वर्ष 2026 में इस दिवस का मुख्य संदेश यह है कि व्यक्ति अपनी रुचियों के अनुसार पढ़े और पठन को आनंदमय अनुभव बनाए। आज आवश्यकता इस बात की है कि पढ़ने को बोझ नहीं, बल्कि आत्मविकास और आत्मानंद का माध्यम माना जाए। इसी क्रम में मोरक्को की राजधानी रबात को वर्ष 2026 के लिए विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया गया है, जो इस तथ्य को रेखांकित करता है कि पुस्तक संस्कृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि समूची मानवता की साझा धरोहर है। पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। यही कार्य पुस्तकें करती हैं, वे मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सहिष्णुता का विकास करती हैं। संकट के समय में पुस्तकें सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं।

# बुद्ध पूर्णिमा विशेष : करुणा, शांति और आत्मज्ञान का वैश्विक संदेश



श्री सी. पी. राधाकृष्णन
उप राष्ट्रपति, भारत सरकार




चित्रा पूर्णिमा और बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशभर में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक उत्सव का माहौल है। मंदिरों में पूजा-अर्चना और विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं, वहीं इस शुभ अवसर पर हर घर में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की जा रही है। बुद्ध पूर्णिमा न केवल एक पर्व है, बल्कि मानवता को आत्मज्ञान, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाला एक प्रेरणास्रोत भी है। भारत ने विश्व को अनेक अमूल्य धरोहरें दी हैं, जिनमें बौद्ध धर्म का स्थान सर्वोच्च माना जाता है। गौतम बुद्ध का जीवन और उनके उपदेश आज भी दुनिया भर के करोड़ों लोगों के जीवन को दिशा दे रहे हैं। "बुद्ध" शब्द का अर्थ ही है—जाग्रत व्यक्ति, जो अज्ञान के अंधकार से निकलकर सत्य के प्रकाश तक पहुंच चुका हो। विशेष बात यह है कि बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण—तीनों ही बुद्ध पूर्णिमा के दिन हुए, जो इस पर्व को और अधिक पवित्र बनाता है। राजकुमार सिद्धार्थ का पालन-पोषण ऐश्वर्य और विलासिता में हुआ, लेकिन जीवन के दुखों को देखकर 29 वर्ष की आयु में उन्होंने सब कुछ त्याग दिया। पत्नी, पुत्र और राजमहल छोड़कर वे सत्य की खोज में निकल पड़े। वर्षों की कठिन तपस्या और साधना के बाद उन्होंने बिहार के बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया और बुद्ध कहलाए। इसके बाद उन्होंने वाराणसी के निकट सारनाथ में अपने पांच शिष्यों को प्रथम उपदेश दिया, जिसे "धर्मचक्र प्रवर्तन" कहा जाता है और यही बौद्ध धर्म की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है। बुद्ध के उपदेश चार आर्य सत्यों और अष्टांगिक मार्ग पर आधारित हैं। उन्होंने बताया कि इच्छा ही दुख का मूल कारण है और इसके त्याग से ही मुक्ति संभव है। सत्य, अहिंसा, करुणा, संयम और मधुर वाणी उनके दर्शन के मूल स्तंभ हैं। उन्होंने यह भी सिखाया कि मन ही सभी कर्मों का आधार है, इसलिए सकारात्मक विचार और श्रेष्ठ आचरण ही व्यक्ति और समाज को संतुलन और शांति प्रदान करते हैं। इतिहास में उनके उपदेशों का व्यापक प्रभाव देखने को मिलता है। मगध के राजा बिम्बिसार ने राजगीर में वेणुवन विहार दान किया, जबकि अनाथपिंडिका ने जेतवन विहार का निर्माण करवाया। सम्राट अशोक जैसे शक्तिशाली शासक भी बुद्ध के विचारों से प्रभावित होकर हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और धर्म के मार्ग पर चल पड़े। उन्होंने शिलालेखों और स्तूपों के माध्यम से बौद्ध धर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। सांची और सारनाथ के स्तूप आज भी इस विरासत के साक्षी हैं, जबकि सारनाथ का सिंह स्तंभ भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है।

बौद्ध भिक्षुओं ने समाज में शिक्षा और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के चिकित्सा और शिक्षा प्रदान की, त्रिपिटक जैसे ग्रंथों का प्रचार किया और जातक कथाओं के माध्यम से नैतिक शिक्षा दी। नालंदा, विक्रमशिला और कांचीपुरम जैसे विश्वविद्यालय उस समय विश्व के प्रमुख ज्ञान केंद्र बने, जहां हजारों विद्यार्थी और आचार्य अध्ययन-अध्यापन में लगे रहते थे। चीन के यात्री फाह्यान और ह्वेनसांग जैसे विद्वान भारत आकर यहां की शिक्षा और बौद्ध परंपरा से प्रभावित हुए और अपने देश लौटकर इसे आगे बढ़ाया। तमिल साहित्य के प्रसिद्ध ग्रंथ "मणिमेकलई" और "कुंडलकेसी" में भी बौद्ध दर्शन का अत्यंत सुंदर वर्णन मिलता है। इन ग्रंथों में जीवन, मृत्यु, पुनर्जन्म और धर्म के गूढ़ सिद्धांतों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जो आज भी प्रासंगिक हैं। बुद्ध ने पांच नैतिक सिद्धांतों—अहिंसा, चोरी न करना, व्यभिचार से दूर रहना, सत्य बोलना और नशीले पदार्थों से परहेज़—पर विशेष बल दिया। उन्होंने सिखाया कि जीवन की यात्रा व्यक्तिगत है, इसलिए व्यक्ति को आत्मज्ञान के मार्ग पर स्वयं आगे बढ़ना चाहिए। अतीत की चिंता और भविष्य की अनिश्चितता से मुक्त होकर वर्तमान में जीना ही सच्चा जीवन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी "मन की बात" कार्यक्रम में कहा है कि बुद्ध का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना हजारों वर्ष पहले था। उन्होंने बताया कि शांति की शुरुआत हमारे भीतर से होती है और स्वयं पर विजय पाना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। आज के तनाव और संघर्ष से भरे दौर में बुद्ध के विचार और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। बुद्ध के जीवन में सुजाता का प्रसंग भी अत्यंत प्रेरणादायक है, जिन्होंने कठिन तपस्या से दुर्बल हुए सिद्धार्थ को खीर अर्पित कर उनका जीवन बचाया। यह घटना करुणा, सेवा और मानवता का प्रतीक है, जिसे आज भी बुद्ध पूर्णिमा के दिन स्मरण किया जाता है। हजारों वर्षों से भारत ने विभिन्न धर्मों और दर्शन को अपनाकर एकता और सहिष्णुता का संदेश दिया है। बौद्ध धर्म ने शिक्षा, ज्ञान और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा दिया, जिससे भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक पहचान और मजबूत हुई। अंततः, बुद्ध का यह संदेश आज भी उतना ही सार्थक है—"प्रेम ही आनंद का स्रोत है, प्रेम ही संसार की रोशनी है और प्रेम ही सबसे बड़ी शक्ति है।" इसी भावना के साथ कामना है कि बुद्ध के उपदेश पूरे विश्व में शांति, सद्भाव और करुणा का प्रकाश फैलाते रहें।

# ट्रंप-पाकिस्तान नजदीकी से बदले समीकरण? भारत-अमेरिका रिश्तों पर नया संकट

(तवलीन सिंह)

सवाल यह है कि जब ईरान के जिहादी शासक आतंकवाद फैलाते हैं, तो ट्रंप को तकलीफ क्यों होती है। ईरान के पास परमाणु हथियार होने से तकलीफ क्यों होती है अमेरिका को और पाकिस्तान से क्यों नहीं? अजीब दुनिया है अपनी। इतनी अजीब कि जिस देश ने पिछले साल पहलगाम में ऐसा घिनौना आतंकवादी हमला किया कि युद्ध की नौबत आ गई थी, उसी देश को आज शांति का दूत बना दिया है डोनाल्ड ट्रंप ने। मेरे कुछ दोस्त हैं मुंबई और दिल्ली में जो कहते हैं कि पाकिस्तान ने अपने पत्ते बड़ी चतुराई से खेले हैं और हम हैं कि अपनी ऊंची जगह खो बैठे हैं विश्व की सभाओं में। जब उनकी बातें सुनती हूं, तो मुझे काफी तकलीफ होती है इसलिए कि मेरी अपनी राय है कि दोष हमारा नहीं अमेरिका का है, जो फिर से अपने पुराने दोस्त के हर अपराध को माफ कर रहा है। जिस तरह ट्रंप ने आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का साथ दिया था बावजूद इसके कि पहलगाम के बाद अगर भारत चुप बैठा रहता जैसे 26/11 वाले हमले के बाद हमारी सरकार चुप बैठी थी, तो नरेंद्र मोदी को इस देश की जनता कभी माफ नहीं करती। पहलगाम आतंकवादी हमला अन्य जिहादी हमलों से अलग था। इसलिए कि इसके गवाह जिंदा हैं और याद करते हैं कि जिन दरिंदों ने उनके अपनों को मारा था, वे उनको मारने से पहले पूछते थे कि कलमा पढ़ सकते हैं या नहीं। जिनको कलमा नहीं आता था उनको मार डालते थे। एक कश्मीरी गवाह के मुताबिक हत्यारे उर्दू बोलते थे पंजाबी लहजे में। स्पष्ट था कि वे हिंदुस्तानी नहीं, पाकिस्तानी थे। इसके बावजूद ट्रंप ने अपने 'पसंदीदा फील्ड मार्शल' का साथ दिया। सवाल यह है कि जब ईरान के जिहादी शासक आतंकवाद फैलाते हैं, तो ट्रंप को तकलीफ क्यों होती है। ईरान के पास परमाणु हथियार होने से तकलीफ क्यों होती है अमेरिका को और पाकिस्तान से क्यों नहीं? ईरान तो अभी कोशिश ही कर रहा है परमाणु बम बनाने की। जबकि पाकिस्तान के पास पहले से परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान के साथ अमेरिका का यह प्रेम पुराना है। बांग्लादेश की आजादी के लिए जब लड़ाई हुई थी, तो रिचर्ड निक्सन ने खुल कर इंदिरा गांधी को युद्ध करने से सावधान किया था। अमेरिका ने सातवां बेड़ा भेजा था उस समय जो भारत की समुद्री सीमाओं पर मंडरा रहा था। यह अलग बात है कि इंदिरा गांधी ने साहस दिखा कर अमेरिका की धमकियों और शक्ति प्रदर्शन को अनदेखा किया। फिर आया वह दौर, जिसमें अमेरिका सोवियत संघ को हराने के लिए अफगानिस्तान में जिहादी दस्तों या 'मुजाहिदीन' को भेजने का काम करने लगा था। इन जिहादी सिपाहियों को तैयार करने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान पर पैसों की बौछार की थी। सोवियत संघ मुजाहिदीन का मुकाबला न कर पाया और उसके सैनिक वहां से चले गए थे। उधर, मुजाहिदीन को शरण मिलती रही पाकिस्तान में। उस समय मैं पाकिस्तान काफी जाया करती थी और पेशावर में मैंने अपनी आंखों से देखे हैं मुजाहिदीन की वही संस्थाएं जिनका इस्तेमाल बाद में उसामा बिन लादेन ने किया था।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक-6078


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## वर्ग पहेली 6078



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2000 में भारत के इस तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र शांति शिखर सम्मेलन के दौरान हिंदी में भाषण देते हुए पाकिस्तान को लताड़ा (6)
6. राजमुकुट, शिखा (2)
7. पति-पत्नी का कानूनन संबंध विच्छेद (3)
8. छोटा, निसार, तीर प्रकार के प्राणयमों में से एक (2)
9. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
10. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
11. एक श्लोक का चतुर्थांश, योग्यतानुसार दिया गया दर्जा या पदवी (2)
13. अनुकंपा, दया, मेहरबानी (4)
16. जीना, सीढी (3)
18. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. पार्वती, लक्ष्मी (2)
21. घृणा, घिन्न (4)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. न्यायालय, कचहरी (4)
2. कोमलकांड, सुंदरस्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम )(2)
3. वह स्थान जहां से प्रत्येक घर बिजली पहुंचाई जाती है (5)
4. खाली होना, रिक्त होना (3)
5. उद्देश्य, प्रयोजन (4)
11. अवनति, अवनमन, धाराशायिता (3)
12. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
14. हल्का बुखार, जवर अनुभूति, आवेश (4)
15. कोई करतब आदि देखने के लिए एकत्रित जनसमूह, अव्यवस्थित जन समूह (3)
16. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव-दानवों दोनों को प्रिय था (2)
17. इराक का एक शहर जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार है (3)
20. यह यूरोपीय संघ का एक सदस्य राष्ट्र है जिसकी राजधानी मेड्रिड है (2)

### वर्ग पहेली 6077 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | ना | | ता | इ | वा | न |
| दे | | शा | र | दा | | क | र |
| श | ह | द | | द | म | | गि |
| नी | ल | | त | | वा | प | स |
| ति | क | ड़ | मी | | सी | र | |
| | | | ज | स्ता | | वा | मा |
| वा | म | न | | व | ज | न | |
| दा | म | न | | क | ल | गी | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपके लिये अत्यधिक शुभ है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। घर की जरूरतों के लिये खरीदारी कर सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही न बरतें। लम्बे समय से चली आ रही कोई परेशानी दूर होगी। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे।

### वृष
कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं। व्यवसाय को लेकर बड़ी डील करने के लिये दिन शुभ है। नयी जमीन खरीदने का विचार बना सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपको सभी कार्यों में सफलता प्रदान करेगा। अधिकारी वर्ग के साथ मित्रता बढ़ेगी। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे।

### मिथुन
आपको आज काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अपने खानपान को संयमित रखें। राजनीतिक विषयों पर आपको अनावश्यक टिप्पणी करने से बचना चाहिये। मन में अनैतिक कार्यों के प्रति रुचि होगी। वरिष्ठ लोगों की सलाह आपके लिये लाभकारी रहने वाली है।

### तुला
कार्यक्षेत्र की राजनीति में आप भाग ले सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिलेगी। अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिये दिन जबरदस्त है। समाज में उच्च पद प्राप्त होगा। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा।

### वृश्चिक
आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। भावनात्मक रूप से आप मजबूत रहेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा। आज उच्च अधिकारियों की सहायता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ मिलेगा।

### धनु
परिवार के साथ कहीं घूमने का विचार बना सकते हैं। सूझबूझ के माध्यम से आप अपने कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। प्रेम सम्बन्धों को विवाह के लिये पारिवारिक सहमति मिल सकती है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। पुराने झगड़ों के सुलझने के आसार दिख रहे हैं। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा।

### कर्क
विदेश में रह रहे लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। मन में आत्मसन्तुष्टि का भाव रहेगा। यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी की सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा।

### सिंह
अटके हुये कार्यों को आप प्रारम्भ करने का प्रयास कर सकते हैं। राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में आप भाग लेंगे। मैन्यूफैक्चरिंग सम्बन्धी कार्यों में धन लाभ मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा।

### कन्या
स्वार्थी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। विवाहेतर सम्बन्धों से आपको बचना चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सर्दी के कारण आपको गले में दर्द की समस्या हो सकती है।

### मकर
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। पिता की सलाह लेने से आपको अत्यधिक लाभ मिलेगा। आय के नये स्रोत बन सकते हैं। आप अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगे। पति-पत्नी के बीच सम्बन्ध मधुर होंगे। विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा।

### कुंभ
अपने व्यवहार को संयमित रखें। छोटी सी बात को लेकर परेशानी होगी। छात्रों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है। तला-भुना भोजन करने से आपको बचना चाहिये। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा। मीडिया से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। आप अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगे।

### मीन
कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। नकारात्मक विचार आपके कार्य की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलने में कठिनाई होगी। आप गहराई से विषयों को जानने का प्रयास करेंगे। समय का बेहतरीन उपयोग करने से लाभ होगा। घर में मित्रगण और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध कमजोर हो सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### दाभोलकर हत्याकांड में बड़ा मोड़, बॉम्बे हाई कोर्ट ने दोषी शरद कलास्कर को दी जमानत

**मुंबई, एजेंसी।** बांबे हाई कोर्ट ने बुधवार को अंधविश्वास विरोधी कार्यकर्ता नरेंद्र दाभोलकर



की 2013 की हत्या के मामले में दोषी शरद कलास्कर को जमानत दे दी और उसकी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने कथित हमलावर के तौर पर उसकी पहचान पर संदेह जताया और दो प्रत्यक्षदर्शियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। जस्टिस अजेय गडकरी और जस्टिस रणजीतसिंह भोंसले की बेंच ने कलास्कर को 50,000 रुपये का निजी मुचलका जमा करने और पुणे के डेक्कन पुलिस स्टेशन में, जहां हत्या का मामला दर्ज किया गया था, हर महीने एक बार पेश होने का निर्देश दिया। उन्होंने 2024 में एक विशेष अदालत द्वारा अपनी दोषसिद्धि को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, और अपील पर अंतिम सुनवाई और फैसला होने तक जमानत की मांग की थी। कलास्कर पर कम्युनिस्ट नेता गोविंद पानसरे की हत्या का भी मुकदमा चल रहा है। पिछले साल अक्टूबर में हाई कोर्ट ने उसे इस मामले में जमानत दे दी थी। दाभोलकर मामले में जमानत मिलने के बाद कलास्कर जेल से बाहर आ सकता है। अंधविश्वास विरोधी संगठन 'महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' के संस्थापक दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को पुणे में सुबह की सैर के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### बेंगलुरु में भारी बारिश के बीच गिरे ओले, सड़कों पर बिछी सफेद चादर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में शाम अचानक तेज बारिश होने से शहर के तापमान में गिरावट आ गई। इसके साथ ही कई जगहों पर तेज हवाएं चलने और ओले गिरने की घटनाएं सामने आईं। जानकारी के अनुसार, यह मूसलाधार बारिश कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद हुई। जबकि,



कुछ दिनों से तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया था। वहीं, तेज बारिश होने से कुछ ही घंटों में शहर में भारी जल जमाव की स्थिति बन गई। रिचमंड टाउन और शांतिनगर जैसे इलाके कमर तक गहरे पानी में डूब गए। मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक धीमा हो गया, और मुख्य चौराहों पर लंबी जाम लग गई। सरकारी इमारतें भी इससे अछूती नहीं रहीं। विधान सौध के अंदर के गलियारों में पानी घुस गया और विपक्ष के नेता आर अशोक का दफ्तर भी डूब गया। इसी बीच, बॉवरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल की एक बाहरी दीवार अचानक गिर गई; जिससे सात लोगों की मौत हो गई। जिनमें एक छह साल की बच्ची भी शामिल थी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित दीवार के पास पनाह लिए हुए थे, तभी तूफान के दौरान दीवार ढह गई। इसके साथ ही सात अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें बाद में अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है। लोगों की माने तो पीड़ितों में से कुछ लोग केरल के रहने वाले थे और एक स्टडी टूर के लिए यहां आए हुए थे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मौतों की संख्या की पुष्टि की और बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा, 卐सात लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। हालांकि, उन सभी की हालत स्थिर है और वे सभी खतरे से बाहर हैं। मैंने डॉक्टरों को निर्देश दिया है कि उनका इलाज मुफ्त में किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि प्रभावित परिवारों में से हर एक को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। पूरे शहर में, पेड़ गिरने की कम से कम 50 घटनाएं सामने आईं, जिनमें मल्लेश्वरम, शांतिनगर और शेषाद्रिपुरम जैसे इलाके शामिल हैं।।

# सोहना में 45 लाख का चेक डैम, जलभराव से मिलेगी राहत; वन विभाग ने शुरू किया निर्माण

**सोहना, एजेंसी।** वन विभाग ने बरसाती पानी को संरक्षित करने के लिए चेक डैम बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस कार्य पर करीब 45 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। चेक डैम अरावली पहाड़ी की तलहटी में बनाया जा रहा है ताकि बरसाती पानी का बहाव कम किया जा सके। चेक डैम के निर्माण होने से सोहना शहर के लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। सोहना शहर अरावली पहाड़ी की तलहटी में बसा हुआ है। बरसात के मौसम में पानी अरावली पहाड़ी से गुजरता हुआ सीधा शहर में प्रवेश करता है। पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था न होने के कारण सड़कों, बाजारों और मोहल्लों में जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। इसके अलावा बरसात के मौसम में शहर की मुख्य गलियों में बरसात का पानी भर जाता है। फव्वारा चौक पुराना बाजार में जलभराव होने से व्यापारियों का लाखों रुपये का नुकसान हो जाता है। व्यापारियों ओर शहरवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने शहर के वार्ड नंबर 16 से लगती अरावली पहाड़ी से आने वाले बरसाती पानी का बहाव कम करने के लिए चेक डैम का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

गत अक्टूबर 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खंड के गांव सिरमथला में आयोजित रैली के दौरान चेक डैम बनाए जाने की घोषणा की थी। विभाग की




निष्क्रियता के चलते यह कार्य करीब पांच वर्ष बाद शुरू किया गया है। इसके ऊपर करीब 45 लाख रुपये खर्च होंगे। चेक डैम की दीवारें आरसीसी की बनेंगी। जो जलभराव को रोकने में सहायक होंगी। चेक डैम निर्माण का करीबन 50 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इलाकों को मिलेगी राहत चेक डैम के निर्माण से कई इलाके के लोगों को काफी राहत मिलने की संभावना है। जिससे बरसाती पानी सीधा कस्बे में नहीं पहुंच सकेगा। वर्तमान में शहर के फव्वारा चौक, पुरानी सब्जी मंडी, ठाकुरवाड़ा, पठान वाड़ा, गूजर घाटी, गर्म खेल, अस्पताल मार्ग, सब्जी मंडी, अनाज मंडी सहित कई स्थानों पर बरसात का पानी कई कई फुट तक भर कर खड़ा हो जाता है।

### उत्तरप्रदेश उप्र के गिरोह ने सस्ते दामों पर बेचे नकली एप्पल प्रोडक्ट्स, 6 गिरफ्तार

**हैदराबाद एजेंसी।** हैदराबाद पुलिस ने नकली एप्पल प्रोडक्ट्स बेचने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह गैंग ग्राहकों को नकली गैजेट्स बहुत कम कीमतों पर बेचता था और दावा करता था कि वे असली हैं। पुलिस के अनुसार, यह गैंग उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से नकली आईफोन, एयरपॉड्स और एप्पल स्मार्टवॉच लाता था और हैदराबाद में लोगों से बेचता था। वे दावा करते थे कि ये प्रोडक्ट्स असली हैं और उन्हें बाजार की कीमतों से काफी कम दरों पर बेचते थे। कई पीड़ितों की शिकायतों के बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। बुधवार को एक विशेष टीम ने गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी गाजियाबाद के नौ लोगों के एक बड़े समूह का हिस्सा हैं। इस ऑपरेशन के दौरान, पुलिस ने नकली गैजेट्स जब्त किए, जिनमें दो मोबाइल फोन, 14 ईयरफोन और 14 स्मार्टवॉच शामिल हैं। गैंग द्वारा इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं। असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस श्रीकांत गौड़ ने बताया कि आरोपी ग्राहकों का भरोसा जीतने के लिए आसान तरकीबें अपनाते थे। इनमें सीलबंद डिब्बे दिखाना और अपनी बातों से प्रोडक्ट्स को असली साबित करना शामिल था। यह गैंग मुख्य रूप से उन लोगों को निशाना बनाता था जो सस्ती डील्स की तलाश में रहते थे। पुलिस ने बताया कि गैंग के तीन अन्य सदस्य अभी भी फरार हैं।

### मेट्रो के दूसरे चरण के लिए एचएसवीपी का सख्त एक्शन, आटो मार्केट में 100 झुग्गियां बुलडोजर से हटाई

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** ओल्ड गुरुग्राम में मेट्रो के दूसरे चरण के निर्माण को गति देने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने बुधवार को सेक्टर-10 स्थित आटो मार्केट में बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। प्रस्तावित कास्टिंग यार्ड के लिए चिन्हित जमीन को खाली कराते हुए करीब 100 झुग्गियों को बुलडोजर से हटाया गया। प्रशासन ने दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। सेक्टर-9 से डीएलएफ साइबर सिटी तक बनने वाली मेट्रो लाइन के निर्माण के दौरान आटो मार्केट की करीब 25 एकड़ जमीन पर कास्टिंग यार्ड बनाया जाना है। इस जमीन के भीतर और आसपास झुग्गियां बस जाने से कार्य में बाधा आ रही थी। गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड




(जीएमआरएल) की मांग पर एचएसवीपी ने पहले मुनादी कराकर लोगों को हटने का मौका दिया, लेकिन अतिक्रमण बरकरार रहने पर बुधवार दोपहर कार्रवाई की गई। उपमंडल अधिकारी (सर्वे) अजमेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाया गया और सभी झुग्गियों को हटाकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता ललित हंस, आनंद प्रकाश समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इसी क्रम में संपदा कार्यालय-2 की टीम ने सेक्टर-47 और सेक्टर-51 में भी अवैध रूप से बनी करीब 50 झुग्गियों को हटाया। यह कार्रवाई कनिष्ठ अभियंता रामपाल कुंडू की अगुवाई में की गई।

# तीसरी बार गर्भधारण पर भी मिले मातृत्व अवकाश', मद्रास हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास हाई कोर्ट ने कहा कि सरकार को मातृत्व लाभ, विशेष रूप से तीसरी गर्भावस्था के लिए कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश की स्वीकृति में कोई भेदभाव नहीं दिखाना चाहिए। पीठ ने कहा कि 12 सप्ताह के अवकाश की अवधि को सरकार की ओर से सीमित करने में कुछ उचित नहीं है। पहली, दूसरी हो या तीसरी गर्भावस्था हो उसमें पीड़ा समान होगी और महिलाओं को प्रसव पूर्व और प्रसव पश्चात देखभाल की आवश्यकता होती है। यह सभी गर्भावस्थाओं के लिए समान है। इसलिए, सरकार को मातृत्व लाभ, विशेष रूप से तीसरी गर्भावस्था के लिए मातृत्व अवकाश की स्वीकृति में कोई भेदभाव नहीं दिखाना चाहिए। जस्टिस आर. सुरेश कुमार और एन.सेंथिल कुमार की एक पीठ ने 28 अप्रैल को शायी निशा की याचिका को स्वीकार करते हुए यह निर्णय दिया। पीठ ने 27 मार्च 2026 को विलुपुरम के प्रधान जिला न्यायाधीश के आदेशों को रद कर दिया, जिसने याचिकाकर्ता द्वारा 2 फरवरी, 2026 से एक फरवरी, 2027 तक मातृत्व अवकाश की मांग को अस्वीकार कर दिया था। पीठ ने जिला न्यायाधीश को निर्देश दिया कि निशा द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर विचार करें और मातृत्व अवकाश को पहले और दूसरे गर्भावस्था वाली महिलाओं के समान स्वीकृत करें, बिना 13 मार्च 2026 के सरकारी आदेश (जीओ) की परवाह किए। याचिकाकर्ता के अनुसार, उसने अपनी तीसरी गर्भावस्था के लिए मातृत्व अवकाश मांगा था, जिसे 27 मार्च, 2026 के प्रधान जिला न्यायाधीश के




आदेश के माध्यम से अस्वीकार कर दिया गया था, जिसमें जीओ (एमएस) संख्या 18, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग का हवाला दिया गया था।

न्यायाधीशों ने सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय और मद्रास हाई कोर्ट की पीठ के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि 21 जनवरी 2026 के पीठ के आदेश की प्राप्ति के बाद सरकार ने उस जीओ को जारी करने का निर्णय लिया। इसके तहत तीसरी गर्भावस्था के लिए मातृत्व अवकाश की अनुमति दी गई, लेकिन इसे केवल 12 सप्ताह, अर्थात तीन महीने तक सीमित कर दिया गया। पीठ ने कहा,''इसलिए, हम मानते हैं कि तीसरी गर्भावस्था के लिए मातृत्व अवकाश लाभ को केवल 12 सप्ताह की अवधि तक सीमित करने के लिए सरकार द्वारा दिया गया।

## नोएडा स्पोर्ट्स सिटी परियोजना को मिली बड़ी राहत, छह साल का जीरो पीरियड घोषित

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-150 स्थित स्पोर्ट्स सिटी परियोजना को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा फैसला लिया गया है। बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में परियोजना को राहत देते हुए एक मार्च 2020 से छह अप्रैल 2026 तक की अवधि को जीरो पीरियड घोषित किया है। यह जीरो पीरियड समय वृद्धि शुल्क पर दिया गया। साथ ही मानचित्र स्वीकृत से पहले कुल बकाया का 20 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। इसके अलावा




खेल सुविधाएं विकसित करनी होंगी। बिल्डर को पहले तीन साल के भीतर स्पोर्ट्स एक्टिविटी और खेल सुविधाओं का निर्माण करना होगा। इसके बाद ही आवासीय और कामर्शियल निर्माण के मानचित्र स्वीकृत मंजूरी के लिए नोएडा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक प्राधिकरण के फैसले के मुताबिक एक मार्च 2020 से छह अप्रैल 2026 तक की अवधि को देरी की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। यानी इस दौरान समय वृद्धि शुल्क, भूभाटक (लीज रेंट) और अन्य देयताओं में राहत मिलेगी। इससे बिल्डर और आवंटियों को करीब छह साल से ज्यादा का फायदा होगा। यह अवधि अगले पांच सालों की परियोजना समय सीमा में समायोजित की जाएगी, इससे निर्माण कार्य पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। वहीं जिन मामलों में पहले ही समय वृद्धि शुल्क, अद्यतन लीज रेंट या एकमुश्त लीज रेंट का भुगतान किया जा चुका है, उन्हें पैसा वापस नहीं किया जाएगा। इसके अलावा जिन आवंटियों ने पहले ही आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन कर दिया है या प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है, उन्हें भी जमा राशि का न तो रिफंड मिलेगा।

## एमपी के आर्काइव में मिला तात्या टोपे का 1857 का पत्र, विद्रोह से जुड़े अनसुलझे रहस्यों से उठा पर्दा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल में आर्काइव के ढेर से 169 साल पुराना तात्या टोपे के दस्तखत किए हुए पत्र मिले है। इस कागज की शीट भले ही पुरानी और नाजुक हालत में मिली है, लेकिन इस पर आजादी के सिपाही तात्या टोपे के दस्तखत साफ-साफ पहचाने जा सकते हैं। इसके साथ ही, इसमें उस विद्रोह की झलक भी देखने को मिलती है। जो बाद में आगे चलकर एक जोरदार आवाज का रूप ले लिया। केंद्र सरकार के 'ज्ञान भारत मिशन' के तहत विरासत से जुड़े





रिकॉर्ड को डिजिटाइज करने के दौरान यह पत्र मिला है। यह हाल ही में मिला पत्र 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से पहले के उन तनाव भरे और गुपचुप महीनों की एक दुर्लभ झलक दिखाता है। इस पत्र पर 'चैत्र बदी 7, संवत 1914' (1857 ई.) की तारीख लिखी है। यह पत्र अलग-अलग रियासतों के सूबेदारों, सरदारों, सिपाहियों और हवलदारों को संबोधित है। इसकी व्यापकता से पता चलता है कि, उस समय तक एक नेटवर्क पहले ही सक्रिय हो चुका था, और इसका लहजा भी किसी अचानक हुई घटना के बजाय एक सोची-समझी रणनीति की ओर इशारा करता है। मध्य प्रदेश के पुरातत्व निदेशालय के कमिश्नर मदन कुमार नागर ने कहा, 'यह सिर्फ एक पत्र नहीं है, बल्कि इतिहास की एक बहुत ही अहम कड़ी है।' आर्काइव के रिकॉर्ड से तात्या टोपे के लोगों को एकजुट करने, मनाने और तैयारी करने के सफर का पता चलता है। इसके साथ ही तात्या टोपे के दस्तखत इस बात की पुष्टि करते हैं कि, यह पत्र बेहद दुर्लभ और कीमती है। यह विद्रोह शुरू होने से पहले की गई।
बारीक योजना और आपसी सलाह-मशविरे को दर्शाता है।

# सस्ता होगा एअर इंडिया का टिकट, बदले में कंपनी बंद करेगी खाना-लाउंज की सुविधा; ईरान संकट के बीच बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फुल सर्विस एयरलाइन एअर इंडिया अब अपनी घरेलू और दो घंटे तक की छोटी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में खाने को वैकल्पिक बनाने की योजना बना रही है। यह बदलाव अगले एक-दो महीने में लागू हो सकता है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद जो यात्री खाना नहीं लेंगे, उनके टिकट के दाम में करीब 250 रुपये तक की कमी हो सकती है। यह कदम बढ़ती लागत और कमाई के दबाव को देखते हुए उठाया जा रहा है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण एयरलाइंस की लागत बढ़ गई है और कमाई पर असर पड़ा है, जिससे एअर इंडिया भी जूझ रही है। एअर इंडिया बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए एयरपोर्ट लाउंज सुविधा को भी अलग करने पर विचार कर रही है। यानी जो यात्री लाउंज का इस्तेमाल नहीं करेंगे, उन्हें सस्ता टिकट मिल सकता है। मेट्रो शहरों के एयरपोर्ट पर लाउंज का खर्च करीब






1100 से 1400 रुपये प्रति व्यक्ति होता है, जबकि छोटे शहरों में यह 600 से 700 रुपये तक रहता है। औसतन एक यात्री पर लगभग 1000 रुपये खर्च आता है। कई बिजनेस क्लास यात्री ऐसे होते हैं जो समय की कमी के कारण लाउंज का उपयोग नहीं करते। ऐसे में इस सुविधा को अलग करने से उनके टिकट की कीमत कम हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, शुरुआत से ही एअर इंडिया टिकट में खाने को शामिल रखती आई है। फ्यूल की कीमत बढ़ने और रुपये के कमजोर होने से टिकट महंगे हो रहे हैं। भारत जैसे कीमत के प्रति संवेदनशील बाजार में ज्यादा किराया बढ़ाने से यात्री ट्रेन या सड़क का विकल्प चुन सकते हैं। इसी वजह से एयरलाइन इस तरह के बदलावों पर विचार कर रही है। दुनिया की कई एयरलाइंस पहले ही ऐसी सुविधाओं को अलग कर चुकी हैं। अब फुल सर्विस और लो-कॉस्ट एयरलाइंस के बीच का अंतर भी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। एअर इंडिया समूह अपने नए नैरो बॉडी विमानों को एअर इंडिया एक्सप्रेस में भेजने की योजना बना रहा है, जहां ज्यादा सीटें होती हैं और लागत कम रहती है। यहां फ्री खाना और लाउंज जैसी सुविधाएं नहीं होतीं। कंपनी कमाई बढ़ाने के लिए बोर्डिंग पास के पीछे विज्ञापन देने जैसे विकल्प भी देख रही है।

## प्रदूषित पानी साफ कर बिजली पैदा करेगा डिवाइस, प्रोफेसर ने विकसित की अनोखी तकनीक

**नोएडा, एजेंसी।** औद्योगिक अपशिष्ट जल नदियों और तालाबों के पानी को दूषित कर रहा है यह बड़ी समस्या बन गया है इस दिशा में अपशिष्ट जल से निपटने और उससे ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एमिटी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा.सैकत दत्ता ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने दो से तीन साल के शोध के बाद एक ऐसा उपकरण विकसित किया है, जो प्रदूषित जल को साफ करने के साथ-साथ उससे बिजली और पावर डेंसिटी उत्पन्न कर सकता है। यह तकनीक पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संकट दोनों समस्याओं का एक साथ समाधान देने की क्षमता रखती है। यह डिवाइस एक नेचुरल एंजाइम लैकेस और निकल सिंगल एटम आधारित बायोफ्यूल सेल असेंबली पर आधारित है। यह उपकरण औद्योगिक अपशिष्ट जल में मौजूद फेनोलिक प्रदूषकों को पहचानने और उनके आक्सीकरण की प्रक्रिया के जरिए कार्य करता है। तीन घंटे की प्रक्रिया अपशिष्ट जल से बिजली उत्पन्न कर सकेगा। विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में सेंसिंग और डिग्रेडेशन तकनीक की कमी के कारण फेनोलिक प्रदूषक जल स्रोतों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। फैक्ट्रियों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल में पालिमर्स, भारी धातुएं, विषैले रसायन, तेल और अधिक मात्रों में नमक जैसे हानिकारक तत्व पाए जाते हैं। ये प्रदूषक आखिरी में नदियों में मिलकर जलजीवों, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। खासतौर पर फेनोलिक यौगिक लंबे समय तक बने रहते हैं और पानी को अत्यधिक जहरीला बना देते हैं। इस नई तकनीक की खासियत यह है कि यह इन हानिकारक फेनोलिक पदार्थों को ही फ्यूल के रूप में उपयोग कर बिजली उत्पन्न करती है।



## संक्षिप्त समाचार

### बाबूलाल मरांडी का आरोपः झारखंड में तबादला प्रक्रिया बनी संगठित कारोबार

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि झारखंड में अधिकारियों के तबादले अब सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक संगठित कारोबार का रूप ले चुके हैं। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि जब जिलों में नियुक्त नए एसपी और उपायुक्त मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट करते हैं, तो वह महज औपचारिकता और सम्मान नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे हुए 'लेन-देन' का काम पूरा हो जाने का इशारा करता है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अब दलालों के जरिए वसूली का खेल खुलकर सामने आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि हाल ही में यह चर्चा रही कि एक दलाल की पिटाई सिर्फ इसलिए कर दी गई क्योंकि रकम 'सही' यानी अधिकृत दलाल तक नहीं पहुंची थी।

### रिमांड के बाद हजारीबाग सीडब्ल्यूसी के प्रबंधक की अदालत में पेशी, भेजा गया जेल

**रांची।** रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) हजारीबाग के प्रबंधक रविरंजन कुमार की तीन दिनों की रिमांड पूरी हो गई। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद रविरंजन को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने रविरंजन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बीते 24 अप्रैल को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हजारीबाग सीडब्ल्यूसी के प्रबंधक रविरंजन कुमार को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। हजारीबाग के केंद्रीय भंडारण निगम में रिश्वत और भ्रष्टाचार का खेल चलने की शिकायत सीबीआई को मिली थी। सूचना के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाकर रविरंजन को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। रविरंजन के औरंगाबाद जिला स्थित पैतृक आवास पर भी छापेमारी की थी, जहां से 21 लाख कैश के अलावा जमीन और कई संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए गए थे।

### एसपी ने न्यायालय परिसर के सुरक्षा का लिया जायजा

**खूंटी।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने गुरुवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था की स्थिति एवं आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय हाजत का भी निरीक्षण किया, जहां बंदियों की सुरक्षा, रख-रखाव तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए न्यायालय परिसर में सतत निगरानी बनाए रखने, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा आमजनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।


# शराब घोटाले में नवीन केडिया को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली जमानत

**एजेंसी। रांची**




झारखंड के चर्चित शराब घोटाले के आरोपित शराब कारोबारी नवीन केडिया को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने केडिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सशर्त जमानत प्रदान कर दी। साथ ही पांच लाख का बेल बॉन्ड निचली अदालत में जमा करने का निर्देश दिया है। निचली अदालत में पासपोर्ट जमा करने, बेलर उनका निकट रिश्तेदार होने, मोबाइल नंबर और ईमेल देने, अनुसंधानकर्ता के द्वारा बुलाने पर सशरीर उपस्थित होने सहित कुछ शर्त भी लगाई है। मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनुभा रावत चौधरी की अदालत में हुई। प्रार्थी की ओर से उच्चतम न्यायालय के वरीय अधिवक्ता देवाशीष भारूका ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान एसबी के सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल सुमित गाड़ोदिया ने जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला में केडिया की संलिप्तता है इसलिए जमानत न दी जाए। पिछली सुनवाई में अदालत ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इससे पहले केडिया ने एसीबी की विशेष अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी, लेकिन अदालत ने बेल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नवीन केडिया ने निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय से उसकी जमानत याचिका पूर्व में खारिज हो चुकी थी, उस समय वह फरार चल रहा था। दरअसल, नवीन केडिया पर पूर्व की उत्पाद नीति के दौरान झारखंड में निम्न गुणवत्ता वाली देसी शराब की आपूर्ति का आरोप है। नवीन केडिया को 7 जनवरी 2026 को गोवा से गिरफ्तार किया गया था और 9 जनवरी 2026 को गोवा की अदालत ने केडिया को चार दिन की अंतरिम जमानत दी थी। अंतरिम जमानत की शर्तों में यह स्पष्ट था कि नवीन केडिया को 12 जनवरी 2026 तक एसीबी रांची के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा, जिसके बाद उसे पुलिस हिरासत में लिया जाना था। आरोपित ने न तो एसीबी के समक्ष आत्मसमर्पण किया और न ही झारखंड की अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होकर जमानत याचिका दायर की। इसके बजाय, केडिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने की अनुमति मांगी थी, जिसे अदालत ने झारखंड हाई कोर्ट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2025 के तहत अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि पहली पेशी के लिए भौतिक उपस्थिति अनिवार्य है।

## रांची में फिर बदला मौसम, तेज हवा के साथ झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को फिर से मौसम में करवट ली। तेज हवा के मध्यम दर्जे की झमाझम बारिश से मौसम काफी सुहाना हो गया। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान रांची सहित राज्य भर में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक बारिश 85.2 मिलीमीटर पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा रांची में 9.7 मिमी, चाईबासा में 71.3 मिमी, गुड़ाबांधा में 57.4 मिमी, मैथन डीवीसी 45.2, जामताड़ा में 44.6, जमशेदपुर में 13 मिलीमीटर, मैथन में 41.4, खूंटी में 40.5 मिमी, जामताड़ा में 39.4, चक्रधरपुर में 37.2, गोविंदपुर में 34.4 मिमी और बोकारो थर्मल में 32.4 मिमी सहित अन्य इलाकों में बारिश दर्ज की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 42.7 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102**
email:gm_mdnjseb@yahoo.in/ **Telephone:-06562-295539**

**e-TENDER** Cancelation Notice

Due to some unavoidable reasons **e-tender Notice No.07/PR/JBVNL /2026-27** (Regarding empanelment of Transportation works) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby cancelled.:-

Earnest Money deposited by the tendered against the above E-NIT is released.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR No. 377002**

**Sd/-**
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Medininagar**

PR 378775 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking),**
**JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.**
**Ph No.: +91-651-2225878,CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com**

NIT No.: JUIDCO/NIT/BS/Manjhiaon/694 Date- 29.04.2026

**Corrigendum – 1**


| | |
|---|---|
| Name of Work | CONSTRUCTION OF MANJHIAON BUS STAND, GARHWA, JHARKHAND |
| NIT No. | JUIDCO/NIT/BS/Manjhiaon/694 |
| Tender ID | 2026_UDD_112705_1 |
| Ref PR No. | 377005 |

| Sl. No. | As e-Procurement Website | | As per Corrigendum |
|---|---|---|---|
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 29.04.2026 at 15:00 Hrs. | 04.05.2026 at 17:00 Hrs. |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 30.04.2026 at 15:00 Hrs. | 05.05.2026 at 17:00 Hrs. |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Sd/-**
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd, Ranchi**

**PR 378842 Urban Development(26-27)#D**



# हम सब फिर से बुमराह के नाम का गाना गाएंगे: पोलार्ड




**मुंबई (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह के लिए आईपीएल 2026 बेहद निराशाजनक साबित हुआ है। उन्हें विकेट नहीं मिल रहे, साथ ही उनकी गेंदों पर रन भी बन रहे हैं। गुरुवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेला गया। जसप्रीत बुमराह के रहते मुंबई इंडियंस वानखेड़े में 243 रन का बचाव नहीं कर सकी। बुमराह ने अपने 4 ओवर के स्पेल में बिना कोई विकेट लिए 54 रन दिए। आईपीएल करियर में बुमराह का यह तीसरा सबसे महंगा स्पेल था। मुंबई की लगातार असफलता में बुमराह की असफलता भी एक कारण है। इस वजह से उनकी आलोचना हो रही है। आलोचनाओं के बीच इस सुपरस्टार गेंदबाज को अपनी टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड का समर्थन मिला है।

बुमराह के फॉर्म से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए पोलार्ड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम बदकिस्मत हैं, आप जानते हैं, कि हम हमेशा लोगों की नजरों में रहते हैं। इसलिए जब हम बुरा करते हैं, तो उसे हमेशा हाईलाइट किया जाता है। लेकिन जब आम लोगों के पास नौकरी होती है और वे गलत ईमेल भेजते हैं, तो उनके पास शब्दों को एडिट करने और इन सब चीजों का मौका होता है। हमारे पास मौका नहीं है। इसलिए जब आप अच्छा नहीं कर रहे होते हैं, तो यह सही और ठीक है, आप कुछ चीजों को मान लेते हैं। और उस इंसान को जानने के बाद, मुझे पता है कि वह और भी ज्यादा ऊंचाइयों के साथ वापसी करेगा और विकेट लेगा।'


उन्होंने कहा, 'हम सब, फिर से, 'बुमराह, बुमराह' गाने वाले हैं, न सिर्फ मुंबई इंडियंस के लिए, बल्कि इंडिया के लिए भी। तो, फिर से, उसे थोड़ी मोहलत देते हैं।' पोलार्ड ने मुंबई के प्रदर्शन पर कहा, 'प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। यह कुछ ऐसा है जिससे आप पीछे नहीं हट सकते। आप बैठकर इसकी हर छोटी-छोटी बात को समझने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन, फिर से, सब मिलाकर, मुझे लगता है कि हम उतने अच्छे नहीं रहे हैं। टीम ने भरोसा नहीं खोया है और बाकी टूर्नामेंट में चीजों को बदलने के लिए पक्का इरादा रखती है।' पोलार्ड ने कहा, 'दो टीमें खेलती हैं। आप कभी जीतते हैं, कभी हारते हैं। हम हारने वाली साइड में रहे हैं। हमने यह मान लिया है। हमने इस टूर्नामेंट में हार नहीं मानी है क्योंकि हम इससे बाहर नहीं हुए हैं। हम अभी भी वापस जाकर देखना चाहते हैं कि हम टूर्नामेंट में कितना आगे बढ़ सकते हैं। '

## हेनरिक क्लासेन से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए पूछे साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने आईपीएल में बुधवार मुंबई इंडियंस के खिलाफ 65 रन की विस्फोटक पारी खेलने वाले एसआरएच के 34 वर्ष के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन की जमकर प्रशंसा की है। पीटरसन ने कहा है कि साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड को क्लासेन से 2027 में होने वाले वनडे विश्व वर्ल्ड कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होने के लिए कहना चाहिए। पीटरसन ने एक्स पर लिखा, 'साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड की तरफ से हेनरिक क्लासेन को फोन करके पूछा जाना चाहिए कि क्या वह इंटरनेशनल क्रिकेट में वापस आ सकते हैं। वह अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप को जीतने में उनके लिए अहम खिलाड़ी बन सकते हैं।' बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया था। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रयान रिकेल्टन के सिर्फ 55 गेंदों पर बनाए नाबाद 123 रन की मदद से 5 विकेट पर 243 रन बनाए थे। एसआरएच ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 249 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।

एसआरएच के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने तूफानी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 129 रन जोड़े। अभिषेक ने 24 गेंदों पर 45 और हेड ने 30 गेंदों पर 76 रन बनाए। एसआरएच को जीत तक ले जाने में क्लासेन का अहम योगदान रहा। क्लासेन ने 30 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए। जीत के बाद क्लासेन ने कहा, 'टीम के लिए योगदान देना अच्छा है। यह हमारे लिए एक शानदार जीत है और उम्मीद है कि हम इसे अपने घर पर दोहरा पाएंगे।' आईपीएल 2026 में हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं।

## चैंपियंसलीग सेमीफाइनल के पहले लेग में एटलेटिको-आर्सनल का मैच ड्रा



**आर्सेनल।** चैंपियंस लीग (ष्टरु) के पहले सेमीफाइनल में बुधवार रात एटलेटिको मैड्रिड और आर्सनल का मैच 1-1 से बराबर रहा। मेट्रोपॉलिटानो स्टेडियम में खेले गए मैच में दोनों गोल पेनल्टी से आए। विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सनल को बढ़त दिलाई। जूलियन अल्वारेज ने एटलेटिको के लिए बराबरी की। अब दोनों टीमों की नजरें अगले मंगलवार लंदन में होने वाले दूसरे लेग पर हैं। जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी।

मैच के 44वें मिनट में विक्टर ग्योकेरेस को बॉक्स में गिराया गया और आर्सनल को पेनल्टी मिली। ग्योकेरेस ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे किया।

56वें मिनट में मार्कोस लोरेंटे के शॉट पर बेन व्हाइट के हैंडबॉल के बाद (वीडियो असिस्टेंट रेफरी)रिव्यू से एटलेटिको को पेनल्टी मिली। जूलियन अल्वारेज ने गोल कर बराबरी की। 78वें मिनट में आर्सनल को एक और पेनल्टी मिली थी, लेकिन रिव्यू के बाद फैसला बदल दिया गया।

आर्सनल के कोच मिकेल अर्टेटा ने कहा कि इस मैदान पर खेलना आसान नहीं है और कई बड़ी टीमें यहां संघर्ष कर चुकी हैं। उन्होंने कहा,'हमें कई मौकों पर दबाव झेलना पड़ा, लेकिन हम एक शानदार स्थिति में हैं।

चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में होना गर्व की बात है। अब दूसरा लेग हमारे फैंस के सामने (लंदन में) होगा और मैच हमारे हाथ में है।' इसी सीजन के लीग फेज में आर्सनल ने एटलेटिको को अपने घर में 4-0 से हराया था।

### जूलियन अल्वारेज़ इंजरी के चलते बाहर हुए


एटलेटिको के पास मैच जीतने के कई मौके थे। 63वें मिनट में एंटोनी ग्रीजमैन का शॉट पोल से टकराया। एडमोला लुकमैन भी करीब से मौका चूक गए। ग्रीजमैन को इस मैच में 'मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर' चुना गया। वे इस समर में स्रूरु क्लब ऑरलैंडो सिटी जॉइन करने वाले हैं। आर्सनल 2006 में आखिरी बार चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा था, जहां उसे बार्सिलोना से हार मिली थी। एटलेटिको मैड्रिड 2016 में आखिरी बार फाइनल में पहुंचा था और रियल मैड्रिड से हार गया था। दोनों क्लबों ने अब तक चैंपियंस लीग नहीं जीती है। दूसरे लेग का विजेता फाइनल में बायर्न म्यूनिख से भिड़ेगा।

# रियान पर 'वेपिंग' के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया

### डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया

**नई दिल्ली ।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते दिखे थे। गुरुवार को आईपीएल की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पराग ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 को तोड़ने की बात मान ली है, जिसमें 'ऐसा व्यवहार जिससे खेल की बदनामी हो' शामिल है। आईपीएल की ओर से बयान में आगे कहा गया, 'यह घटना पंजाब किंग्स-आरआर मैच के दौरान आरआर की बल्लेबाजी के दौरान हुई। रियान को ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते देखा गया था। रियान ने गलती मान ली और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा लगाई गई सजा को मान लिया। '

ऐसा माना जाता है कि पराग के वेप इस्तेमाल करने के विजुअल अधिकारियों के ध्यान में आने के बाद, ऑन-फील्ड अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच रेफरी शर्मा को मामले की जानकारी दी। आईपीएल के कोड में वेपिंग का साफ तौर पर जिक्र नहीं है, लेकिन ड्रेसिंग रूम और खिलाड़ियों के जगह पर डेकोरम बनाए रखने पर जोर दिया गया है।



बयान में यह भी कहा गया है कि आरआर पर सख्त एक्शन लेने की भी तैयारी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) गलती करने वाली टीम, उसके अधिकारियों और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के लिए दूसरे विकल्प भी देख रहा है ताकि आईपीएल की प्रतिष्ठा बनी रहे।

आईपीएल के आर्टिकल 2.21 का मकसद ऐसे सभी तरह के कामों को देखना है जिनसे खेल की बदनामी होती है।

## मार्टा कोस्त्युक ने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मैड्रिड ।** मार्टा कोस्त्युक ने चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ 7-6(1), 6-0 से जीत हासिल करते हुए अपने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेनी खिलाड़ी अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में जगह बनाने के लिए लकी लूजर अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी। कोस्त्युक डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर पोटापोवा के खिलाफ 2-2 से बराबर हैं, लेकिन उन्होंने अपने पिछले दो मैच सीधे सेटों में जीते हैं, जिसमें पिछले साल मैड्रिड में उनका सबसे हालिया मैच भी शामिल है। दूसरे सेमीफाइनल में मीरा एंड्रीवा और हैली बैप्टिस्ट का मुकाबला होगा। पहले सेट में कुल मिलाकर आठ सर्व ब्रेक हुए। दोनों खिलाड़ियों को मनोलो सैंटाना स्टेडियम के ठंडे तापमान में सर्व पर संघर्ष करते देखा गया। कोस्त्युक ने ब्रेकर में शानदार खेल दिखाया और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



## मुरलीधरन बोले-IPL में 'बिग बिजनेस' का खेल

### फेयर मुकाबले नहीं, मनोरंजन जरूरी

**मुंबई (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के चीफ कोच मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि गेंदबाजों को मान लेना चाहिए कि उन्हें मार पड़ेगी। उनके अनुसार खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुक चुका है, इसलिए गेंदबाजों को इस स्थिति के साथ खुद को ढालना होगा। उन्होंने बुधवार को मुंबई में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में ढ्ढक्क में बल्ले और गेंद के संतुलन पर पूछे गए सवाल पर कहा कि यह टूर्नामेंट दर्शकों के मनोरंजन और स्पॉन्सरशिप के बिजनेस पर टिका है।



उन्होंने कहा,'अगर हम बॉलिंग फ्रेंडली विकेट देंगे, तो दर्शक इसे बोरिंग कहेंगे। लोग चौके-छक्के देखना चाहते हैं, इसीलिए 'इम्पैक्ट प्लेयर' जैसे नियम लाए गए हैं। अगर खेल से मनोरंजन खत्म हुआ तो स्पॉन्सर्स और लोगों की दिलचस्पी कम हो जाएगी। फिलहाल बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहेगा, गेंदबाजों को खुद को अपडेट करने में समय लगेगा।' हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में 244 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। इस सीजन में ऐसे बड़े रन चेज पहले भी हुए हैं। पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में 265 रन का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं हैदराबाद ने जयपुर में 229 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुरलीधरन ने खेल के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने कहा,'आजकल एक गेंदबाज के लिए परफॉर्म करना बहुत मुश्किल है। जब हम खेलते थे, तब पावरप्ले के 6 ओवरों में 40 से 50 रन को अच्छा स्कोर माना जाता था, लेकिन अब यह औसत 70 से 80 रन तक पहुंच गया है। अब हर टीम के पास ऐसे ओपनर्स हैं जो सिर्फ अटैक करना जानते हैं। उन्हें इस बात की परवाह नहीं होती कि गेंद अंदर आ रही है या बाहर।'

### 23 साल के सलील ने बुमराह को जड़ा नो लुक सिक्स

युवा बल्लेबाजों के निडर रवैये का उदाहरण देते हुए मुरलीधरन ने अनकैप्ड खिलाड़ी सलिल अरोड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा,'जसप्रीत बुमराह जैसा दिग्गज गेंदबाज भी अब छक्के खा रहा है। जब 23 साल का नया लड़का सलिल, बुमराह को 'नो-लुक सिक्स' मारता है, तो यह अविश्वसनीय है। पहले युवा सोचते थे कि बुमराह के सामने टिकना कैसे है, अब वे सोचते हैं कि उन्हें छक्का कैसे मारना है। मॉडर्न गेम के साथ कॉन्फिडेंस लेवल बहुत बढ़ गया है।'

# आईपीएल 2026 में बना नया कीर्तिमान

### 18वें सीजन में बना रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाजी ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जहां पहली पारी में बना बड़े से बड़ा स्कोर भी सुरक्षित नहीं रह गया है। आईपीएल 2026 में तो 200 या उससे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का नया रिकॉर्ड बन गया है। आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। एमआई पहली पारी में 243 रन बनाकर भी हार गई। इसके पहले अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 264 रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। ये दो मैच बस उदाहरण हैं। आईपीएल 2026 में ऐसा 10 बार हुआ है जब दूसरी पारी में 200 या उससे ज्यादा का लक्ष्य हासिल करते हुए टीमों ने जीत हासिल की है। यह आईपीएल का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले किसी भी सीजन में 10 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल नहीं हुआ था। आईपीएल 2026 का लगभग आधा सीजन बाकी है। ऐसे में 200 या उससे बड़े लक्ष्य को हासिल करने वाली संख्या बढ़ती सकती है। पुराना रिकॉर्ड 18वें सीजन (आईपीएल 2025) में बना था, जब टीमों ने 9 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया था।



आईपीएल 2026 में 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल करने वाली टीमों में आरसीबी (2 बार), मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स (3 बार), राजस्थान रॉयल्स (2 बार), और एसआरएच (2 बार) का नाम शामिल है।

आईपीएल में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है। पंजाब ने इसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 का लक्ष्य हासिल किया है, जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। दूसरे नंबर पर भी पंजाब ही है।

# आईपीएल 2026: शतक जीत की गारंटी नहीं

### 5 बल्लेबाजों की शतकीय पारी के बाद भी टीम हारी

**नई दिल्ली ।** टी20 में शतक लगाना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। किसी बल्लेबाज ने अगर टी20 मुकाबले में शतक लगा दिया, तो उसकी टीम की जीत सुनिश्चित मानी जाती है, लेकिन आईपीएल 2026 में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इस सीजन में शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की टीमें जीती हैं, लेकिन ऐसे बल्लेबाजों की संख्या ज्यादा है जिनके शतक उनकी टीम को जीत नहीं दिला सके। आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल तक 41 मैच खेले गए। इन 41 मैचों में 9 शतकीय पारियां आई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने 2, सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 1, मुंबई इंडियंस के तीन बल्लेबाजों तिलक वर्मा, क्विंटन डिकॉक और रयान रिकल्टन ने 1-1, दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल ने 1, गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 1 और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने 1 शतक लगाया है। कुल 9 शतकों में सिर्फ 4 बार ही ऐसा हुआ है जब टीमें जीती हैं। 5 बार शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की टीम हारी है।

सीएसके के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने सीजन में 2 शतक (दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस) लगाए हैं। दोनों मैचों में सीएसके को जीत मिली है। मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक लगाया था। मुंबई को इस मैच में जीत मिली थी। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाया था और इस मैच में उनकी टीम को जीत मिली थी।

मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने पंजाब किंग्स और रयान रिकल्टन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया था, लेकिन दोनों ही मैचों में मुंबई इंडियंस को हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए केएल राहुल ने अपने करियर की श्रेष्ठ पारी (152 रन) खेली थी, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ खेली गई यह पारी डीसी के काम नहीं आई और टीम को रिकॉर्ड हार का सामना करना पड़ा। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने आरसीबी के खिलाफ शतक लगाया, लेकिन उनकी टीम हारी। क्रिकेट की दुनिया में सेनसेशन बन चुके राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने एसआरएच के खिलाफ शतक लगाया था, लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था।



## न्यूज बाइट्स

### उच्च माध्यमिक बेला में मैट्रिक के टॉपर विद्यार्थियों का किया गया सम्मानित

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** देव प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला के प्रांगण में वर्ग नवम् के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह और वर्ग दशम् के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रितेश कुमार द्वारा एवं मंच संचालन शिक्षक मुकेश कुमार मेहता द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संबोधन के क्रम में शिक्षक मंतोष कुमार एवं डॉ विकास सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते उचित मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे,वही बच्चे अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने में सफलता प्राप्त करेंगे। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को समय का सही प्रयोग,अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी कौशल क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया।

### शहर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय

# सब्जी मंडी का होगा स्थानांतरण, 82 विक्रेताओं को शिफ्ट होने का आदेश

- फल विक्रेता – सिन्हा कॉलेज (फोरम क्षेत्र) के पास शिफ्ट होंगे
- सब्जी विक्रेता – नए जेल परिसर के समीप दुकान लगाएंगे
- काली क्लब परिसर में ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग को जाम का प्रमुख कारण माना गया



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद में शहर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में वर्तमान सब्जी मंडी को स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया। इस निर्णय के तहत शहर के 82 फल एवं सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित नए स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा।

प्रशासनिक निर्णय के अनुसार, फल विक्रेताओं को सिन्हा कॉलेज के पास फोरम क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा, जबकि सब्जी विक्रेताओं को नए जेल परिसर के समीप दुकान लगाने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का मानना है कि इस पुनर्व्यवस्था से शहर के मुख्य मार्गों पर लगने वाले जाम में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था सुचारु होगी।

बैठक में काली क्लब परिसर में ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग को भी जाम का बड़ा कारण माना गया। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए क्लब

प्रबंधन को परिसर में बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया, ताकि अनियंत्रित वाहन प्रवेश पर रोक लगाई जा सके। इसके अलावा ओल्ड जीटी रोड की ओर से सब्जी मंडी क्षेत्र में भी बैरिकेडिंग करने का निर्णय लिया गया है, जिससे यातायात को व्यवस्थित किया जा सके।

एसडीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सभी विक्रेता तुरंत नए स्थानों पर शिफ्ट होना सुनिश्चित करें। आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इस पूरी प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक में डीटीओ सुनंदा कुमारी, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने निर्णय के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# आकाशीय बिजली का कहर, दूल्हे के चाचा की मौत से मातम में बदला शादी का माहौल

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में खराब मौसम के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे शादी का खुशियों भरा माहौल अचानक मातम में बदल गया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय अक्षय कुमार के रूप में हुई है, जो मदनपुर थाना क्षेत्र के अटल बिगहा गांव के निवासी थे और अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए गम्हरिया गांव आए हुए थे। बताया जाता है कि शादी की रस्में पूरी हो चुकी थीं और विदाई से पहले समधी मिलन की तैयारी चल रही थी। इसी बीच अक्षय कुमार शौच के लिए खेत की ओर चले गए। उसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी-बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजन और बाराती उनकी खोजबीन करने लगे। तलाश के दौरान जब लोग खेत की ओर पहुंचे तो वहां उनका शव पड़ा मिला। यह दृश्य देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही माली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। परिजनों के अनुसार, अक्षय कुमार ने अपनी एक बेटी की शादी कर दी थी, जबकि अन्य बच्चों की जिम्मेदारी अभी उनके ऊपर थी। इस दर्दनाक घटना के बाद बाराती और सराती दोनों पक्षों में गहरा शोक व्याप्त है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में किराना व्यवसायी की हुई मौत, ड्राइवर फरार

**निज संवाददाता | नवीनगर(औरंगाबाद)**

जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय किराना व्यवसायी की मौत हो गई। घटना कोइरीडीह पथ स्थित बैरिया मोड़ के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी और रौंदते हुए फरार हो गया। मृतक की पहचान तोल गांव निवासी सनोज कुमार गुप्ता के रूप में हुई है, जो अपने घर पर किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया जाता है कि वह किसी जरूरी काम से बैरिया मोड़ की ओर पैदल जा रहे थे, तभी अचानक तेज गति से आ रही पिकअप ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिर पड़े और वाहन उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गया। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल सनोज कुमार गुप्ता को तुरंत नवीनगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और इलाके में आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची नवीनगर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष मृत्युंजय उपाध्याय ने बताया कि फरार पिकअप वाहन और चालक की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर है।

## सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह, महेंद्र प्रसाद को भावभीनी विदाई

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद में कार्यालय परिचरी के पद पर कार्यरत महेंद्र प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी दीर्घ सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह की अध्यक्षता सहायक अभियंता शुभ्रा जायसवाल ने की, जबकि संचालन ई. सूरज कुमार पाण्डेय ने किया।

## औरंगाबाद में तीन मई को पांच केंद्रों पर होगी नीट परीक्षा

औरंगाबाद (एसवीवी सं.)। जिले में तीन मई को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार जिले के 5 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2695 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर आयोजित ब्रीफिंग बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने केंद्रों पर सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं, ताकि परीक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए। परीक्षार्थियों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि वे सुबह 11 बजे से दोपहर 1:40 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केंद्र के मुख्य द्वार पर प्रवेश पत्र की सघन जांच की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिसमें महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए महिला पुलिस बल भी शामिल है। प्रत्येक केंद्र पर गोपनीय जांच कक्ष बनाए गए हैं, जहां अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी। जिन केंद्रों पर चहारदीवारी नहीं है, वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया जाएगा। प्रशासन ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। किसी भी परीक्षार्थी के पास प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा कार्य में लगे शिक्षक और कर्मियों को भी मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। केवल एक कंप्यूटर जानकार कर्मी को सीमित उपयोग की अनुमति दी गई है, जो केंद्राधीक्षक के नियंत्रण में कार्य करेगा।

इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 200 से 300 मीटर की परिधि में साइबर कैफे, फोटो कॉपी और प्रिंटिंग दुकानों को परीक्षा अवधि के दौरान बंद रखने का आदेश दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार की संभावना को रोका जा सके। बैठक में संतन कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सहित सभी केंद्राधीक्षक और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनएं
पॉपुलर मेडिकल हॉल
ओल्ड जी.टी. रोड औरंगाबाद
अंग्रेजी दवा के विक्रेता
प्रो.- प्रकाश सिन्हा



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

## संदेश

मई दिवस, 2026 के अवसर पर राज्य के सभी श्रमिक भाई–बहनों को मैं हार्दिक बधाई देता हूँ। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में श्रमिक बन्धुओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा उसका औद्योगिक विकास, उत्पादकता एवं विकासशील गतिविधियाँ श्रमिकों की कार्य कुशलता एवं उनकी मेहनत करने की क्षमता पर ही निर्भर करती है।

मई दिवस सम्पूर्ण विश्व में श्रमिकों की एकता एवं संघर्ष को याद दिलाता है एवं इस अवसर पर हम सभी श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट करते हैं। श्रमिक बंधुओं के अथक प्रयास एवं अदम्य साहस हमारे लिए प्रेरणादायक हैं। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए श्रमिकों का समग्र प्रयास एकता का अद्वितीय मिसाल है। सरकार इनके अधिकारों की सुरक्षा के साथ श्रमिक बन्धुओं के सबलीकरण हेतु सतत प्रयासरत है। श्रमिक बन्धुओं, विशेषकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने हेतु श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा कई योजनाओं एवं श्रम अधिनियमों का संचालन एवं प्रवर्त्तन किया जा रहा है।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 002098 (LRD)D. 2026-27

बिहार सरकार
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

## संदेश

बिहार के श्रमिक न केवल अपने राज्य, बल्कि पूरे देश के विकास की धड़कन हैं। दिल्ली का मेट्रो हो, पंजाब का खेत हो या मुंबई की गगनचुंबी इमारतें, हर जगह बिहार के श्रमिकों के पसीने की महक बसी है। "मई दिवस" का यह अवसर विशेष रूप से उन श्रमिकों को समर्पित है जो अपने घर–परिवार से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। आज का युग तकनीक और नवाचार का है, और हमारे श्रमिकों को इस बदलते परिवेश के साथ तालमेल बिठाने के लिए उनके कौशल विकास की नितांत आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर हम न केवल श्रम का सम्मान करते हैं, बल्कि श्रमिकों के 'स्किल अपग्रेडेशन' पर भी जोर देते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर श्रमिक को सामाजिक सुरक्षा का कवच मिले, चाहे वह देश के किसी भी कोने में कार्य कर रहे हों। श्रमिकों का कल्याण केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा और परिवार के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी समाज और सरकार की है।

आइए, आज हम यह सुनिश्चित करें कि समाज का हर वर्ग श्रमिकों के प्रति सम्मान का भाव रखे। आपकी मेहनत ही राज्य की आर्थिक उन्नति का आधार है। हम आपके उज्जवल भविष्य और सुखद जीवन की मंगलकामना करते हैं।

(विजय कुमार चौधरी)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.-002096 (LRD)D. 2026-27

श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनएं
आयुष राईस मिल प्रा. लि.
ग्रोथ सेन्टर, जसोईया, औरंगाबाद
उत्तम किस्म के चावल निर्माता एवं विक्रेता
किसानों के लिए विशेष सुविधा



प्रो. प्रतीक जी

श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
श्री शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर, जसोईया, औरंगाबाद


5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार। शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता

COMFED
श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनएं
सुधा
हर रंग बने यादगार
जब सुधा हो हर बार


रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट
डिहरी ऑन सोन (रोहतास)
अमित आनंद
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी